शुक्रवार, 1 अगस्त 2025

मौसम

तापमान 27 – 31
आर्द्रता 96%
सूर्योदयः 5:08 सूर्यास्तः 18:17

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, श्रावण शुक्लपक्ष अष्टमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



रोग की पहचान में निष्पक्ष रहें, व्यवहार में सहानुभूति रखें : द्रौपदी मुर्मू पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : शक्ति शारीरिक क्षमता से नहीं आती। यह अदम्य इच्छाशक्ति से आती है।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री की बड़ी घोषणा

# ममता ने दुर्गा पूजा समितियों को मिलने वाला अनुदान 25 हजार रुपये बढ़ाया

- 45,000 से ज्यादा पूजा समितियों को इस बार 1.10 लाख रुपये करके मिलेंगे
- पूजा समितियों को बिजली बिल में भी इस बार 80 प्रतिशत छूट की घोषणा
- दो से चार अक्टूबर तक विसर्जन, पांच अक्टूबर को होगा पूजा कार्निवल



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में दुर्गा पूजा समितियों को मिलने वाले वार्षिक अनुदान में पिछले साल के मुकाबले इस बार 25 हजार रुपये की बंपर बढ़ोतरी कर 85 हजार से सीधे 1.10 लाख रुपये कर दिया है। गुरुवार को कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में राज्यभर के दुर्गा पूजा आयोजकों और पुलिस-प्रशासन के साथ आयोजित वार्षिक समन्वय बैठक में मुख्यमंत्री ने इसकी घोषणा की। इस बार, प्रत्येक दुर्गा पूजा समिति को 85 हजार के बजाय 1.10 लाख रुपये मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यभर में 45,000 से ज्यादा पूजा समितियां हैं, जिसे इसका लाभ मिलेगा। ममता ने इसके साथ ही हर साल की तरह पूजा कमेटियों के लिए बिजली बिल में छूट सहित कई अन्य सुविधाओं की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीइएससी एवं राज्य विद्युत वितरण बोर्ड की ओर से दुर्गा पूजा कमेटियों को इस बार बिजली बिल में 80 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। पिछले साल बिजली बिल में 75 प्रतिशत की छूट दी गई थी। ममता ने इसके साथ ही कहा कि पूजा कमेटियों को फायर लाइसेंस के लिए भी कोई शुल्क नहीं देना होगा। ममता ने कहा कि इस साल दो से चार अक्टूबर तक सभी दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन करना होगा। इस बार, पांच अक्टूबर को पूजा कार्निवल आयोजित किया जाएगा। समन्वय बैठक में कोलकाता की सभी प्रमुख पूजा कमेटियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। वहीं, वर्चुअल माध्यम से सभी जिला प्रशासन और जिलों की पूजा कमेटियां भी बैठक से जुड़े थे। बैठक में कोलकाता के मेयर व मंत्री फिरहाद हकीम सहित कई अन्य मंत्री, राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत, गृह सचिव नंदिनी चक्रवर्ती, डीजीपी राजीव कुमार, कोलकाता के पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा सहित अन्य आला अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने पूजा को लेकर दिए कई निर्देश

समन्वय बैठक में मुख्यमंत्री ने शांतिपूर्वक पूजा आयोजन को लेकर पुलिस को कई निर्देश दिए। ममता ने पूजा आयोजकों से कहा कि कोई अप्रिय घटना से बचने के लिए पंडाल का प्रवेश एवं निकास द्वार अलग-अलग होना चाहिए। सभी पंडालों में अग्नि सुरक्षा उपाय करने पर उन्होंने जोर दिया। प्रशासन को आपातकालीन स्थिति के लिए डाक्टर, नर्स, एंबुलेंस की समुचित व्यवस्था करने को कहा। पूजा के दौरान हेल्पलाइन नंबर भी सक्रिय रखे जाएं। पूजा के दौरान भीड़ को नियंत्रण में रखने के लिए मुख्यमंत्री ने पूजा समितियों से बार-बार माइक पर घोषणा करने का अनुरोध किया। ममता ने पुलिस से पूजा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था के सुचारू संचालन का भी निर्देश दिया। कहा कि पूजा पंडालों के चलते सड़क अवरुद्ध नहीं होनी चाहिए। आम लोगों को कोई दिक्कत न हो इसका प्रशासन ख्याल रखे। उन्होंने पुलिस को पूजा कमेटियों के साथ लगातार समन्वय रखने को कहा।

### जिलों की पूजा की ममता ने की सराहना

ममता ने जिलों की दुर्गा पूजा पंडालों की इस बार भी जमकर सराहना की। ममता ने कहा कि आज जिलों से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। जिलों में बहुत अच्छे-अच्छे व आकर्षक थीम वाले पंडाल बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में पूजा समितियों की संख्या हर साल बढ़ रही है।

## अदालतें खास राशि जमा करने के आश्वासन पर जमानत न दें : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालयों और निचली अदालतों को निर्देश दिया है कि वे किसी आरोपी या उसके परिवार के सदस्यों की ओर से निर्धारित रकम जमा करने के लिए दिए गए शपथपत्र के आधार पर जमानत आदेश पारित न करें। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस प्रथा को रोकना होगा। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि वादी अदालतों को गुमराह कर रहे हैं और उच्च न्यायालय तथा निचली अदालतें नियमित या अग्रिम जमानत के अनुरोध वाली याचिका पर मामले के गुण-दोष के आधार पर फैसला लेंगी। पीठ ने कहा, इस आदेश के जरिये हम यह स्पष्ट करते हैं और वह भी निर्देशों के रूप में कि अब से कोई भी निचली अदालत या उच्च न्यायालय किसी भी ऐसे शपथपत्र पर नियमित जमानत या अग्रिम जमानत देने का आदेश पारित नहीं करेगा, जिसे आरोपी उचित राहत पाने के मकसद से पेश करने के लिए तैयार हो।

# अमेरिकी 'टैरिफ' के प्रभावों का आकलन कर रहे हैं, राष्ट्रीय हितों के लिए हर जरूरी कदम उठाएंगे: गोयल



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को संसद में कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए आयात शुल्क (टैरिफ) के प्रभावों का आकलन किया जा रहा है तथा राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करने और आगे बढ़ाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। गोयल ने यह भी कहा कि मोदी सरकार किसानों, श्रमिकों, उद्यमियों, निर्यातकों, एमएसएमई तथा उद्योग जगत के सभी हितधारकों की रक्षा और संवर्धन को सर्वोच्च महत्व देती है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से आयातित वस्तुओं पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क और जुर्माना लगाने की बुधवार को घोषणा की। यह शुल्क एक अगस्त से प्रभावी हो जाएगा। गोयल ने लोकसभा में दिए वक्तव्य में अमेरिका के साथ बातचीत के बारे में जानकारी दी और कहा कि दोनों पक्षों के बीच दिल्ली और वाशिंगटन में आमने-सामने की चार बैठकें हुईं तथा कई बार डिजिटल माध्यम से बातचीत हुई। उन्होंने कहा, ''मूल रूप से अतिरिक्त टैरिफ नौ अप्रैल से प्रभावी होने वाला था, लेकिन इसे 10 अप्रैल को पहले 90 दिनों तक स्थगित कर दिया गया और बाद में एक अगस्त तक बढ़ा दिया गया।'' गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका ने मार्च 2025 में एक न्यायपूर्ण, संतुलित और पारस्परिक लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू की थी, जिसका लक्ष्य अक्टूबर नवम्बर 2025 तक समझौते के पहले चरण को पूरा करना था। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने 29 मार्च 2025 को नयी दिल्ली में आयोजित पहली बैठक की चर्चा के दौरान द्विपक्षीय बातचीत शुरू करने के लिए विस्तृत संदर्भ शर्तें (टीओआर) को अंतिम रूप दिया। उन्होंने कहा, ''इसके बाद दोनों पक्षों के बीच दिल्ली और वाशिंगटन डीसी में चार दौर की आमने सामने वाली बैठक हुई, ताकि निर्धारित टीओआर के अनुसार द्विपक्षीय व्यापार समझौते के अंतिम रूप के लिए काम किया जा सके। इसके अलावा दोनों पक्षों के बीच कई वर्चुअल बैठकें भी हुईं।'' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार हालिया घटनाक्रम से होने वाले प्रभावों का परीक्षण कर रही है। उन्होंने कहा, ''वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय निर्यातकों और उद्योग सहित सभी हितधारकों से संवाद कर इस विषय पर उनके आकलन की जानकारी ले रहा है।''

# 'सबसे बड़ा सवाल रोहिंग्या शरणार्थी हैं या घुसपैठिए?'
## सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान किया सवाल

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि रोहिंग्याओं से जुड़े मामलों में सबसे पहला बड़ा मुद्दा यह है कि वे शरणार्थी हैं या अवैध रूप से प्रवेश करने वाले हैं। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि जब यह तय हो जाएगा, तभी बाकी मुद्दों पर आगे बढ़ा जा सकता है। देश में रह रहे रोहिंग्याओं से जुड़े मामलों की याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह टिप्पणी की। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, सबसे बड़ा मुद्दा बहुत सीधा है- क्या वे शरणार्थी हैं या अवैध रूप से भारत में घुसे हैं? पीठ ने कहा कि इस मामले में कई मुख्य बिंदु हैं, जिन्हें देखा जाना जरूरी है। कोर्ट ने पूछा- क्या रोहिंग्याओं को शरणार्थी घोषित किए जाने का अधिकार है? अगर हां, तो उन्हें कौन-कौन से संरक्षण, सुविधाएं और अधिकार मिलने चाहिए?इसके बाद पीठ ने दूसरा मुद्दा उठाया- अगर रोहिंग्या शरणार्थी नहीं हैं और अवैध घुसपैठिए हैं, तो क्या केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से उन्हें वापस भेजने की कार्रवाई उचित है? शीर्ष कोर्ट ने एक और सवाल उठाया- अगर उन्हें अवैध माना गया है, तो क्या उन्हें अनिश्चितकाल तक हिरासत में रखा जा सकता है या फिर कोर्ट की तय शर्तों के अनुसार जमानत पर रिहा किया जा सकता है? इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी मुद्दा उठाया कि जो रोहिंग्या हिरासत में नहीं हैं और शरणार्थी शिविरों में रह रहे हैं, उन्हें क्या पीने का पानी, सफाई और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं मिल रही हैं? कोर्ट ने यह भी पूछा- अगर रोहिंग्या अवैध घुसपैठिए हैं, तो क्या भारत सरकार और राज्य सरकारें उन्हें कानून के मुताबिक वापस भेजने की जिम्मेदारी निभा रही हैं? सुप्रीम कोर्ट ने इन याचिकाओं को तीन समूहों में बांटा- पहली श्रेणी रोहिंग्याओं से संबंधित याचिकाओं की, दूसरी जो उनसे संबंधित नहीं हैं और तीसरी एक अलग विषय से जुड़ी याचिका की।

# मालेगांव विस्फोट मामला : विशेष अदालत ने प्रज्ञा ठाकुर समेत सभी सातों आरोपियों को बरी किया



**मुंबई :** मालेगांव विस्फोट में छह लोगों की मौत होने के करीब 17 साल बाद एक विशेष अदालत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सभी सातों आरोपियों को बृहस्पतिवार को बरी करते हुए कहा कि उनके खिलाफ कोई ''विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं हैं।'' अदालत ने कहा कि कोई भी धर्म हिंसा नहीं सिखाता है। उसने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन अदालत सिर्फ धारणा के आधार पर दोषी नहीं ठहरा सकती। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के मामलों की सुनवाई के लिए यहां नियुक्त विशेष न्यायाधीश ए के लाहोटी ने अभियोजन पक्ष के मामले और जांच में कई खामियों को उजागर किया और कहा कि आरोपी व्यक्ति संदेह का लाभ पाने के हकदार हैं। मुंबई से लगभग 200 किलोमीटर दूर मालेगांव शहर में 29 सितंबर 2008 को एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल में लगाए गए विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से छह लोगों की मौत हो गयी थी और 101 अन्य लोग घायल हो गए थे। इस मामले के आरोपियों में ठाकुर, पुरोहित, मेजर (सेवानिवृत्त) रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी शामिल थे। अदालत ने जैसे ही सातों आरोपियों को बरी करने का फैसला सुनाया तो उन सभी के चेहरों पर मुस्कान छा गयी और उन्होंने राहत की सांस ली। उन्होंने न्यायाधीश और अपने वकीलों का आभार जताया। न्यायाधीश ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि मामले को संदेह से परे साबित करने के लिए कोई ''विश्वसनीय और ठोस'' सबूत नहीं है। अदालत ने कहा, ''मात्र संदेह वास्तविक सबूत की जगह नहीं ले सकता।'' साथ ही, उसने यह भी कहा कि किसी भी सबूत के अभाव में आरोपियों को संदेह का लाभ मिलना चाहिए। न्यायाधीश ने फैसला पढ़ते हुए कहा, ''कुल मिलाकर सभी साक्ष्य अभियुक्तों को दोषी ठहराने के लिए विश्वसनीय नहीं हैं। दोषसिद्धि के लिए कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं है।''

### मालेगांव विस्फोट मामले में सातों आरोपियों का बरी होना 'सत्यमेव जयते' की सजीव उद्घोषणा: योगी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को मालेगांव विस्फोट मामले में सभी सात आरोपियों को बरी किए जाने को 'सत्यमेव जयते' की सजीव उद्घोषणा करार दिया। योगी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मालेगांव विस्फोट मामले में सभी आरोपियों का निर्दोष सिद्ध होना 'सत्यमेव जयते' की सजीव उद्घोषणा है।

# देश को मिलेंगे 4 नए रेल नेटवर्क, मोदी कैबिनेट ने दी मंजूरी

- अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देंगी : प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने रेल मंत्रालय की लगभग 11169 करोड़ रुपए की 4 परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं के जरिए रेल नेटवर्क के विस्तार के बारे में बात करते हुए कहा गया है कि महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड के 13 जिलों को कवर करने वाली ये 4 परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 574 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी। लाइन क्षमता के विस्तार से गतिशीलता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा।नई परियोजनाओं में इटारसी और नागपुर के बीच चौथी लाइन का निर्माण, औरंगाबाद (छत्रपति संभाजीनगर) और परभणी के बीच रेलवे लाइन का दोहरीकरण तथा अलुआबाड़ी रोड और न्यू जलपाईगुड़ी एवं डांगोआपोसी और जरोली के बीच तीसरी व चौथी लाइन का निर्माण शामिल है। लाइन क्षमता के विस्तार से गतिशीलता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा। ये 'मल्टी-ट्रैकिंग' प्रस्ताव परिचालन को सुव्यवस्थित करने और भीड़भाड़ को कम करने के लिए हैं।

सरकार के अनुसार, इन परियोजनाओं की योजना 'पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान' के तहत बनाई गई है, जिसमें एकीकृत योजना और हितधारक परामर्श के माध्यम से मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और रसद संबंधी दक्षता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

# बिहार में मसौदा मतदाता सूची में नाम शामिल कराने या हटाने के लिए एक महीने का समय मिलेगा : सीईसी

**नयी दिल्ली :** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि राजनीतिक दलों और मतदाताओं को एक अगस्त को प्रकाशित होने वाली बिहार की मसौदा मतदाता सूची में पात्र नागरिकों के नाम शामिल कराने और अपात्र लोगों के नाम हटाने के लिए एक महीने का समय दिया जाएगा। मतदाताओं के लिए जारी एक बयान में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि राज्य की मतदाता सूची के जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत बिहार के लिए मतदाता सूची का मसौदा शुक्रवार को प्रकाशित किया जाएगा। कुमार ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) द्वारा बिहार के सभी 38 जिलों में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को भौतिक के साथ-साथ डिजिटल प्रतियां प्रदान की जाएंगी। उन्होंने कहा, ''बिहार के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) और 243 निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) उस विधानसभा क्षेत्र के किसी भी मतदाता या किसी भी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल को एक अगस्त से एक सितंबर तक आगे आकर दावे और आपत्तियां प्रदान करने का अवसर देंगे ताकि किसी भी छूटे हुए पात्र मतदाता का नाम जोड़ा जा सके, किसी भी अपात्र मतदाता का नाम हटाया जा सके या मसौदा सूची की किसी भी प्रविष्टि में सुधार किया जा सके।''




# भारत, रूस अपनी 'मृत अर्थव्यवस्थाओं' को एक साथ गर्त में ले जा सकते हैं : ट्रंप



**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत और रूस के करीबी संबंधों को लेकर उन पर तीखा प्रहार किया और कहा कि दोनों देश अपनी ''मृत अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ गर्त में'' ले जा सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने नयी दिल्ली और मॉस्को की आलोचना करते हुए यह टिप्पणी तब की है जब कुछ घंटों पहले उन्होंने भारत के खिलाफ 25 प्रतिशत शुल्क लगाने और रूस के साथ उसके व्यापार के लिए ''जुर्माना'' लगाने की घोषणा की। उन्होंने कहा, ''मुझे परवाह नहीं है कि भारत, रूस के साथ क्या करता है। वे एक साथ अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को गर्त में ले जा सकते हैं, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता है।'' अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ''हमने भारत के साथ बहुत कम व्यापार किया है, उनके शुल्क बहुत अधिक हैं।'' ट्रंप ने एक अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत से अधिक शुल्क लगाने की बुधवार को घोषणा की थी। उन्होंने रूस से कच्चा तेल और सैन्य उपकरण खरीदने के लिए भी भारत पर जुर्माना लगाने की घोषणा की। यह आश्चर्यजनक घोषणा ऐसे समय में की गई है जब इससे एक दिन पहले ही भारतीय अधिकारियों ने कहा था कि एक अमेरिकी व्यापार दल व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए 25 अगस्त से भारत का दौरा करेगा। इस घोषणा को भारत पर अमेरिका की मांगों को मानने के लिए दबाव बनाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है, जिसने हाल ही में जापान, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) जैसे प्रमुख साझेदारों के साथ अनुकूल व्यापार समझौते किए हैं।

### ट्रंप ने 'विशाल तेल भंडार' विकसित करने के लिए पाकिस्तान के साथ व्यापार समझौते की घोषणा की

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है और कहा है कि अमेरिका विशाल तेल भंडार विकसित करने के लिए पाकिस्तान के साथ काम करेगा। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि ट्रंप पाकिस्तान में किस विशाल तेल भंडार की बात कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर यह भी सवाल उठाया कि क्या पाकिस्तान कभी भारत को तेल बेच सकता है। ट्रंप ने बुधवार को 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में कहा, हमने अभी-अभी पाकिस्तान के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत अमेरिका पाकिस्तान के विशाल तेल भंडार को विकसित करने के लिए मिलकर काम करेगा।

### अमेरिका ने ईरानी पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री और खरीद को लेकर छह भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने ईरानी मूल के पेट्रोकेमिकल उत्पादों की ''महत्वपूर्ण'' बिक्री और खरीद के लिए छह भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को कहा, ''ईरानी सरकार अपनी अस्थिरताकारी गतिविधियों के लिए धन जुटाने हेतु पश्चिम एशिया में संघर्ष को बढ़ावा दे रही है। आज, अमेरिका ऐसे राजस्व के प्रवाह को रोकने के लिए कदम उठा रहा है, जिसका इस्तेमाल यह सरकार विदेशों में आतंकवाद को समर्थन देने और अपने ही लोगों को दमन करने में करती है।'' उसने ईरानी पेट्रोलियम, पेट्रोलियम उत्पादों या पेट्रोकेमिकल व्यापार में शामिल 20 वैश्विक संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की।

## जीवन-व्यवहार में हताश करता सोशल मीडिया

अपने हालिया अध्ययन में यूरोपीय आयोग ने चिंता जतायी है कि सोशल मीडिया पर अतिसक्रियता से युवा पीढ़ी तनाव व थकान से जूझ रही है। इस संकट को लेकर भारतीय समाजविज्ञानी, चिकित्सक व मीडिया भी लंबे समय से चेतावनी देता रहा है। लेकिन जब कोई मुहिम व अध्ययन पश्चिमी जगत से आता है तो हम उसे विशेष महत्व देने लगते हैं। अब जब यूरोपीय आयोग जेनरेशन जेड को लेकर अपने निष्कर्ष सामने ला रहा है तो भारत में नये सिरे से उसकी चर्चा होने लगी है। विडंबना यह है कि पिछली सदी के अंतिम वर्षों से लेकर इस सदी के पहले दशक में पैदा हुए बच्चों की यह पहली पीढ़ी है, जिसे कम उम्र में ही सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों से रूबरू होने का मौका मिल गया था। यह पीढ़ी पारंपरिक मानकों को चुनौती देकर अपना नया आकाश तलाशने की जद्दोजहद में जुटी रही है। इस पीढ़ी ने परंपरागत जीवन मूल्यों को तिलांजलि देकर अपनी महत्वाकांक्षाओं को अंजाम दिया। साथ ही नये नजरिये की जीवनशैली का अंगीकार किया। यह पीढ़ी डिजिटल युग के साथ कदमताल करती नजर आई। इंटरनेट के विस्तार के साथ वह सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्मों के साथ सहज दिखी। लेकिन काल्पनिक धरातल पर उगा सोशल मीडिया इस पीढ़ी को यथार्थ से बहुत दूर ले गया। फलत: कठोर यथार्थ से जूझते हुए यह पीढ़ी कल्पना व वास्तविकता के द्वंद्व के चलते तनाव व असहजता के भंवर में जा फंसी। इस बात की पुष्टि यूरोपीय आयोग का अध्ययन भी करता है। आयोग कहता है कि लगातार सोशल मीडिया में सक्रियता के चलते युवाओं में चिंता, मानसिक थकान, कुछ खोने का भय व मोबाइल में चिपके रहने की विसंगतियां सामने आई हैं। यहां उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 के विश्व खुशी सूचकांक रिपोर्ट में भी इन खतरों की तरफ इशारा किया गया था। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि युवा वर्ग सबसे अधिक दुखी है। चौंकाने वाली बात यह थी कि उनमें तनाव व डिप्रेशन की वजह पढ़ाई या कैरियर की चिंता नहीं थी बल्कि इसकी मूल वजह सोशल मीडिया ही था।

वास्तव में हमने कोरोना संकट से उबरने के लिये जिस ऑनलाइन व्यवस्था को अस्त्र के रूप में अपनाया था, कालांतर वह ही शस्त्र बनकर युवा पीढ़ी को जख्मी करने लगा। उल्लेखनीय है कि विश्वव्यापी कोरोना महामारी के दौरान जब संचार बंदी लागू हुई तो पूरी दुनिया में जनजीवन ठप पड़ गया। जिसके चलते घरों में कैद लोगों को इंटरनेट ही अंतिम सहारा नजर आया। धीरे-धीरे युवाओं का जीवन इंटरनेट पर बहुत ज्यादा आश्रित हो गया। जहां छात्रों की पढ़ाई ऑनलाइन कक्षाओं पर निर्भर हो गई, वहीं मनोरंजन की दुनिया भी मोबाइल आदि तक सिमट कर रह गई। वहीं दूसरी ओर युवाओं के लिये शिक्षा व कैरियर का दबाव यथावत बना रहा। लेकिन एक हकीकत यह है कि जीवन व्यवहार में सब कुछ ऑनलाइन हो पाना संभव नहीं है। जीवन तो हमारी कठोर वास्तविकता और सामाजिक सहभागिता से ही चलता है। वैसे फिलहाल हमारा वैश्विक परिवेश भी कम उथल-पुथल वाला नहीं है। जब तक दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं कोरोना काल में लगे झटके से उबर पाती, दुनिया में कई युद्धों व क्षेत्रीय संघर्षों ने पूरी दुनिया की आर्थिकी की स्वाभाविक गति को रोक दिया। निस्संदेह, रूस-यूक्रेन युद्ध, इस्राइल-हमास संघर्ष व इस्राइल तथा ईरान के बीच हुए संघर्ष ने विश्व विकास की स्वाभाविक गति को बाधित किया, जिसका नकारात्मक प्रभाव युवा पीढ़ी पर पड़ा। वहीं वैश्विक टकराव के अलावा युवाओं के अपने राष्ट्रों की विषम स्थितियां व जलवायु परिवर्तन के कारकों के चलते रोजगार के सिमटते अवसरों ने भी नई पीढ़ी को हताश किया। इसके बावजूद युवा पीढ़ी उस सोशल मीडिया में लिप्त रही, जिसका जीवन की ठोस वास्तविकताओं से कोई लेना-देना नहीं है। ऐसे में यथार्थ से जूझते वक्त युवाओं का हताश व निराश होना स्वाभाविक ही है। कालांतर में उनका आत्मविश्वास भी प्रभावित हुआ। कुछ देशों ने सोशल मीडिया के नियमन की कोशिश की भी, लेकिन प्रयास सिरे न चढ़ सके। ऐसे में सरकारों को स्क्रीन समय के नियमन के साथ ही सोशल मीडिया का बेहतर उपयोग शिक्षा तथा रचनात्मक संवाद बढ़ाने के लिये करने की जरूरत है।

# गुरु दत्त की सिनेमाई दृष्टि



डॉ.राम आह्लाद चौधरी
प्रोफेसर, कलकत्ता विश्वविद्यालय

गुरु दत्त भारतीय सिनेमा के उन दुर्लभ रचनाकारों में से एक हैं, जिन्होंने अपनी फिल्मों के माध्यम से कहानियाँ कही, एक ऐसी सिनेमाई भाषा को विकसित किया , जो अवसाद और सौंदर्य के बीच की जटिल रेखा को छूती है। उनकी फिल्में- चाहे वह प्यासा (1957) हो, कागज़ के फूल (1959) हो, या साहब बीवी और गुलाम (1962)-सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं थीं, बल्कि मानव मन की गहराइयों, सामाजिक विडंबनाओं और व्यक्तिगत त्रासदियों को उकेरने वाली कला थीं। उनकी सौवीं सालगिरह मुबारक हो सबको।

गुरु दत्त की सिनेमाई दृष्टि में अवसाद और सौंदर्य एक-दूसरे के पूरक बनकर उभरते हैं, जो उनकी फिल्मों को कालजयी बनाते हैं। गुरु दत्त की सिनेमाई दृष्टि के विभिन्न आयामों, उनकी कला में अवसाद और सौंदर्य के संनाद, और उनके सिनेमा के सामाजिक-सांस्कृतिक प्रभाव का विश्लेषण करना वर्तमान तकाजा है।

गुरु दत्त का सिनेमाई परिदृश्य का परिचय अपेक्षित है।

गुरु दत्त का जन्म 9 जुलाई 1925 को बैंगलोर में हुआ था, और उन्होंने भारतीय सिनेमा में एक अभिनेता, निर्देशक और निर्माता के रूप में अपनी पहचान बनाई। उनकी फिल्में उस दौर की व्यावसायिक सिनेमा की मुख्यधारा से अलग थीं, जहाँ प्रेम कहानियाँ, नाटकीयता और गीत-संगीत का बोलबाला था। गुरु दत्त ने इन तत्वों को अपनाया, लेकिन उन्हें एक ऐसी गहराई दी, जो दर्शकों को आत्म-चिंतन के लिए मजबूर करती थी। उनकी सिनेमाई दृष्टि में एक ओर काव्यात्मक सौंदर्य था, तो दूसरी ओर मानव जीवन की त्रासदी और सामाजिक असमानताओं का चित्रण। उनकी फिल्मों में अवसाद एक थीम के रूप में बार-बार उभरता है, जो कभी व्यक्तिगत असफलताओं, कभी सामाजिक बहिष्कार, और कभी प्रेम की असंभवता के रूप में सामने आता है।

गुरु दत्त की फिल्मों में सौंदर्य केवल दृश्यात्मक नहीं है; यह भावनात्मक और वैचारिक स्तर पर भी प्रकट होता है। उनके चित्रण में छायांकन, संगीत, और कथानक का संयोजन ऐसा है कि दर्शक एक साथ सुंदरता और दुख के बीच झूलता रहता है। उदाहरण के लिए, प्यासा में विजय (गुरु दत्त) की कविताएँ और गुलाबो (वहीदा रहमान) का प्रेम एक ओर आशा और सौंदर्य का प्रतीक हैं, तो दूसरी ओर विजय का सामाजिक बहिष्कार और उसकी अंतर्वेदना अवसाद की गहराई को दर्शाते हैं।

अवसाद का सिनेमाई चित्रण करने में गुरु दत्त को महारत हासिल था। गुरु दत्त की फिल्मों में अवसाद एक केंद्रीय थीम है, जो उनके नायकों और कहानियों के मूल में बसता है। उनकी फिल्मों के नायक प्रायः एकाकी, समाज से अलग-थलग, और अपनी आंतरिक उथल-पुथल से जूझते हुए दिखाई देते हैं। प्यासा का विजय एक ऐसा कवि है, जिसकी रचनाएँ समाज की सतह को भेदकर उसकी सड़ांध को उजागर करती हैं, लेकिन उसकी कविताओं को तब तक महत्त्व नहीं मिलता, जब तक वह मृत नहीं माना जाता। यहाँ अवसाद केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक भी है-एक ऐसे समाज का चित्रण जो कला और संवेदनशीलता को तिरस्कृत करता है।

कागज़ के फूल में अवसाद और भी गहरा और व्यक्तिगत हो जाता है। यह फिल्म गुरु दत्त की सबसे आत्मकथात्मक रचना मानी जाती है, जिसमें एक फिल्म निर्देशक (सुरेश सिन्हा, गुरु दत्त द्वारा अभिनीत) की कहानी है, जो अपनी कला और प्रेम दोनों में असफल हो जाता है। फिल्म में सिन्हा का पतन, उसकी शराबखोरी, और अंततः उसकी मृत्यु अवसाद की उस चरम अवस्था को दर्शाती है, जहाँ व्यक्ति अपनी पहचान और उद्देश्य खो देता है। गुरु दत्त ने इस फिल्म में अवसाद को केवल भावनात्मक स्तर पर ही नहीं, बल्कि दृश्यात्मक रूप से भी चित्रित किया। वी.के. मूर्ति का छायांकन, जिसमें छाया और प्रकाश का खेल, लंबे शॉट्स, और स्टूडियो के खालीपन का चित्रण है, अवसाद को एक सौंदर्यपूर्ण रूप देता है।

गुरु दत्त की फिल्मों में अवसाद केवल नकारात्मकता नहीं है; यह एक ऐसी भावना है, जो उनके पात्रों को गहराई और मानवता प्रदान करती है। उनकी फिल्मों के नायक न तो पूर्णतः पराजित होते हैं, न ही वे पूरी तरह



विजयी। वे उस मध्य क्षेत्र में रहते हैं, जहाँ जीवन की जटिलताएँ और विरोधाभास अपनी पूर्णता में दिखाई देते हैं।

सौंदर्य का काव्यात्मक प्रदर्शन गुरु दत्त के लिए बाएं हाथ का खेल है। गुरु दत्त की फिल्मों में सौंदर्य केवल दृश्यात्मक तत्वों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनकी कहानियों, संगीत, और संवादों में भी झलकता है। उनकी फिल्मों में गीत-संगीत कहानी को आगे बढ़ाने का एक महत्त्वपूर्ण साधन है। साहिर लुधियानवी, कैफी आज़मी, और शैलेंद्र जैसे गीतकारों के साथ काम करते हुए गुरु दत्त ने गीतों को अपनी फिल्मों का आत्मा बनाया। उदाहरण के लिए, प्यासा का गीत जिन्हें नाज़ है हिंद पर वो कहाँ हैं सामाजिक आलोचना का एक शक्तिशाली माध्यम है, जो एक साथ काव्यात्मक और मार्मिक है। इसी तरह, कागज़ के फूल का वक़्त ने किया क्या हसीं सितम प्रेम और हानि की एक ऐसी कहानी कहता है, जो शब्दों और संगीत के माध्यम से सौंदर्य और अवसाद का संनाद रचता है।

गुरु दत्त के छायाकार वी.के. मूर्ति के साथ उनका सहयोग उनकी सिनेमाई दृष्टि का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। प्यासा और कागज़ के फूल में प्रकाश और छाया का उपयोग, लंबे शॉट्स, और कैमरे की गति ने भारतीय सिनेमा में एक नया मानक स्थापित किया। कागज़ के फूल में स्टूडियो का खालीपन और सिन्हा की अकेली छवि, या प्यासा में विजय का सड़कों पर भटकना-ये दृश्य न केवल कहानी को गहराई देते हैं, बल्कि एक काव्यात्मक सौंदर्य भी रचते हैं। गुरु दत्त ने सौंदर्य को केवल सतही रूप में नहीं, बल्कि भावनात्मक और वैचारिक स्तर पर प्रस्तुत किया।

गुरु दत्त की फिल्में व्यक्तिगत और सामाजिक तत्वों के बीच एक संतुलन बनाती हैं। उनकी कहानियाँ व्यक्तिगत त्रासदियों को सामाजिक संदर्भों में रखकर देखती हैं। प्यासा में विजय का एकाकीपन केवल उसकी निजी कहानी नहीं है; यह उस समाज की कहानी है, जो कला और सच्चाई को महत्त्व नहीं देता। साहब बीवी और गुलाम में छोटी बहू (मीना कुमारी) की त्रासदी केवल एक व्यक्तिगत प्रेम कहानी नहीं है, बल्कि यह उस सामंती व्यवस्था की आलोचना है, जो स्त्रियों को बंधन में रखती है।

गुरु दत्त की फिल्मों में सामाजिक आलोचना कभी भी उपदेशात्मक नहीं होती। वह अपनी कहानियों को दृश्यों, संवादों, और गीतों के माध्यम से इतने सहज ढंग से प्रस्तुत करते हैं कि दर्शक स्वयं उन मुद्दों पर विचार करने लगता है। उनकी फिल्मों में वर्ग-संघर्ष, लैंगिक असमानता, और कला की उपेक्षा जैसे विषय बार-बार उभरते हैं, लेकिन वे कहानी का अभिन्न अंग बनकर सामने आते हैं, न कि जबरन थोपे गए संदेश।

गुरु दत्त की आत्मकथात्मक छवि पर नजर डालने से यह स्पष्ट होता है कि गुरु दत्त की फिल्मों को समझने के लिए उनकी निजी जिंदगी को भी देखना जरूरी है। उनकी फिल्में उनकी आंतरिक उथल-पुथल, प्रेम, और असफलताओं का प्रतिबिंब मानी जाती हैं। कागज़ के फूल को उनकी सबसे आत्मकथात्मक फिल्म माना जाता है, जिसमें सुरेश सिन्हा का पतन गुरु दत्त की अपनी जिंदगी की त्रासदियों से प्रेरित लगता है। उनकी शादी, वहीदा रहमान के साथ उनके रिश्ते, और सिनेमा उद्योग की असफलताओं ने उनकी रचनाओं को गहराई दी।

गुरु दत्त की मृत्यु (10 अक्टूबर 1964) को लेकर भी कई सवाल उठे। उनकी आत्महत्या (या संदिग्ध मृत्यु) उनकी फिल्मों के अवसादपूर्ण स्वर को और गहरा करती है। यह कहा जाता है कि गुरु दत्त अपनी कला में इतने डूब गए थे कि वह अपनी और अपनी रचनाओं की सीमाओं को धुंधला कर बैठे। उनकी फिल्में न केवल उनके समय की कहानी कहती हैं, बल्कि उनकी निजी जिंदगी की त्रासदी को भी उजागर करती हैं।

गुरु दत्त की सिनेमाई दृष्टि का प्रभाव भारतीय सिनेमा पर गहरा पड़ा है। उनकी फिल्मों ने कला सिनेमा और व्यावसायिक सिनेमा के बीच की खाई को पाटने का काम किया है। उनकी तकनीकी उत्कृष्टता, कथानक की गहराई, और भावनात्मक ईमानदारी ने बाद के फिल्मकारों जैसे श्याम बेनेगल, गोविंद निहलानी, और अनुराग कश्यप को प्रेरित किया। उनकी फिल्मों ने विश्व सिनेमा में भी अपनी जगह बनाई, प्यासा और कागज़ के फूल को आज भी विश्व की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में गिना जाता है।

गुरु दत्त की फिल्मों में अवसाद और सौंदर्य का संनाद आज भी प्रासंगिक है। उनकी कहानियाँ हमें यह सिखाती हैं कि सौंदर्य केवल सतह पर नहीं, बल्कि दुख, हानि, और संघर्ष में भी छिपा होता है। उनकी सिनेमाई दृष्टि हमें यह दिखाती है कि कला का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज और स्वयं को समझने का भी एक माध्यम है।

गुरु दत्त की सिनेमाई दृष्टि अवसाद और सौंदर्य के बीच एक अनूठा संतुलन रचती है। उनकी फिल्में न केवल एक कहानी कहती हैं, बल्कि मानव जीवन की जटिलताओं, सामाजिक विडंबनाओं, और व्यक्तिगत त्रासदियों को एक काव्यात्मक रूप में प्रस्तुत करती हैं। उनकी रचनाएँ समय और स्थान की सीमाओं को पार करती हैं, और आज भी दर्शकों को प्रेरित करती हैं। गुरु दत्त का सिनेमा हमें यह सिखाता है कि सौंदर्य और अवसाद एक-दूसरे के बिना अधूरे हैं, और यही उनकी कला को कालजयी बनाता है।

# टैरिफ आर्थिक युद्ध नहीं, आत्मनिर्भर शांति का रास्ता बने



ललित गर्ग

जब किसी वैश्विक ताक़त के शिखर पर बैठा नेता 'व्यापार' को भी 'सौदेबाज़ी' और 'दबाव नीति' का औज़ार बना ले, तब यह न केवल वैश्विक अर्थ-व्यवस्था को झकझोर देता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों के आधारभूत सिद्धांतों को भी चुनौती देता है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाकर ऐसा ही एक आर्थिक आघात पहुँचाया है। इस टैरिफ का लक्ष्य स्पष्ट है, भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धा को बाधित करना और अमेरिकी वर्चस्व की पुनः स्थापना करना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य एवं भारत की उभरती अर्थव्यवस्था में अमेरिका की 'ट्रंपीय' दादागिरी, एवं टैरिफ का तात्कालिक और दीर्घकालिक प्रभाव कितना क्या असर दिखायेगी, यह भविष्य के गर्भ में हैं। लेकिन इस सन्दर्भ में भारत सरकार की दृढ़ता सराहनीय है। अमेरिका हमारा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा है, दोनों का द्विपक्षीय व्यापार 2024 में 190 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। ट्रंप और मोदी ने इस आंकड़े को दोगुना से भी ज्यादा 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन उस लक्ष्य पर सवालिया निशान लग गए हैं। ऐसे में, भारतीय कंपनियों को बहुत संभलकर अपने लिए नए बाजार खोजने व बढ़ाने चाहिए।

भारत की अर्थव्यवस्था अब दुनिया की सबसे तेज़ गति से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में है। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों ने भारत को उत्पादन और नवाचार का नया केंद्र बनाया है। भारत का टेक्सटाइल, स्टील, ऑटो पार्ट्स और आईटी सेवा क्षेत्र वैश्विक बाज़ार में निरंतर अपनी पकड़ मज़बूत कर रहे हैं। ऐसे में अमेरिका द्वारा टैरिफ थोपना भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धा से उपजे भय का संकेत है। लेकिन यह निर्णय केवल व्यापारिक नहीं, बल्कि रणनीतिक भी है। ट्रंप प्रशासन हमेशा से ही व्यापार संतुलन के मुद्दे को राष्ट्रीय गौरव से जोड़कर देखता रहा है। 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति का मुख्य हथियार रहा है, दूसरों को पीछे धकेलकर अमेरिका को आगे लाना। यह एकतरफा सोच व्यापार के मूल्यों और साझेदारी की भावना को कमजोर करती है। व्यापार समझौते पर 1 अगस्त की समय सीमा तक दोनों देशों के बीच जारी बातचीत किसी नतीजे पर न पहुंचने का बड़ा कारण भारत का अमेरिका की शर्तों पर समझौता करने के लिए तैयार नहीं होना रहा है। उसे आगे भी तैयार नहीं होना चाहिए। इसका कोई मतलब नहीं कि भारत अमेरिका से ऐसा व्यापार समझौता कर ले, जो केवल उसके हित में हो। इस तरह के समझौते तो तभी हो पाते हैं, जब दोनों पक्षों के हित सधते हैं। भारत को अपने हितों की रक्षा के लिए अडिग रहना चाहिए और यह स्पष्ट करने में संकोच भी नहीं करना चाहिए कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति के अनुचित दबाव के आगे झुकने वाला नहीं। भारत को ट्रंप के मनमाने फैसलों से डरने की आवश्यकता इसलिए भी नहीं, क्योंकि वे अपने फैसलों से पीछे हटने और उन्हें पलटने के लिए जाने जाते हैं। उनके इस रवैये के कारण उनकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फजीहत भी हो रही है। उन्हें यह समझ आ जाए तो अच्छा कि आज का भारत पहले वाला भारत नहीं है और अमेरिका का भी प्रभाव पहले जैसा नहीं रहा।

डोनाल्ड ट्रंप की नीति अक्सर 'दबाव डालो और झुकावो' पर आधारित रही है। चीन, यूरोप, मैक्सिको के साथ भी ट्रंप की व्यापार नीति टकरावपूर्ण रही है। लेकिन भारत, ऐतिहासिक रूप से संतुलन साधने वाली कूटनीति में विश्वास करता रहा है। भारत ने कई बार वार्ता के माध्यम से समझौते की दिशा में पहल की, लेकिन ट्रंप की आक्रामक नीति और 'डीलमेकिंग' की व्यक्तिगत शैली ने किसी संतुलन को बनने नहीं दिया। भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत टैरिफ न केवल आर्थिक रूप से अनुचित है, बल्कि यह उभरते राष्ट्रों के आत्मनिर्भर बनने के अधिकार का भी हनन है। यह नव-उपनिवेशवाद का नया रूप है, जहँ आर्थिक हथियारों से शक्तिशाली राष्ट्र, विकासशील देशों को नियंत्रित करना चाहते हैं। राष्ट्रपति ने भारत पर टैरिफ बढ़ाने और जुर्माना लगाने की जो घोषणा की, वह उनकी दबाव की राजनीति का ही हिस्सा है। इस राजनीति की पोल खुल चुकी है। अच्छा होगा कि इसे देश के विपक्षी दल भी समझें। इसलिए और भी समझें कि संसद में आपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने साफ तौर पर कहा कि सैन्य कार्रवाई को स्थगित किए जाने के सिलसिले में विश्व के किसी भी नेता की कहीं कोई भूमिका नहीं। स्पष्ट है कि भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई को कथित तौर पर रोकने का ट्रंप का दावा फर्जी है। वास्तव में इसी कारण वे अपने इस थोथे दावे को बार-बार दोहरा रहे हैं। आज का भारत न केवल एक विशाल बाज़ार है, बल्कि एक नवाचारशील शक्ति भी है। दुनिया की सबसे बड़ी युवा जनसंख्या, तेज़ी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था, और विविधता से समृद्ध उत्पादन क्षमता भारत को वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर कर रही है। भारत अब निर्भरता की नीति से निकलकर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। ट्रंप के टैरिफ का प्रभाव सीमित और अस्थायी होगा, लेकिन भारत की आर्थिक विकास यात्रा दीर्घकालिक और दृढ़ है। भारत के लिए यह चुनौती अवसर में बदलने का समय है, नए बाज़ारों की तलाश, घरेलू उत्पादन को और सशक्त बनाना, और वैश्विक साझेदारियों को नए रूप में ढालना। ट्रंप की दादागिरी भारत को झुका नहीं सकती। बल्कि यह भारत को और मज़बूत और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दे सकती है। यह समय है जब भारत को अपने उत्पादन, नवाचार, निर्यात और कूटनीति को और धार देने की आवश्यकता है। हमें यह समझना होगा कि शक्ति का उत्तर शक्ति से नहीं, दूरदृष्टि और नीति से दिया जाना चाहिए। ट्रंप का टैरिफ एक चुनौती है, लेकिन भारत की आत्मा में संघर्ष से जीतने का इतिहास है। हमने हर संकट को अवसर में बदला है, और इस बार भी हम यही करेंगे, न केवल अपनी अर्थव्यवस्था के लिए, बल्कि वैश्विक आर्थिक संतुलन के लिए भी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आर्थिक चिंतन मूलतः 'आत्मनिर्भर भारत', 'विकास के साथ विश्वास', और 'समान साझेदारी' के सिद्धांतों पर आधारित रहा है। वे वैश्विक मंच पर भारत को एक समानाधिकार संपन्न राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करते हैं, न कि किसी बड़े राष्ट्र की कृपा पर चलने वाली व्यवस्था के रूप में। जब डोनाल्ड ट्रंप जैसे नेता भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ का प्रहार करते हैं, तो नरेंद्र मोदी की सोच विरोध नहीं, विकल्प पर आधारित होती है। वे इस तरह के दबावों को एक नई दिशा में सोचने और घरेलू उत्पादन एवं वैश्विक विविधीकरण का अवसर मानते हैं। टैरिफ वार के उत्तर में मोदी की प्रतिक्रिया सकारात्मक ही होती हुई दिख रही है, वे ट्रंप के टैरिफ से प्रभावित क्षेत्रों जैसे स्टील, ऑटो पार्ट्स, टेक्सटाइल को सरकारी सब्सिडी, टैक्स रियायत और तकनीकी समर्थन के ज़रिए बल दे सकते हैं। अमेरिका के अतिरिक्त यूरोप, दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे नए बाज़ारों में भारत अपनी पकड़ को और मज़बूत करते हुए इस टैरिफ से उत्पन्न संकट को संतुलित कर सकता है।

ट्रंप भारत को अपना मित्र मानते हैं। लेकिन यह कैसी मित्रता है, जिसमें ट्रंप को भारत के गरीबों, किसानों, मजदूरों की कोई चिंता नहीं है। लेकिन मोदी की विदेश नीति में भी 'अमेरिका के साथ मित्रता' है, लेकिन 'आत्मगौरव की कीमत पर नहीं'। वे संवाद और दृढ़ता-दोनों का प्रयोग करते हैं। दबाव की राजनीति से न तो भारत झुकेगा, न रुकेगा। ट्रंप का टैरिफ हो या कोई और वैश्विक चुनौती, मोदी का भारत हर संकट में अवसर खोजता है। मोदी की आर्थिक दृष्टि एवं नीतियां किसी बाहरी राष्ट्र के मनोनुकूल नहीं, बल्कि भारत की आवश्यकताओं, संभावनाओं और स्वाभिमान के अनुरूप गढ़ी गई है। जब वैश्विक महाशक्तियां टैरिफ के हथियार से डराने लगें, तो समझो कि भारत की प्रतिस्पर्धा ने उन्हें असहज कर दिया है। मोदी इसे चुनौती नहीं, पहचान मानते हैं। मोदी कहते हैं-'लोकल को ग्लोबल बनाओ', और यही उनका उत्तर है हर टैरिफ, हर दबाव, हर चुनौती को। मोदी की अर्थनीति उद्यमशीलता को राष्ट्रनिर्माण से जोड़ती है। उनका आर्थिक चिंतन 'केवल विकास' नहीं, बल्कि स्वराज्य आधारित समावेशी आर्थिक स्वतंत्रता है। ट्रंप के टैरिफ की चुनौती को वे उसी तरह लेते हैं जैसे उन्होंने कोविड या ग्लोबल मंदी की ली थी- साहस, दूरदर्शिता और आत्मनिर्भरता के साथ।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 1 अगस्त, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, श्रावण शुक्लपक्ष अष्टमी, 31:23 तक, नक्षत्र : स्वाति, 27:33 तक, योग : शुभा, 29:21 तक, सूर्योदय: 5:08, सूर्यास्त: 18:17, चन्द्रोदय : 11:36, चन्द्रास्त: 22:52, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कर्क, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 10:05 से 11:42

## राशिफल

**मेष :** कल का दिन मेष राशि वालों के लिए शानदार शुरुआत लेकर आएगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और कोई अधूरा काम कल पूरा हो सकता है। व्यापार में कोई बड़ा ऑर्डर मिल सकता है।

**वृष :** वृषभ राशि वालों के लिए दिन कुछ मिश्रित परिणाम लेकर आएगा। खर्चों पर नियंत्रण रखना आवश्यक है, नहीं तो आर्थिक संतुलन बिगड़ सकता है। यात्रा का योग बन सकता है।

**मिथुन :** कल का दिन मिथुन राशि वालों के लिए थोड़ा अस्थिर रहेगा। दफ्तर में ग़लतफहमियों से बचें और टीम के साथ तालमेल बनाए रखें। लव लाइफ में भावनात्मक उतार-चढ़ाव संभव है।

**कर्क :** कर्क राशि के जातकों को कल भाग्य का साथ कम मिलेगा, लेकिन मेहनत से परिस्थितियाँ आपके पक्ष में आ सकती हैं। संतान पक्ष से चिंता हो सकती है।

**सिंह :** सिंह राशि वालों के लिए कल का दिन उज्ज्वल संकेत लेकर आया है। नई परियोजनाओं में सफलता मिलेगी। लव लाइफ में साथी का पूरा समर्थन मिलेगा और कोई सरप्राइज भी मिल सकता है।

**कन्या :** कन्या राशि वालों के लिए कल का दिन कुछ संघर्षपूर्ण हो सकता है। कार्यक्षेत्र में टारगेट पूरे करने का दबाव रहेगा। मानसिक थकावट हो सकती है। जीवनसाथी का साथ राहत देगा।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए कल का दिन ऊर्जा से भरा होगा। कोई पुराना विवाद सुलझ सकता है। लव लाइफ में रोमांटिक समय बिताने का योग है। मांगलिक आयोजन की चर्चा हो सकती है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों के लिए दिन धन लाभ और व्यावसायिक सफलता देने वाला है। नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन या प्रशंसा मिल सकती है। प्रेम जीवन में प्रगाढ़ता आएगी।

**धनु :** धनु राशि वालों को कल कार्यक्षेत्र में भागदौड़ करनी पड़ सकती है। परिश्रम से सफलता अवश्य मिलेगी। लव पार्टनर के साथ दूरियां कम होंगी और आपसी समझ बढ़ेगी।

**मकर :** मकर राशि वालों के लिए दिन मध्यम है। धन के आगमन की संभावना है, लेकिन खर्च भी अधिक रहेंगे। जीवनसाथी से अपेक्षित सहयोग मिलेगा। संतान से खुशखबरी मिलने की संभावना है।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों के लिए कल का दिन प्रोफेशनल ग्रोथ के लिए अनुकूल है। कोई नई डील फाइनल हो सकती है। प्रेम जीवन में किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**मीन :** मीन राशि वालों के लिए दिन अनुकूल है। पुराने निवेश से लाभ मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य में सुधार होगा और मानसिक संतुलन बना रहेगा। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि रहेगी।

## वर्ग पहेली नं. 3170

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | |
| | ■ | | ■ | 6 | | | ■ | | ■ |
| 7 | 8 | | ■ | | ■ | 9 | | | 10 |
| 11 | | ■ | 12 | | 13 | | ■ | ■ | |
| ■ | 14 | | | ■ | | ■ | 15 | | |
| 16 | | ■ | ■ | 17 | | | | ■ | |
| | ■ | 18 | | | ■ | ■ | 19 | | |
| 20 | | | ■ | 21 | | ■ | | ■ | |
| | ■ | 22 | | | ■ | 23 | | | ■ |

**ऊपर से नीचे:-** 1) शौक़, 2) भाड़ा, 3) किसी की अपेक्षा और भी बुरा, 4) शिवलिंग के ऊपर पानी टपकानेवाला घड़ा, 5) अल्पतम, 8) गिराना, 10) अनुभवी, 12) पका *(गरम तेल में)*; पेंदा, 13) आलसी, 15) एक भाषा, 16) देखभाल, 17) हासिल, 18) अग्नि.
*(उत्तर: अगले अंक में)*

**बायें से दायें:-** 2) पुस्तक, 4) यहाँ वहाँ; हर ओर, 6) बिचौलिया, 7) सौ नए पैसे के मूल्य का नोट या सिक्का, 9) असलियत, 11) कागज़ का छोटा टुकड़ा, 12) रसेदार भाजी, 14) धारदार; तेज़; नख़रीला, 15) दरगाह, 16) मेहँदी, 17) हड़कंप; उथलपुथल, 18) ईसवी साल का आठवाँ महीना, 19) न्यायालय में अर्ज़ीनामा; *पैटीशन*, 20) भाषा; जीभ, 21) सँकरा रास्ता, 22) शर्मिंदा, 23) जीवनकाल.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | ह | ख़ा | ना | ■ | सं | ता | न | ■ | प |
| ड़ | ■ | ■ | श | क | ■ | क़ | या | म | त |
| क | त | ला | ■ | रा | ह | त | ■ | ■ | वा |
| ना | र | ■ | क़ | रा | र | ■ | अं | द | र |
| ■ | फ़ | सा | द | ■ | त | र | जु | मा | ■ |
| के | ■ | द | म | दा | र | ■ | म | ■ | उ |
| ल | ह | र | ■ | दा | ह | ■ | न | ग | जा |
| का | म | ■ | चे | ला | ■ | मू | ■ | ■ | ग |
| ता | ला | ब | ■ | ई | दु | ल | फ़ि | त | र |

## सुडोकू-पहेली-3127

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | | | | 1 | |
| | | | | 6 | | | 2 | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | 3 | | | | | |
| 1 | | | | | 7 | | | |
| | 3 | | 2 | 4 | | 9 | | 5 |
| | | 9 | | | | 7 | 6 | |
| | 8 | | 1 | | 3 | | | |
| | 4 | | | 5 | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3126 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 5 | 9 | 6 | 2 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 5 | 4 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 8 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 1 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 7 |
| 6 | 1 | 7 | 5 | 2 | 9 | 3 | 8 | 4 |
| 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 4 | 1 | 3 | 9 | 5 | 8 | 7 | 6 |
| 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 8 | 5 | 2 | 1 |

# भाजपा विधानसभा चुनाव के लिए संभावित उम्मीदवारों पर कोई संगठनात्मक बोझ नहीं डालना चाहती

**❑ प्रदेश भाजपा 2026 के चुनाव में सभी पार्टी विधायकों को फिर से नामांकित करने के पक्ष में**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव से पहले हाल में प्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष के चुनाव के बाद राज्य समिति में बड़ा संगठनात्मक फेरबदल की तैयारी है। इसी क्रम में विधानसभा चुनाव के लिए संभावित उम्मीदवारों पर पार्टी कोई संगठनात्मक बोझ नहीं डालना चाहती। सामने विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा नेतृत्व नहीं चाहता कि अतिरिक्त जिम्मेदारी का दबाव किसी के काम को प्रभावित करे। इसलिए, मौजूदा विधायकों व विधानसभा चुनाव के संभावित उम्मीदवारों को अभी प्रमुख संगठनात्मक जिम्मेदारियां नहीं दी जाएगी। जिला स्तर पर इसी नीति का पालन किया जा रहा है। प्रत्येक विधायक को अपने क्षेत्र में जनसंपर्क बढ़ाने के लिए कहा गया है। विधायकों को सभी जिला समितियों के प्रमुखों के पद से मुक्त कर दिया गया है। उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्रों में अधिक समय देने के लिए कहा गया है। प्रदेश भाजपा इकाई आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सभी पार्टी विधायकों को फिर से नामांकित करने के पक्ष में है। हालांकि, अंतिम निर्णय भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व करेगा। वर्तमान में, 294 सदस्यीय राज्य विधानसभा में भाजपा के 66 विधायक हैं।

2021 के बंगाल विधानसभा चुनाव में, भाजपा ने 77 विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी। हालांकि, पिछले चार वर्षों में, दल-बदल के कारण राज्य में भाजपा विधायकों की संख्या घटकर 66 रह गई है। इसमें लगातार उपचुनावों में भाजपा उम्मीदवारों की हार और कुछ पार्टी विधायकों का सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के खेमे में चले जाना शामिल है।

भाजपा की राज्य समिति के एक सदस्य ने कहा कि पार्टी का राज्य नेतृत्व केंद्रीय नेतृत्व से 66 विधायकों के पुनर्नामांकन के प्रस्ताव पर शीघ्र निर्णय लेने का अनुरोध करेगा, ताकि उन्हें अन्य संगठनात्मक जिम्मेदारियों से मुक्त किया जा सके और वे अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर सकें। राज्य समिति के सदस्य ने कहा कि बंगाल में आगामी त्योहारी सीजन, जो इस साल सितंबर के अंत में दुर्गा पूजा से शुरू हो रहा है, किसी भी निर्वाचित प्रतिनिधि के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में गहन जनसंपर्क करने का आदर्श समय है। इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि हमारा केंद्रीय नेतृत्व उससे पहले सभी मौजूदा पार्टी विधायकों के पुनर्नामांकन के प्रस्ताव पर अपने निर्णय से हमें अवगत कराएगा।

यदि केंद्रीय नेतृत्व सभी मौजूदा पार्टी विधायकों के पुनर्नामांकन के प्रस्ताव पर सहमत हो जाता है, तो बंगाल में पार्टी की वर्तमान राज्य समिति के पांच राज्य महासचिवों में से दो को उनकी संगठनात्मक जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया जाएगा, क्योंकि वे विधायक हैं। इसी तरह, यदि 2026 के विधानसभा चुनाव में तीन अन्य राज्य महासचिवों में से किसी को भी नामित किया जाता है, तो उन्हें भी संगठनात्मक जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शुक्रवार से शुरू हो रहे भाजपा की राज्य इकाई के चार दिवसीय संगठन सत्र के अंत में चीजें कुछ हद तक स्पष्ट हो जाएंगी, जिसमें बंगाल के लिए पार्टी के सभी केंद्रीय पर्यवेक्षक शामिल होंगे।

## चांदनी चौक स्टेशन पर मेट्रो में आग, सुरक्षित निकाले गए यात्री

**कोलकाता, समाज्ञा :** चांदनी चौक मेट्रो स्टेशन पर गुरुवार की सुबह एक मेट्रो रेक में अचानक आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। घटना सुबह लगभग 8 बजे की है, जब दक्षिणेश्वर से शहीद खुदिराम की ओर जा रही एक मेट्रो की बोगी में अचानक धुआं निकलने लगा और फिर आग लग गई। मौके पर तैनात मेट्रो कर्मचारियों ने तुरंत हरकत में आते हुए सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। आग लगने की घटना के बाद कुछ देर के लिए दक्षिणेश्वर-शहीद खुदिराम रूट की सेवा प्रभावित रही। इस दौरान सेंट्रल सहित कई स्टेशनों पर मेट्रो ट्रेनों को रोका गया, जिससे सुबह के व्यस्त समय में यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मेट्रो अधिकारियों के अनुसार, कुछ समय बाद सेवा को सामान्य कर दिया गया और आग की चपेट में आए मेट्रो रेक को जांच के लिए कारशेड भेजा गया है।

**हावड़ा मंडल के तहत आरक्षण कार्यालय रविवार एवं राष्ट्रीय अवकाश के दिन खुले रहेंगे**

यात्रियों की सुविधा के लिए, आगामी पूजा उत्सव के लिए टिकटों की बुकिंग हेतु हावड़ा मंडल के तहत सभी आरक्षण कार्यालय (पीआरएस एवं एसआरओ) नीचे उल्लेखित रविवार एवं राष्ट्रीय अवकाश के दिनों यानी **दिनांक 03.08.2025, 10.08.2025, 15.08.2025** (शुक्रवार, स्वाधीनता दिवस), **17.08.2025, 24.08.2025** एवं **31.08.2025** को सिर्फ सुबह की पाली में खुले रहेंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## ‘हर नागरिक मतदाता सूची में शामिल हों’, ममता का सख्त निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य प्रशासन को एक बार फिर स्पष्ट संदेश दिया है कि जनता को आवाज ही सर्वोपरि है और हर गोग्य नागरिक को उसका अधिकार मिलना ही चाहिए। गुरुवार को जिलाधिकारियों के साथ सचिवालय नवान में मुख्यमंत्री ने सभी एक उच्चस्तरीय बैठक की बैठक में मुख्य सचिव मनोज पंत और गृह सचिव नंदिनी चक्रवर्ती भी शामिल रहीं। सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि एक भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची से न छूटे। अयोग्य कौन है, उस पर मैं कुछ नहीं कहूंगी, लेकिन योग्य कोई छूटे यह नहीं चलेगा। ममता बनर्जी ने आमादेर पाड़ा, आमादेर समाधान योजना की हर जिला में पूरी गंभीरता से लागू करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ योजना नहीं, जनता से जुड़ने और उनकी समस्याओं को सीधे हल करने का मौका है। इसका असर जमीनी स्तर पर दिखना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि लगातार बारिश से कई जिलों में जलजमाव की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि देखना होगा कि किसी को कोई तकलीफ न हो। जल निकासी, राहत कैंप, चिकित्सा और आपात सेवाएं पूरी तरह मुस्तैद रहें, उन्होंने सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का यह साफ संकेत है कि आने वाले महीनों में प्रशासन की प्राथमिकता जनसरोकार, पारदर्शिता और संवेदनशीलता होनी चाहिए।

## बीएलओ बनने से कर्मचारियों की अनिच्छा, चुनाव आयोग के सामने चिंता की स्थिति

**कोलकाता :** राज्य में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) की जिम्मेदारी संभालने को लेकर सरकारी कर्मचारियों में भारी अनिच्छा देखी जा रही है। राज्य में कुल 80,681 बूथ हैं, लेकिन चुनाव आयोग के पोर्टल पर अब तक केवल 50,000 से कुछ अधिक बीएलओ का नाम ही दर्ज हो पाया है। यानी अभी तक 25,000 से अधिक बीएलओ की नियुक्ति नहीं हो सकी है। रिपोर्ट के अनुसार, कई कर्मचारी बीएलओ की नियुक्ति पत्र लेने से ही इनकार कर रहे हैं। यह स्थिति राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के दफ्तर तक रिपोर्ट के रूप में पहुँच रही है।

विशेष पुनरीक्षण अभियान के दौरान बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। बीएलओ बनने के लिए सरकारी कर्मचारी या स्थायी शिक्षक होना अनिवार्य है। इस संबंध में चुनाव आयोग ने सभी जिलों को स्पष्ट निर्देश भेजे हैं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि अगर कोई कर्मचारी बीएलओ की जिम्मेदारी लेने से इनकार करता है, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बीएलओ को मनमर्जी से नहीं दी जा सकती छूट : जिलाधिकारियों को स्पष्ट आदेश

**बीएलओ को ड्यूटी से मुक्त करने का अधिकार केवल चुनाव आयोग के पास है। इस संबंध में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिलाधिकारियों को सख्त संदेश दिया है। किसी भी बीएलओ को ड्यूटी से हटाने के लिए आयोग से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि ईआरओ-नेट पर जिन बीएलओ के नाम अपलोड किए गए हैं, वे यथावत रहेंगे। किसी को हटाने के लिए संबंधित कर्मचारी की शारीरिक अक्षमता या वैध कारणों के साथ लिखित आवेदन आयोग को भेजना होगा। आयोग सभी तथ्यों की जांच के बाद ही निर्णय लेगा। सूत्रों के अनुसार, बीएलओ पद के लिए राजनीतिक दबाव या अवांछित हस्तक्षेप को रोकने के लिए ही सीईओ ऑफिस की ओर से यह कड़ा रुख अपनाया गया है।**

**NAME CHANGE**

I, MAHESH YADAV (old name) S/O MANNU YADAV, residing at H. L. SARKAR ROAD, GLASS FACTORY, KOLKATA-700070, West Bengal, India, have changed my name and shall henceforth be known as UPENDAR YADAV (new name), as declared Before The Notary Public at Kolkata, vide an affidavit dated 31/07/2025. UPENDAR YADAV (new name) and MAHESH YADAV (old name) both are same and one identical person.

I, MAMTA SINGH (old name) W/O UPENDAR YADAV, residing at 2/3 RAGHAB KOLEY LANE, SALKIA, HOWRAH, PIN-711106, West Bengal, India, have changed my name and shall henceforth be known as MAMTA KUMARI SINGH (new name), as declared Before The Notary Public at Kolkata, vide an affidavit dated 31/07/2025. MAMTA KUMARI SINGH (new name) and MAMTA SINGH (old name) both are same and one identical person.

I, JYOTI BHUSAN SHARMA (old name) D/O SATYENDRA BHUSHAN SHARMA, residing at 31/26, BHUJANGA DHAR ROAD, NUTAN PARA, BALLY, HOWRAH, PIN-711204, West Bengal, India, have changed my name and shall henceforth be known as JYOTI BHUSHAN SHARMA (new name), as declared Before The Notary Public at Kolkata, vide an affidavit dated 31/07/2025. JYOTI BHUSHAN SHARMA (new name) and JYOTI BHUSAN SHARMA (old name) both are same and one identical person.

Office of the Municipal Councillors
**Serampore Municipality**
1, N. S. Avenue, Serampore, Dist.: Hooghly, Pin: 712201

**Notice Inviting e-Quotation**

e-Quotation of the following works are invited by Chairman, Serampore Municipality from experienced and resourceful , GST registered bidders for execution the works vide **NIQ No-WBMAD/ULB/SRMP/NIQ-05/2025-26, date - 31.07.2025,** Name of works- Engaging of labour for the purpose of door to door waste collection under solid waste management activities (ward no 1-29) one year contract. Bid Submission Start date (online): **31/07/2025 at 02.00 P.M.** Bid Submission Closing (online): **21/08/2025 up to 02.00 P.M.** Bid opening Date for Technical proposals (online): **23/08/2025 at 02.00 P.M.** For details of the project go through **http://wbtenders.gov.in** and **www.seramporemunicipality.net/tenders**

Sd/-
Chairman
Serampore Municipality

**ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल, हावड़ा में केस-टू-केस आधार पर चिकित्सकों का चयन**

मंडल रेलवे हॉस्पिटल (ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल) पूर्व रेलवे, हावड़ा द्वारा केस-टू-केस के आधार पर विभिन्न विशेषज्ञों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। जमा किए गए दस्तावेजों की जांच के माध्यम से उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा एवं उन्हें केवल केस-टू-केस के आधार पर बुलाया जाएगा। आवश्यक योग्यता के साथ विशेषज्ञों का विवरण तथा पारिश्रमिक इत्यादि वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** पर तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पूर्व रेलवे, हावड़ा के कार्यालय में उपलब्ध होंगे। आवेदनों के साथ सम्पूर्ण बॉयो-डेटा, दूरभाष संख्या तथा ईमेल आईडी के साथ योग्यता के सभी प्रमाणपत्रों (एमसीआई/एनएमसी अनुमोदित विश्वविद्यालय/कॉलेज से उत्तीर्ण एमबीबीएस एवं पीजी डिग्री/डिप्लोमा) एवं पंजीकरण, अनुभव प्रमाणपत्रों, उम्र के साक्ष्य के प्रमाणपत्र की स्वयं सत्यापित छाया प्रतिलिपियां, आधार कार्ड की छाया प्रतिलिपि तथा हाल ही में खींचा गया पासपोर्ट आकार का एक फोटोग्राफ **मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल, पूर्व रेलवे, 222 विप्लबी हरेन घोष सरणी, हावड़ा-711101** को संबोधित कर **15 अगस्त 2025** के भीतर भेजी जानी चाहिए। चुने गए उम्मीदवारों को दूरभाष अथवा ईमेल आईडी के माध्यम से सूचना दी जाएगी।

**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,**
**मंडल रेलवे हॉस्पिटल (ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल), हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

### दूसरी बार ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा

**बीरभूम/कोलकाता**

राज्य के लघु एवं कुटीर उद्योग मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा शिक्षक भर्ती घोटाले में पूछताछ के सिलसिले में गुरुवार को ईडी के कार्यालय में पेश वहीं हुए। बता दें कि यह दूसरी बार है जब मंत्री ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए। सूत्रों के मुताबिक, मंत्री अपने बीरभूम के बोलपुर स्थित घर पर ही थे। केंद्रीय जांचकर्ताओं ने चंद्रनाथ से उनके और उनके परिवार की सभी अचल और चल संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज मांगे गए थे। इस बार भी उन्होंने कथित तौर पर ईडी से समय मांगा है। उन्होंने ईडी को बताया कि वह सभी दस्तावेज तैयार कर रहे हैं। वह जल्द ही ईडी के सामने पेश होंगे।

## सरकार के सभी विभागों पर खर्च को लेकर सख्ती, अब बिना वित्त विभाग की मंजूरी नहीं होंगे बड़े काम

**कोलकाता, समाज्ञा**

पश्चिम बंगाल सरकार ने अपने विभिन्न विभागों के खर्च पर लगाम कसने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अब कोई भी विभाग निर्धारित सीमा से अधिक राशि खर्च करने से पहले वित्त विभाग से अनुमति लेगा। इससे पब्लिक वर्क्स, पंचायती राज, स्वास्थ्य और उत्तरबंग विकास जैसे प्रमुख विभागों के कई प्रोजेक्टों की रफ्तार धीमी पड़ सकती है। एक अधिकारी ने बताया कि वित्त विभाग ने हाल ही में सभी विभागों को एक नई निर्देशिका जारी की है जिसमें प्रशासनिक और वित्तीय स्वायत्तता की सीमा को संशोधित किया गया है। पहले जहां कुछ विभागों को बिना अनुमति के पांच करोड़ तक खर्च करने की छूट थी, अब यह सीमा घटाकर तीन करोड़ कर दी गई है। उत्तरबंग विकास और सुंदरबन विकास जैसे विभागों के लिए यह सीमा और भी कम कर दी गई है – अब ये केवल एक करोड़ तक ही खर्च कर सकेंगे।

इस बदलाव का असर ज़मीनी योजनाओं पर साफ दिखाई देने लगा है। उदाहरण के तौर पर, कूचबिहार में लोक निर्माण विभाग ने बामनहाट से चौधुरीहाट तक लगभग 3.5 किलोमीटर लंबी सड़क पांच करोड़ की लागत से बनाने का प्रस्ताव रखा था। अब इस प्रोजेक्ट को वित्त विभाग की अनुमति के लिए फाइल भेजनी पड़ी है। इसी तरह, दिनहाटा में उत्तरबंग विकास विभाग के दो प्रोजेक्ट और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कई काम फिलहाल अटके हुए हैं। हालांकि, अधिकारी इस पर खुलकर बोलने से बच रहे हैं, लेकिन सरकार के भीतर एक वर्ग का मानना है कि हाल ही में ‘पाड़ाय समाधान’ नामक योजना के तहत सरकार ने करीब 800 करोड़ की राशि आवंटित की है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की पैठ मजबूत करने के लिए शुरू की गई है, और इसका असर बाकी परियोजनाओं के बजट पर पड़ रहा है। अधिकारियों का कहना है कि इससे प्रशासनिक कार्यों में न केवल देरी होगी बल्कि लागत भी बढ़ सकता है।

### डाइनिंग टेबल से गिरने से मासूम की मौत, गिरीश पार्क में दर्दनाक हादसा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के गिरीश पार्क इलाके में डाइनिंग टेबल से गिरकर एक 10 माह की बच्ची की मौत हो गई। हादसा बुधवार की रात 10 नंबर मदन चटर्जी लेन स्थित एक आवास में हुआ। परिवार के मुताबिक, बच्ची उस वक्त कमरे में खेल रही थी। घर के अन्य सदस्य भी वहीं मौजूद थे। खेलते-खेलते वह किसी तरह पहले कुर्सी पर चढ़ी और फिर वहां से डाइनिंग टेबल पर। किसी को इसका अंदाजा नहीं था। अचानक एक तेज आवाज हुई और बच्ची की चीख सुनाई दी। इसके बाद वह शांत हो गई। परिजन दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे। बिना देर किए उसे न्यूरो साइंसेज इंस्टीट्यूट इन कोलकाता अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर गिरीश पार्क थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**खड़गपुर मंडल के तहत माइनर यूनिटों के अनुबंध के लिए ई-नीलामी सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं.: केजीपी/सीएटीजी-एमपीएस/2025 दिनांक: 30.07.2025**

भारत के राष्ट्रपति, भारत संघ के लिए और उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नानुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है: ● खड़गपुर मंडल के तहत 05 (पाँच) वर्ष की अवधि के लिए खड़गपुर (1 अदद), बेलदा (1 अदद), रूपसा (1 अदद), बस्ता (1 अदद), झाड़ग्राम (1 अदद), जलेश्वर (3 अदद), कांथि (2 अदद), चाकुलिया (1 अदद), मार्कोणा (1 अदद) और दांतन (1 अदद) रेलवे स्टेशनों पर एमपीएस यूनिटों के प्रावधान के लिए ई-नीलामी कैटलॉग। **कैटलॉग सं.: केजीपी-एमपीएस-25-07, नीलामी की तिथि: 18.08.2025, नीलामी शुरू/बंद होने का समय** क्रमशः**11.00 और 13.30 बजे** ● खड़गपुर मंडल के तहत 05 (पाँच) वर्ष की अवधि के लिए खड़गपुर (2 अदद), हाउर (1 अदद), आंदुल (1 अदद), कोलाघाट (1 अदद), आबादा (1 अदद), गिरी मैदान (1 अदद), आमता (1 अदद), सांतरागाछी (1 अदद) और शालीमार (4 अदद) रेलवे स्टेशनों पर कैटरिंग यूनिटों के प्रावधान के लिए ई-नीलामी कैटलॉग। **कैटलॉग सं.: सीएटीजी-केजीपी-25-10, नीलामी की तिथि: 19.08.2025, नीलामी शुरू/बंद होने का समय** क्रमशः**11.00 और 13.30 बजे,** जो **https:// www.ireps.gov.in/** वेबसाइट में सूचित किए गए हैं। एजेंसी/कैटरिंग ठेकेदार इस पर ध्यान दें और ई-नीलामी सूचना के विवरण और संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लिखित वेबसाइट देखें। पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, यदि कोई हो, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-464) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर**

**दक्षिण पूर्व रेलवे**
मुस्कान के साथ सेवा

## उत्तर बंगाल में प्राकृतिक आपदा की आशंका, नबन्ना सतर्क



**कोलकाता :** उत्तर बंगाल में लगातार हो रही बारिश और जलस्तर में वृद्धि के चलते बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। राज्य सचिवालय नबन्ना ने इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए उत्तरबंग विकास विभाग के सचिव को हालात पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया है। यह आदेश स्वयं मुख्य सचिव ने जारी किया है।

सूत्रों के अनुसार, तीस्ता बैराज से छोड़े गए जल के कारण तीस्ता नदी के तटीय निम्न इलाकों में जलभराव शुरू हो चुका है। मेखलिगंज, क्रांति और सालुगुड़ा जैसे क्षेत्रों से कई निवासियों को पहले ही सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। मुख्य सचिव ने आवश्यकता अनुसार और अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।

मौसम विभाग ने शनिवार से सोमवार तक दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, कालिम्पोंग, कूचबिहार और अलीपुरद्वार जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके मद्देनज़र, इन जिलों के जिलाधिकारियों को भी अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया गया है।

राज्य सरकार पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है।

## तृणमूल के आंदोलन की रणनीति तय करेंगे अभिषेक बनर्जी, आठ अगस्त को वर्चुअल बैठक



**कोलकाता, समाज्ञा :** वोटर सूची में निगरानी और बंगाली भाषी लोगों पर हो रहे कथित अत्याचार के खिलाफ आंदोलन को लेकर तृणमूल कांग्रेस अब संगठन को और सक्रिय करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। इसी कड़ी में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी आगामी आठ अगस्त, शुक्रवार को शाम चार बजे एक अहम वर्चुअल बैठक करने जा रहे हैं। पार्टी की ओर से गुरुवार को एक सर्कुलर जारी कर बैठक की जानकारी संबंधित नेताओं को दी गई है। बैठक में सभी सांसद, विधायक, मेयर, डिप्टी मेयर, चेयरमैन, वाइस चेयरमैन, जिला परिषद के सदस्य, पंचायत समिति के सभापति और कोलकाता नगर निगम के सभी पार्षद हिस्सा लेंगे। एक नेता ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष को छोड़कर बाकी सभी शाखा संगठनों के प्रमुख, राज्य समिति के सदस्य, जिला परिषद चेयरमैन और जिलाध्यक्ष, साथ ही कोलकाता के सभी ब्लॉक अध्यक्ष भी इस बैठक में मौजूद रहेंगे। बैठक में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षक संगठनों तथा वेबकूपा को छोड़कर बाकी सभी शाखा संगठनों के जिला अध्यक्ष और चेयरमैन को भी आमंत्रित किया गया है।

# बंगाल के कुछ जिलों में भारी बारिश होने की संभावना : आईएमडी



**कोलकाता :** उत्तर बंगाल की खाड़ी पर बने चक्रवाती परिसंचरण और दक्षिण-पश्चिम मानसून की सक्रियता के कारण पश्चिम बंगाल के कई जिलों में आगामी छह अगस्त तक भारी बारिश होने की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। आईएमडी के बुलेटिन के अनुसार, दक्षिण बंगाल के उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, नदिया, हुगली, पूर्व व पश्चिम बर्धमान, बीरभूम, पुरुलिया और बांकुड़ा जिलों में रविवार तक एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। कोलकाता में शनिवार को भारी बारिश की संभावना जताई गई है। आईएमडी ने कहा कि दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में एक-दो स्थानों पर गरज के साथ बिजली चमकने और 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका है। बुलेटिन में बताया गया कि उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग, कालिमपोंग, अलीपुरद्वार, जलपाईगुड़ी और कूचबिहार जिलों में दो अगस्त से चार अगस्त तक अत्याधिक वर्षा हो सकती है। पिछले 24 घंटे में बृहस्पतिवार सुबह साढ़े आठ बजे तक दक्षिण बंगाल के कैनिंग और उत्तर बंगाल के कालिमपोंग में राज्य में सर्वाधिक 110 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। कोलकाता के अलीपुर क्षेत्र में इस दौरान 37 मिलीमीटर और सॉल्ट लेक इलाके में 72 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। राज्य के अन्य हिस्सों में भी अच्छी बारिश हुई जिनमें बांकुड़ा में 72 मिलीमीटर, बर्धमान में 61 मिलीमीटर और दार्जिलिंग में 45 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**संख्याः सीओएस/सीआरजे/पीयूबी/ई-टेंडर/19/0162, दिनांकः 26/07/2025।** निम्नलिखित ***ई-निविदाओं*** को **www.ireps.gov.in** लिंक के अंतर्गत देखा जा सकता है। ऐसी ई-निविदा के प्रस्ताव केवल **www.ireps.gov.in → लॉगिन → ई-निविदा स्टोर/सप्लाई** लिंक पर जाकर इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत किए जा सकते हैं। विक्रेता विशेष निविदा या आईआरईपीएस से संबंधित जानकारी, यदि कोई हो, के संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित अधिकारियों से भी संपर्क कर सकते हैं, उप सीएमएम/ मुख्यालय/ सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन, **9163340711** या एसएमएम/सीओएन/मुख्यालय, **0341-2535631। क्रम संख्या; निविदा सं.; मद का संक्षिप्त विवरण; मात्रा; बयाना राशि जमा (रुपये); निविदा बंद होने की तारीख एवं समय (भामास)** निम्नलिखित हैं: **[1]; 75253838;** आरेख/विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/एमएस/3/035 अल्ट.-4 के अनुसार डब्ल्यूएजी-9एचसी लोको के लिए ब्लाइंड इंस्टॉलेशन (एलएच एवं आरएच) (संलग्न सेट के विवरण के अनुसार)। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]; **965.00 सेट;** रु. 10,81,310.00; **18/08/2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। [2]; 75253854सी; (i)** ईएलएएयू/डीकेएई के लिए डब्ल्यूएजी-9एचसी हेतु बोल्ट हेक्स हेड का सेट (संलग्न सेट के विवरण के अनुसार)। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी **की तारीख के बाद** 30 महीने], **(ii)** विनिर्देश सं. आईएसः1364-एस-8.8 जीआर-ए से आईएसः 1367 के अनुसार डब्ल्यूएजी-9एचसी के लिए हेक्स हेड बोल्ट का सेट (संलग्न सेट के विवरण के अनुसार)। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]; **(i) 272.00 सेट, (ii) 336.00 सेट;** रु. 2,30,490.00; **18/08/2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। [3]; 75253868;** फायबर ग्लास इंसुलेशन किट, सीएलडब्ल्यू के विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/एमएस/3/015 अल्ट.-6 के अनुसार। (संलग्न सेट के विवरण के अनुसार)। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]; **406.00 सेट;** रु. 1,43,610.00; **19/08/2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। [4]; 75254051;** विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/एमएस/3/077 अल्ट.-6, आरेख सं. 03/1/38/99 अल्ट.1 के अनुसार डब्ल्यूएजी-9एचसी लोको/श्रेणी-स्ट्रक्चरल के लिए एमएस फैब्रिकेटेड आयटम (लघु)-1 (सेट का विवरण संलग्न है), कैट सं. आर/9/0157। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]; **269.00 सेट;** रु. 2,15,590.00; **19/08/2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। [5]; 75254052;** आरेख सं. 1209-00.240-202 अल्ट.2, विनिर्देशः 1209-08.140-054 एवं 1209-08.140-055, कैट सं. एस/9/0082 के अनुसार डब्ल्यूएजी-9एचसी लोको/श्रेणी-स्ट्रक्चरल के लिए एमएस फैब्रिकेटेड आयटम (लघु)-2। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]; **644.00 सेट;** रु. 2,37,100.00; **21/08/2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। [6]; 75253941; (i)** सीएलडब्ल्यू विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/एमएस/3/040, अल्ट-15 के अनुसार डब्ल्यूएजी-9एच के लिए ईक्यू. माउंटिंग, रूफ, केबल बिछाने, कनेक्शन, वीबी, वीसी, जांच सेक्शन के लिए स्टेनलेस स्टील हार्डवेयर आयटम। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 72 महीने], **(ii)** विनिर्देशः सीएलडब्ल्यू/एमएस/3/040 अल्ट-15 के अनुसार ईएलएएयू/डीकेएई के लिए एसटीएन. स्टील हार्डवेयर आयटम। (सेट के संलग्न विवरण के अनुसार)। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी **की तारीख के बाद 72 महीने], (iii)** डब्ल्यूजी-एचसी.3ईएचपी416001, 3ईएचपी416003, 3ईएचपी416004, एनबी332 600 पी0 के लिए पैनल सेक्शन हेतु एसटीएन. स्टील हार्डवेयर आयटम, विनिर्देशः सीएलडब्ल्यू/एमएस/3/040 अल्ट-15। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 72 महीने], **(iv)** सीएलडब्ल्यू/सीआरजे.3ईएचपी416003पी0312, 3ईएचपी416003पी0416 के लिए डब्ल्यूएजी-9एचसी के लिए हारनेस सेक्शन हेतु एसटीएन. स्टील हार्डवेयर आयटम, विनिर्देशः सीएलडब्ल्यू/एमएस/3/040 अल्ट-15। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 72 महीने], **(i) 448.00 सेट, (ii) 212.00 सेट, (iii) 180.00 सेट, (iv) 163.00 सेट;** रु. 3,28,590.00; **22/08/2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे।**

**[PR4/156] पीसीएमएम/चिरेका/चित्तरंजन**

हमें अनुसरण करें: www.facebook.com/clwrailways

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

**ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 29/ईटी/2025-26 दिनांकः 29.07.2025**

| क्र. सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 04251226 | बॉडी साइड विन्डो एआरआरजीटी | 2400 नग | 19.08.2025 |
| | | इमरजेंसी ओपनेबल बिन्डो | 800 नग | |
| 02 | 11241431ए | सेट ऑफ अन्डर फ्रेम फन्ट पार्ट | 1588 सेट | 11.08.2025 |
| 03 | 03251209 | सेट ऑफ सीट एन्ड बर्थ फॉर एलडब्लूएससीएन कोचेज | 120 सेट | 16.09.2025 |
| 04 | 03251397 | लेवोटरी मेडूल फॉर एलडब्लूएलआरआरएम कोचेज | 169 सेट | 02.09.2025 |
| 05 | 12251131 | प्राइमरी इनर स्प्रिंग (कोड एफ-06) | 3374 नग | 02.09.2025 |
| | | प्राइमरी आउटर रिंप्रंग (कोड एफ-07) | 2751 नग | |

**शुद्धिपत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 23/ईटी/2025-26 दिनांक 08.07.2025 | टेंडर नं. 03251302 | निविदा खुलने की तिथि 29/07/2025 स्थान पर तिथि 05/08/2025 पढ़ें |

**Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in (Dy. CMM/M&P)**

**ई-निविदा सूचना सं: इलेक्ट-पीएस-20590** दिनांकः 26.07.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस/एमसीएफ/आरबीएल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु वांछित प्रोफार्मा पर योग्य निविदाकारो से एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली ई-निविदा भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। **विवरणः-1. कार्य का नाम :**आधुनिक कोच फैक्ट्री रायबरेली के लिए CRIS के नेतृत्व में IR-NIYANTRAC वेब पोर्टल के साथ विद्युत परिसंपत्तियों के एकीकरण के लिए क्लाउड आधारित डेटा प्रबंधन प्रणाली का विकास। **2. कार्य स्थल :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना लालगंज रायबरेली। **3. अनुमानित लागत :** ₹1,24,24,261.30 (₹ एक करोड़ चौबीस लाख चौबीस हजार दो सौ इकसठ रूपये और तीस पैसे मात्र।) **4. अग्रीम राशि :** ₹ 22,12,100.00 (रू दो लाख बारह हजार एक सौ रूपये मात्र।) **5. कार्य समाप्ति की अवधि :** 05 (पांच माह), **6. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 19.08.2025, at 15:00 बजे। **7. अन्य शर्तें:** अन्य विवरण एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शैल, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये दो पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं. एमसीएफ/आरबीएल/टेण्डर/मैनुअल अंडर का फ्रेम का निर्माण/2025-26/सी 148ई दिनांकः 28.07.2025, आईआरईपीएस के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती है –

**कार्य का नामः** कार्य के दायरे के अनुसार मैनुअल जिग अंडर फ्रेम लाइन पर पूर्ण अंडर फ्रेम का निर्माण। **कार्य की अनुमानित लागत (₹):** ₹ 4,10,38,158.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):** शून्य, **अमानत राशिः** ₹3,55,200.00 (₹ तीन लाख पचपन हजार दो सौ) मात्र, **कार्य की मात्रा**–700 अंडर फ्रेम।, **कार्य समापन की अवधि**– 15 माह।, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय– 19.08.2025 को 11.00 बजे।, निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट. **www.ireps.gov.in** पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

**उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शैल**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप. मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/फर्नि.प्रोग., आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये (निविदा सं. एम-200/इन हाउस मैन्युफैक्चरिंग ऑफ एफआरपी/एलडब्लूएसडीजी/2025-26 दि. 29.07.2025) एकल पैकेट प्रणाली आधारित भारतीय रेलवे पोर्टल **www.ireps.gov.in** द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं–

**कार्य का नाम :** कार्य क्षेत्र के अंतर्गत एलडब्लूएसडीजी कोचों के लिए एफआरपी साइड वाल और सीलिंग पैनेल सेट के इन हाउस निर्माण के कार्य हेतु निविदा का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत (₹ में) :** ₹ 2,46,38,400.00, **अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी (₹में) :** ₹ 2,73,200.00, **कार्य की मात्रा**– 120 एलडब्लूएसडीजी कोच सेट। **कार्य समापन की अवधिः** 12 माह।, **ई-निविदा दिनांक**–20.08.2025 को 15:00 बजे तक ऑन-लाइन जमा कर सकते हैं। हस्त लिखित निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **ई-निविदा** दिनांक–20.08.2025 को 15.00 बजे के बाद ऑन-लाइन **http://www.ireps.gov.in** के द्वारा खोली जाएगी। ई-निविदा सूचना और टर्म्स एवं कंडीशन का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के आईआरईपीएस की वेब साइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियन्ता/फर्नि, प्रोग.**

निविदा संख्या :- CAMC-ACE-25-26-164

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एम&पी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या CAMC-ACE-25-26-164 नियत तिथि– **20.08.2025** जारी की जाती है। यह खुली ई. निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मो को आमंत्रित की जाती है– यह निविदा द्वि पैकेट प्रणाली पर आधारित है। **कार्य का नामः** खुली निविदा के मध्यम से कार्य के दायरे के अनुसार 23 एसीई निर्मित विभिन्न क्षमताओं (3टी और 5 टी) के फोर्क लिफ्ट ट्रक का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध 02 वर्ष की अवधि के लिए।, **कार्य की अनुमानित लागत ₹ में** : ₹82,56,454.70 (₹ बयासी लाख छप्पन हजार चार सौ चौवन और सत्तर पैसे मात्र), **धरोहर राशिः** ₹ 1,65,100.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** ₹.5,000.00, **कार्य समापन की अवधि :** दो वर्ष (24 माह), **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय–20.08.2025** को 15:30 बजे। विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**कार्य प्रबन्धक/संयंत्र**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 7 अगस्त को जारी होगा पश्चिम बंगाल ज्वाइंट एंट्रेंस का रिजल्ट, बोर्ड ने की घोषणा

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल संयुक्त प्रवेश परीक्षा (डब्ल्यूबीजेईई) 2025 का परिणाम 7 अगस्त को घोषित किया जाएगा। गुरुवार को संयुक्त प्रवेश बोर्ड की चेयरपर्सन सोनाली चक्रवर्ती बंद्योपाध्याय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। गौरतलब है कि यह परीक्षा 27 अप्रैल 2025 को आयोजित की गई थी, लेकिन ओबीसी आरक्षण से जुड़ी कानूनी अड़चनों की वजह से रिजल्ट में देरी हो रही थी।



सोनाली चक्रवर्ती ने बताया कि बोर्ड पहले से ही रिजल्ट जारी करने के लिए तैयार था, लेकिन ओबीसी श्रेणी से संबंधित मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित होने के कारण परिणाम घोषित नहीं किया गया। अब सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद मामला साफ़ होने पर उच्च शिक्षा विभाग ने बोर्ड को रिजल्ट प्रकाशित करने का निर्देश दिया, जिसके बाद बुधवार को इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना भी जारी कर दी गई।

चेयरपर्सन ने बताया कि 31 जुलाई से 2 अगस्त तक परीक्षार्थी डब्ल्यूबीजेईई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपनी श्रेणी की जानकारी अपडेट कर सकते हैं। इसके लिए एक विशेष लिंक भी जारी किया गया है। छात्रों द्वारा दी गई श्रेणी संबंधी जानकारी के आधार पर 7 अगस्त को अंतिम परिणाम प्रकाशित किया जाएगा। सभी परीक्षार्थी डब्ल्यूबीजेईई की वेबसाइट पर अपने स्कोर और रैंक देख सकेंगे।

गौरतलब है कि इस साल राज्य के इंजीनियरिंग और फार्मेसी कॉलेजों में दाखिले के लिए लाखों छात्रों ने परीक्षा दी थी, लेकिन परिणाम में विलंब से कई छात्रों ने निराश होकर अन्य संस्थानों में दाखिला भी ले लिया था। अब रिजल्ट की घोषणा से छात्रों में एक बार फिर उम्मीद जगी है।

# मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद बीरभूम जिला पुलिस में बड़ा फेरबदल

### चार थाना प्रभारियों का तबादला

**बीरभूम :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हाल की बीरभूम यात्रा के दौरान ज़िले में पुलिस की भूमिका को लेकर जताई गई असंतोष के बाद, ज़िला प्रशासन ने त्वरित कदम उठाते हुए बीरभूम ज़िले में पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। बुधवार को ज़िला पुलिस अधीक्षक अमनदीप ने एक अधिसूचना जारी कर कम से कम चार थानों के प्रभारी अधिकारियों (ओसी/आईसी) का स्थानांतरण किया।

सबसे अधिक ध्यान पाड़ुई, मल्लारपुर और बोलपुर थानों पर केंद्रित किया गया है।




**पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेश के अनुसार:**

❑ बोलपुर थाने के सब-इंस्पेक्टर (एसआई) राहुल घोषाल को स्थानांतरित कर मल्लारपुर थाने का नया प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

❑ पाड़ुई थाने के वर्तमान प्रभारी अब्दुल हनीफ को अमोदपुर थाने में ओसी पद पर भेजा गया है।

❑ अमोदपुर थाने के एसआई मनोज कुमार को बोलपुर थाने का नया प्रभारी बनाया गया है।

❑ मल्लारपुर थाने के एसआई को सैंथिया थाने में स्थानांतरित किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा पुलिस विभाग को लेकर की गई आलोचना के तुरंत बाद इस प्रशासनिक बदलाव को बेहद अहम माना जा रहा है।

## हावड़ा मैदान से एस्प्लेनेड तक 3 अगस्त को नहीं चलेगी मेट्रो



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो के ग्रीन लाइन-2 पर स्वचालित ट्रेन परिचालन (एटीओ) परीक्षण के चलते 3 अगस्त (रविवार) को हावड़ा मैदान से एस्प्लानेड तक के पूरे खंड में मेट्रो सेवाएं पूर्ण रूप से बंद रहेंगी। मेट्रो रेल प्रशासन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है। परीक्षण के दौरान यात्रियों की सुरक्षा और संचालन प्रक्रिया की दक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह पूर्ण यातायात अवरोध लागू किया जा रहा है। हालांकि, ब्लू लाइन पर दक्षिणेश्वर से शहीद खुदीराम तक की मेट्रो सेवाएं इस दिन सामान्य रूप से चालू रहेंगी।

## राज्य के कॉलेजों में दाखिले की समयसीमा खत्म, फिर भी लाखों सीटें खाली

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के कॉलेजों में स्नातक प्रथम वर्ष में दाखिले के लिए इस बार ऑनलाइन केंद्रीय पोर्टल पर रिकॉर्ड तोड़ आवेदन प्राप्त हुए हैं। राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने मंगलवार को बताया कि इस वर्ष कुल 5,27,781 छात्रों ने दाखिले के लिए आवेदन किया है और कुल 34,73,210 आवेदनपत्र जमा हुए हैं।

मंत्री ने इसे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पहल का परिणाम बताते हुए कहा कि, केंद्रीय पोर्टल की शुरुआत से दाखिला प्रक्रिया में पारदर्शिता, जवाबदेही और भ्रष्टाचार-मुक्त माहौल सुनिश्चित हुआ है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस बार महिला आवेदकों की संख्या 2,99,800 है जबकि पुरुष आवेदकों की संख्या 2,27,834, यानी छात्राओं की संख्या छात्रों से काफी अधिक रही।

दिलचस्प बात यह है कि न केवल बंगाल, बल्कि बिहार, झारखंड, असम, ओडिशा और उत्तर प्रदेश जैसे अन्य राज्यों से भी छात्रों ने इस व्यवस्था में भाग लिया। इन राज्यों से लगभग 19,618 बाहरी छात्रों ने 98,089 आवेदन किए हैं।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि पहले चरण की मेरिट लिस्ट अगले सप्ताह जारी की जाएगी, और फिर तय समयसीमा में दाखिला प्रक्रिया पूरी की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि भविष्य में इस प्रणाली को और भी आधुनिक और तकनीकी रूप से समृद्ध बनाने की दिशा में विभाग काम कर रहा है।

## पीआईबी की 'वार्ता' कार्यशाला में पत्रकारों ने वित्तीय समावेशन पर की विस्तारपूर्वक चर्चा

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी), कोलकाता द्वारा गुरुवार को आयोजित 'वार्ता' कार्यशाला में वित्तीय समावेशन को लेकर गहन संवाद हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक के डीईएएफ और नाबार्ड के सहयोग से पश्चिम बंगाल के 21 जिलों में 173 ब्लॉकों में 118 वित्तीय समावेशन केंद्र स्थापित किए गए हैं। कार्यशाला का उद्घाटन पीआईबी के महानिदेशक (पूर्वी क्षेत्र) टी.वी.के. रेड्डी ने किया। उन्होंने मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में सत्यापित जानकारी का प्रचार आवश्यक है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पीआईबी फैक्ट चेक की भूमिका को उदाहरणस्वरूप प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक पी.के. भारद्वाज ने भारत में वित्तीय समावेशन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और



नाबार्ड की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि नाबार्ड ने वित्तीय जागरूकता अभियानों हेतु 500 करोड़ आवंटित किए हैं। पंजाब नेशनल बैंक के एसएलबीसी महाप्रबंधक बलबीर सिंह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में अब हर गांव में बैंकिंग सेवा पहुंची है और राज्य में 5.38 करोड़ जन धन खाते हैं। उन्होंने राज्य की आर्थिक प्रगति का जिक्र करते हुए बताया कि राज्य में 12 लाख करोड़ जमा और 8.5 लाख करोड़ ऋण है। कार्यशाला में पत्रकारों के संवाद सत्र और प्रश्नोत्तर के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। पीआईबी की 'वार्ता' पहल मीडिया और शासन के बीच सार्थक संवाद का मंच बनती जा रही है।

## शिक्षक भर्ती 2025: जातिगत वर्ग चुनने के लिए स्कूल सेवा आयोग की नई अधिसूचना जारी

**कोलकाता :** 2025 की शिक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) ने एक नई अधिसूचना जारी की है। इसमें कहा गया है कि जिन उम्मीदवारों ने कक्षा 9वीं-10वीं और 11वीं-12वीं के शिक्षकों की नियुक्ति के लिए आवेदन किया है, उन्हें अब अपनी जाति श्रेणी (ओबीसी-ए, ओबीसी-बी, एससी, एसटी आदि) को स्पष्ट रूप से दर्ज करना होगा। इसके लिए आयोग ने एडिट विंडो की सुविधा दी है, जो 5 अगस्त से 11 अगस्त 2025 तक सक्रिय रहेगी। इस दौरान सभी पात्र अभ्यर्थी अपनी श्रेणी का चयन और अद्यतन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि ओबीसी आरक्षण मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण पहले



सभी आवेदकों को केवल जनरल कैटेगरी में आवेदन करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्थगनादेश मिलने के बाद आयोग ने फिर से यह एडिट विंडो चालू कर दी है। आयोग ने सभी अभ्यर्थियों से आग्रह किया है कि वे तय समय सीमा के भीतर अपनी श्रेणी को अपडेट करें, ताकि भर्ती प्रक्रिया में उनकी श्रेणी के अनुसार विचार किया जा सके।

## गंगा सागर जाने को पुल निर्माण की शर्तों में ढील के साथ फिर से निविदाएं आमंत्रित करने की तैयारी

### पहले भी निविदा आमंत्रित की गई थी, पर किसी कंपनी ने नहीं दिखाई थी दिलचस्पी

**कोलकाता, समाज्ञा :** ममता सरकार सागरद्वीप को मुख्य भूमि से जोड़ने वाली बहुप्रतीक्षित गंगासागर पुल परियोजना को नई गति देने जा रही है। नवान्न सूत्रों के अनुसार, राज्य लोक निर्माण विभाग गंगासागर को जोड़ने के लिए मुड़ीगंगा नदी पर इस पुल के निर्माण के लिए जल्द ही फिर से निविदाएं आमंत्रित करने जा रहा है। बताते चलें कि इस पुल के निर्माण में रुचि रखने वाली कंपनियों से पहले भी निविदाएं आमंत्रित की गई थीं, लेकिन उस समय किसी भी कंपनी द्वारा रुचि नहीं दिखाने के कारण प्रक्रिया रद करनी पड़ी थी। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इस बार कुछ शर्तों में ढील दी जाएगी और फिर से निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी। हर साल मकर संक्रांति के दौरान सागरद्वीप में गंगासागर मेले के दौरान लाखों तीर्थयात्री पवित्र स्नान के लिए आते हैं। कोलकाता से काकद्वीप के लाट-8 पहुंचने के बाद, उनकी एकमात्र यात्रा जलमार्ग ही होती है। लाट-8 से यात्रियों को सागरद्वीप पर कचुबेरिया पहुंचने के लिए स्टीमर, लांच से मुड़ीगंगा नदी पार करनी होती है। वहां से उन्हें फिर से सागर संगम के लिए बस-जीप व मैक्सी लेनी होती। इसके बाद वे वहां पवित्र स्नान करते हैं और कपिल मुनि मंदिर में पूजा-अर्चना करने जाते हैं। बार-बार बस या जीप-मैक्सी खराब होने से तीर्थयात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, तीर्थयात्री वर्तमान में साल भर गंगासागर जाते हैं। ऐसे में प्रतिकूल मौसम की स्थिति में यात्रा करने में परेशानी होती है। लेकिन अगर गंगासागर जाने के लिए मुड़ीगंगा पर पुल बन जाता है, तो सालभर द्वीप के साथ एक निर्बाध आवाजाही व्यवस्था स्थापित हो जाएगी। तीर्थयात्री आसानी से सागर संगम तक पहुंच सकेंगे। प्रस्तावित पुल की लंबाई लगभग तीन किलोमीटर है। यदि यह परियोजना क्रियान्वित होती है, तो न केवल तीर्थयात्रियों, बल्कि इस तटीय क्षेत्र के आम लोगों को भी लाभ होगा। यदि पुल बन जाता है तो पर्यटन और व्यापार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। सरकार ने बताया है कि जल्द ही एक नया टेंडर प्रकाशित किया जाएगा और यदि आवश्यक हुआ, तो केंद्र की मंजूरी के अधीन अतिरिक्त धनराशि आवंटित करने के मुद्दे पर भी विचार किया गया है। अब देखना होगा कि संशोधित शर्तों को फिर से आमंत्रित करने के बाद कोई इच्छुक कंपनी मिलती है या नहीं।

## नौसेना ने पी17ए के तहत पहले युद्धपोत हिमगिरि को प्राप्त किया

**कोलकाता :** रक्षा क्षेत्र के पीएसयू (सार्वजनिक उपक्रम) 'गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड' ने बृहस्पतिवार को आधुनिक युद्धपोत हिमगिरि को भारतीय नौसेना को सौंप दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जीआरएसई अधिकारी ने कहा कि यह भारतीय नौसेना के प्रोजेक्ट 17ए के तहत जीआरएसई द्वारा बनाए जा रहे तीन ऐसे युद्धपोतों में से पहला है। पूर्वी नौसेनिक कमान के मुख्य स्टॉफ अधिकारी (तकनीकी) रीयर एडमिरल रवनीश सेठ ने यहां नौसेना की ओर से युद्धपोत को प्राप्त किया। अधिकारी ने कहा कि ये 149 मीटर लंबे और 6,670 टन वजनी युद्धपोत जीआरएसई द्वारा निर्मित सबसे बड़े और अत्याधुनिक निर्देशित मिसाइल युद्धपोत हैं। उन्होंने बताया कि तीनों पोत की कीमत 21,833.36 करोड़ रुपये से अधिक है। उन्होंने एक बयान में कहा कि हिमगिरि पर ब्रह्मोस मिसाइल और बराक 8 एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल तैनात हैं। अधिकारी ने कहा कि हिमगिरि कोलकाता स्थित जीआरएसई द्वारा निर्मित और वितरित किया गया 112वां युद्धपोत है।

## आसनसोल डिवीजन में इंटरलॉकिंग कार्य के चलते ट्रेनों के संचालन में बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल अंतर्गत अंडाल जंक्शन कैबिन पर यार्ड परिवर्तन (यार्ड अल्टरकेशन) के तहत पैनल इंटरलॉकिंग को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से बदलने का कार्य 2 और 3 अगस्त 2025 को किया जाएगा। इस कार्य के कारण अस्थायी रूप से नॉन-इंटरलॉकिंग व्यवस्था लागू की जा रही है, जिससे कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार, 3 अगस्त 2025 को चलने वाली निम्नलिखित मेमू ट्रेनें रद्द रहेंगी, 63531 अंडाल-सैंथिया, 63537 अंडाल-सैंथिया और 63534 सैंथिया-अंडाल। वहीं, 4 अगस्त को चलने वाली 63532 सैंथिया-अंडाल मेमू ट्रेन भी रद्द रहेगी। इसके अलावा, 3 अगस्त को चलने वाली 63545/63546 अंडाल-जसीडीह-अंडाल मेमू ट्रेन को अब अंडाल -बरबनी-सितारामपुर मार्ग की जगह अंडाल-असंसोल-सितारामपुर मार्ग से परिचालित किया जाएगा। यह परिवर्तन रेलवे सुरक्षा और संचालन को अधिक उन्नत और तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक आवश्यक कदम है।

## सीआईएसएफ ने अपने कर्मियों और उनके परिवारों को प्रदान की मानसिक स्वास्थ्य सहायता

**कोलकाता :** आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट (एबीईटी) की फाउंडर और चेयरपर्सन नीरजा बिड़ला और सीआईएसएफ के डीजी आर.एस. भट्टी, आईपीएस ने संयुक्त रूप से आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट की एक पहल, एमपावर द्वारा संचालित मानसिक स्वास्थ्य पहल, प्रोजेक्ट मन की प्रगति की समीक्षा की। यह प्रोजेक्ट नवंबर 2024 में सीआईएसएफ और आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट के बीच हुए समझौते के तहत लागू किया जा रहा है। अब तक प्रोजेक्ट मन ने 75,000 सीआईएसएफ कर्मियों और उनके परिवारों को सहयोग प्रदान किया है। एमपावर ने 8,506 अधिकारियों और उप-अधिकारियों को प्रशिक्षित भी किया है ताकि वे सामान्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान और प्रबंधन कर सकें तथा गंभीर मामलों को विशेषज्ञों तक पहुँचा सकें। इस दो-स्तरीय ढाँचे से जमीनी स्तर पर मनोवैज्ञानिक सहयोग अधिक सुलभ हुआ है।

## वीवो टी4आर 5जी, इंडस्ट्री-बेस्ट वॉटर और डस्ट प्रोटेक्शन के साथ लॉन्च

**कोलकाता :** ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड, वीवो ने वीवो की टी सीरीज़ पोर्टफोलियो में नया सदस्य वीवो टी4आर 5जी लॉन्च किया है। यह स्मार्टफोन सबसे स्लिमेस्ट क्वाड कर्व्ड डिस्प्ले स्मार्टफोन1 है जो इंडस्ट्री-लीडिंग वाटर और डस्ट प्रोटेक्शन2 - आईपी68 और आईपी69 रेटिंग्स के साथ आता है। यह स्मार्टफोन युवाओं और एडवेंचर पसंद करने वालों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है, जो हर परिस्थिति में बिना समझौता किए शानदार अनुभव देता है। वीवो टी4आर 5जी में मीडियाटेक डायमेंसिटी 7400 एसओसी है, जो इसे दमदार परफॉर्मेंस देने में सक्षम बनाता है। इसमें 50एमपी सोनी आईएमएक्स882 मेन कैमरा है, साथ ही 32एमपी फ्रंट कैमरा भी मौजूद है, दोनों से ही 4के वीडियो रिकॉर्डिंग की जा सकती है, जिससे हाई-क्वालिटी वीडियो कैप्चर करना संभव है। फोन में बड़ी 5700एमएएच बैटरी है जो 44वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट करती है, जिससे लंबे समय तक इस्तेमाल सुनिश्चित होता है। वीवो इंडिया ऑनलाइन बिज़नेस के, चीफ बिज़नेस ऑफिसर पंकज गांधी लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कि, एडवेंचर पसंद करने वालों के लिए बनाए गए और टर्बो परफॉर्मेंस डीएनए के साथ आने वाले नए वीवो टी4आर को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह एक ऑल-राउंड अनुभव दे सके।

## पूर्व सैनिक के घर चोरी का मामला सुलझा, अभियुक्त को गिरफ्तार कर बरामद हुआ चोरी का सामान

**कोलकाता :** सर्सुना क्षेत्र में एक पूर्व सैनिक के घर में हुई चोरी की घटना का सफलतापूर्वक खुलासा हुआ है। इस मामले की जांच कर रही एबीएस, डीडी (एंटी-बर्गलरी स्क्वॉड, डिटेक्टिव डिपार्टमेंट) ने सतर्कता और तकनीकी निगरानी के ज़रिए



अभियुक्त को गिरफ़्तार कर लिया है।

जांच के दौरान घटनास्थल के आसपास से उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज एकत्र किए गए और गहन विश्लेषण के बाद संदेह की सुई एक संभावित अभियुक्त पर जाकर टिकी - कोची मिस्त्री (21 वर्ष), निवासी सुकदेवपुर, थाना डायमंड हार्बर, दक्षिण 24 परगना।

तकनीकी निगरानी में यह सामने आया कि अभियुक्त डायमंड हार्बर और मेदिनीपुर के कुकराहाटी इलाके के बीच लगातार जगह बदल रहा था। इसके आधार पर एबीएस डीडी की टीम ने दो जिलों में 12 घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद अभियुक्त को पकड़ने में सफलता पाई।

गिरफ्तारी के तुरंत बाद की गई पूछताछ में चोरी के सामान का एक बड़ा हिस्सा बरामद कर लिया गया है। पुलिस द्वारा की गई इस तेज़ और प्रभावी कार्रवाई की सराहना की जा रही है।

मामले में आगे की जांच जारी है।

## मां शाकम्भरी सिंधारा व झूलन महोत्सव का भव्य आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** हरियाली तीज के पावन पर्व पर श्री शाकम्भरी सेवा ट्रस्ट एवं श्री शाकम्भरी भक्त मंडल, कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में मां शाकम्भरी सिंधारा एवं झूलन महोत्सव का भव्य आयोजन बिधान गार्डन में श्रद्धा, भक्ति और संस्कृति के अनुपम संगम के रूप में संपन्न हुआ। यह आयोजन केवल सावन मास की हरियाली तीज का उत्सव नहीं था, बल्कि मां शाकम्भरी की दिव्य उपासना के माध्यम से प्रकृति, नारी शक्ति और अन्न-वनस्पति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का आध्यात्मिक प्रयास भी था। मां शाकम्भरी देवी, जिन्हें 'साताक्षी' भी कहा जाता है, देवी दुर्गा का वह करुणामयी स्वरूप हैं, जिन्होंने अपने सौ नेत्रों से पृथ्वी की पीड़ा देखकर उसे अन्न, फल-फूल और वनस्पतियों से संजीवनी दी। महोत्सव की शुरुआत मां के आह्वान व दुर्गा सप्तशती पाठ से हुई, जिससे वातावरण में भक्ति और ऊर्जा का संचार हुआ। इसके बाद कुमारी कन्याओं का विधिपूर्वक पूजन



किया गया। मां के ऋतु पुष्पों व पारंपरिक आभूषणों से अलंकृत दिव्य श्रृंगार ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मां के हिंडोले के दर्शन ने भक्तों को अलौकिक आनंद से भर दिया। इसके पश्चात भजन संध्या में प्रसिद्ध गायक सौरव मधुकर व उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत भजनों ने श्रद्धालुओं को भक्ति में डुबो दिया। दरबार प्यारो लागे रे, मैया जी थारा झूला शतरंगी, शाकम्भरी मैया को ध्यावो रे जैसे भजनों को खूब सराहा गया। नृत्यनाटिका शाकम्भरी मंगल स्तुति तथा चुनरी एवं गजरा श्रृंगार कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का समापन छप्पन भोग अर्पण और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। संयोजक अशोक ढेडिया ने इसे श्रद्धा, संस्कृति और प्रकृति संरक्षण की सामूहिक अभिव्यक्ति बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाकंभरी सेवा ट्रस्ट के सदस्य गण बजरंगलाल बजाज, विष्णु अग्रवाल, प्रकास रामरयाका, पवन सुल्तानिआ, संदीप भौतिक, समीर सोंथालिया, सुरेश ढांढारिया एवं मंडल के सभी सदस्य सक्रिय रहे।

## आईआईटी खड़गपुर आत्महत्या रोकने के लिए छात्रावास में छोटे पंखे लगाने पर विचार कर रहा

**खड़गपुर, समाज्ञा :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर भावनात्मक रूप से परेशान छात्रों को किसी भी तरह के आत्मघाती कदम से रोकने के मकसद से छात्रावास के कमरों में छोटे पंखे लगाने पर विचार कर रहा है। संस्थान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस वर्ष परिसर में छात्रों की आत्महत्या के मामले सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया है। संस्थान के निदेशक सुमन चक्रवर्ती ने कहा कि परिसर में छात्रों से 24 घंटे संपर्क बनाए रखने, छात्रावास में रहने वाले छात्रों के माता-पिता से हर दूसरे महीने बातचीत करने, 'कैंपस मदर्स' कार्यक्रम (जहां महिला संकाय और कर्मचारी सदस्य छात्रों के लिए भावनात्मक मार्गदर्शक के रूप में काम करती हैं) और स्थायी मनोचिकित्सक की नियुक्ति जैसे कदम उठा रहे हैं। इसके अलावा



हम पंखों का आकार छोटा करने जैसे कदम भी उठा रहे हैं ताकि उनका किसी अन्य उद्देश्य के लिए उपयोग न किया जा सके। चक्रवर्ती ने कहा कि यह मानसिक समस्याओं से छुटकारा पाने का विकल्प नहीं है। लेकिन जब आस-पास कोई न हो और अचानक ऐसे ख्याल आने पर इससे मदद मिल सकती है। निदेशक ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि लगभग 16 हजार छात्रों वाले सभी 21 छात्रावासों में हम चरणबद्ध तरीके से छोटे पंखे लगाने पर विचार कर रहे हैं। इसलिए तत्काल कोई समय-सीमा नहीं बता सकते।

## हावड़ा स्टेशन पर पूर्व रेलवे का विशेष कैंप कोर्ट अभियान, बिना टिकट यात्रा पर कड़ी कार्रवाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल द्वारा गुरुवार को हावड़ा स्टेशन के पुराने परिसर में एक विशेष रेलवे कैंप कोर्ट का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा पर लगाम लगाना और वास्तविक यात्रियों को निर्बाध यात्रा अनुभव सुनिश्चित करना था। रेलवे मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में संचालित इस विशेष कोर्ट में अनियमित या बिना टिकट यात्रा करने वालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की गई। यह अभियान रेलवे नियमों के प्रति सख्ती और यात्रियों की सुरक्षा के प्रति मंडल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 31 जुलाई को आयोजित इस विशेष मुहिम में कुल 3,46,770 की राशि वसूली गई। इसमें 2,82,630 की राशि 581 बिना या अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले यात्रियों से, 19,300 बिना बुक




किए सामान ले जाने पर 108 यात्रियों से तथा 44,840 की वसूली 158 मामलों में रेलवे मजिस्ट्रेट द्वारा की गई, जिनमें 64 मामले टिकट निरीक्षकों द्वारा दर्ज किए गए थे। इस अभियान को आरपीएफ, टिकट जांच दल और जीआरपी के सहयोग से चलाया गया। हावड़ा मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस पूरे अभियान की निगरानी की और विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों की सराहना की। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक राहुल रंजन ने इस सफल अभियान की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस तरह के विशेष टिकट जांच अभियानों को अन्य स्टेशनों पर और अधिक सख्ती के साथ चलाया जाएगा।

## हृदय को बनाए मक्खन चुराने आएंगे श्रीकृष्ण : स्वामी गिरिशानंद

**कोलकाता :** भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य मथुरा में हुआ और जन्मोत्सव गोकुल में हुआ। आनंद में विभोर नंद बाबा और यशोदा ने लोगों में खूब धन लुटाया लगता था कि वहां लक्ष्मी नृत्य कर रही है। भगवान ने आपको धन दिया है तो कभी जीवन में उत्सव का अवसर आए तो खूब लुटाना चाहिए। उत्सव मनाते समय चार प्रकार से काम करना चाहिए-' भगवान की आराधना ,धार्मिक अनुष्ठान, समाजसेवा और बंधु-बान्धव को भोजन करना।गोकुल में नंदोत्सव खूब मनाया गया। नंदोत्सव के 18श्लोक का पाठ करने से श्रीमद्भागवत के पाठ करने जैसा फल मिलता है।इसका पाठ करने से श्रीकृष्ण और राधारानी प्रसन्न होते हैं।भगवान श्रीकृष्ण की लीला में प्रवेश के लिए जरूरी है अविद्या रूपी पूतना को नष्ट करना पड़ेगा। यह भगवान कृष्ण की कृपा और करुणा थी कि जो पूतना को



मारने आई थी उसका उद्धार कर दिया क्योंकि वह मां बनकर आई थी। जो पूतना का उद्धार कर सकता है क्या वह आपका उद्धार नहीं कर सकता? इसलिए मन लगे भगवान श्रीकृष्ण का भजन करने लगे तो भी करो एक दिन उनका दर्शन हो जाएगा। भगवान से प्रेम करो, जुड़ो, जरूरत पड़े तो उनसे झगड़ा करो।जीवन की सारी वृत्तियां कृष्ण से जोड़ लो। भगवान कृष्ण गोपियों की मक्खन की चोरी करते हैं क्योंकि वह गोपियों के प्रेम के भूखे है न कि मक्खन के।गोपियां कृष्ण के बिना नहीं रह सकती तो कृष्ण भी गोपियों के बिना। मेरे गुरुजी स्वामी अखंडानंद सरस्वती महाराज कहते थे ,तुम भी अपना हृदय मक्खन जैसा कोमल, मीठा बना लो तुम्हारा मक्खन भी कृष्ण चुरा लेंगे, तुम्हारा जीवन धन्य हो जाएगा। जीवन में कभी अहंकार नहीं करना चाहिए। इन्द्र का अंहकार दूर करने श्रीकृष्ण गोकुल के लोगों से गोवर्द्धन पूजा करवाते है। ये बातें सीताराम-श्याम सुंदर लोहिया परिवार के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा पर प्रवचन करते हुए स्वामी गिरिशानंद महाराज ने सफ्फायर सभागार में कही। कथा के मुख्य यजमान मायादेवी-वओमप्रकाश लोहिया ने व्यासपीठ पूजन किया। कार्यक्रम का संचालन राम कथावाचक पुरुषोत्तम तिवारी ने किया। इस अवसर पर दर्शन केसरी स्वामी मुक्तानंद महाराज, मुरारीलाल मंजू-अरविन्द नेवर, संगीता-विनोद माहेश्वरी,सावित्री लोहिया, शकुंतला दीवान, वर्षा अग्रवाल, बबीता दीवान, प्रभात पंसारी, सज्जन सिंघानिया, राजू चौधरी, दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, राम अवतार केडिया, संदीप अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद बियानी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# हावड़ा में भारी बारिश से जलजमाव और मकानों में दरारें, सैकड़ों लोग प्रभावित



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा में पिछले दो दिनों से रुक-रुक कर हो रही मूसलधार बारिश ने जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। शहर के अधिकांश इलाके जलमग्न हो गए हैं, जिससे लोग अपने घरों में कैद होने को मजबूर हैं। कहीं कमर तक तो कहीं घुटनों तक पानी भर गया है। हावड़ा के उत्तर से लेकर दक्षिण तक शायद ही कोई इलाका जलजमाव से अछूता बचा हो। स्कूलों के रास्ते पानी में डूबे हुए हैं, जिससे बच्चों को स्कूल पहुंचने में परेशानी हो रही है। सड़कों पर पानी भरने से जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, जिनमें पानी भरे होने के कारण कई गाड़ियों के दुर्घटनाग्रस्त होने की भी खबरें सामने आई हैं। इसी बीच, हावड़ा नगर निगम के वार्ड संख्या 39 में बारिश के कारण मिट्टी धंसने से 10 से 12 घरों में दरारें आ गई हैं, जिससे करीब 100 परिवार प्रभावित हुए हैं। डर के चलते लोगों ने अपने घर खाली कर दिए हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हम लोग कहां रहेंगे? बारिश का समय है, घर में दरारें पड़ गई हैं, अब रहना मुश्किल हो गया है।



घटना की सूचना मिलते ही दक्षिण हावड़ा की विधायक नंदीता चौधरी मौके पर पहुंची और प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने जल्द ही पुनर्वास और राहत की समुचित व्यवस्था का आश्वासन दिया है। लगातार हो रही बारिश और प्रशासनिक इंतजामों की कमी से लोग गहरी परेशानी में हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में और बारिश की चेतावनी जारी की है।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकास की ओर : राज्यपाल

## राज्यपाल ने आईएमएफ की रिपोर्ट की सराहना की

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा विश्व आर्थिक परिदृश्य पर जारी जुलाई, 2025 के नवीनतम रिपोर्ट और अनुमान पर गुरुवार को काफी प्रसन्नता व्यक्त की है। इस रिपोर्ट में भारत को 2025 और 2026 दोनों के लिए सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बताया गया है, जिसमें प्रत्येक वर्ष 6.4 प्रतिशत की मजबूत जीडीपी वृद्धि का अनुमान है। राज्यपाल ने कहा कि आईएमएफ द्वारा यह पुष्टि न केवल वैश्विक आर्थिक क्षेत्र में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका को पुष्ट करती है, बल्कि



वैश्विक चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन, नवाचार और मजबूती को भी दर्शाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परिवर्तनकारी, गतिशील और प्रेरणादायक नेतृत्व में, भारत निरंतर विकास और स्थिरता के एक प्रकाश स्तंभ के रूप में उभर रहा है और समावेशी विकास, डिजिटल परिवर्तन, बुनियादी ढांचे के विस्तार और वैश्विक कूटनीति में मानक स्थापित कर रहा है। राज्यपाल ने कहा कि यह अनुमान भारत की पांच ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनने की प्रतिबद्धता को और पुष्ट करता है और देश की रणनीतिक आर्थिक योजना, साहसिक नीतिगत पहलों और सशक्त नागरिकों को उजागर करता है। राज्यपाल ने भारत सरकार, आर्थिक संस्थानों, उद्यमियों और उन नागरिकों को बधाई दी जिनके सामूहिक प्रयासों ने इस असाधारण उपलब्धि में योगदान दिया है।

## दो दिन से लापता किशोर का फंदे से लटका मिला शव, रहस्यमयी मौत से दहशत

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के कुलतली थाना क्षेत्र के कुंदखाली गांव में बुधवार सुबह 16 वर्षीय किशोर का शव संदिग्ध हालत में बरामद किया गया। किशोर बीते दो दिनों से लापता था और परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, बुधवार सुबह गांव के एक लंबे समय से बंद पड़े मकान की खिड़की से एक पड़ोसी ने किशोर के शव को फांसी पर झूलते हुए देखा। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत घटना की जानकारी किशोर के परिवार को दी गई। परिजन किशोर को तुरंत कुलतली ब्लॉक अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी संभावित पहलुओं की जांच शुरू कर दी है। मौत के असली कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

## 'बंगाल फाइल्स' के निर्देशक विवेक अग्निहोत्री के खिलाफ प्राथमिकी, हाईकोर्ट में याचिका

**कोलकाता :** अपनी आगामी फिल्म 'बंगाल फाइल्स' को लेकर निर्देशक विवेक अग्निहोत्री एक बार फिर विवादों में हैं। फिल्म की रिलीज़ से पहले ही केवल टीज़र के आधार पर विवाद खड़ा हो गया है। अब कोलकाता के लेक टाउन थाने में विवेक अग्निहोत्री और फिल्म की प्रोड्यूसर पल्लवी जोशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इसके खिलाफ दोनों ने कलकत्ता हाईकोर्ट में एफआईआर रद्द करने की याचिका दायर की है। मामला न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की अदालत में दर्ज हुआ है।

एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि फिल्म में कुछ सांप्रदायिक और विवादास्पद टिप्पणियां की गई हैं, जो बंगाल की संस्कृति को कलंकित करती हैं। आरोप लगाने वाले का कहना है कि फिल्म का कथानक समाज में धार्मिक विभाजन और नफरत को बढ़ावा देता है।

इससे पहले भी, मुर्शिदाबाद जिले के बहारमपुर थाना में इसी फिल्म को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। यह शिकायत तृणमूल कांग्रेस शासित भाकुड़ी ग्राम पंचायत के उप-प्रधान बिप्लब कुंडू ने की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि फिल्म में हेट स्पीच और हिंदू देवी-देवताओं का अपमान किया गया है। उनके अनुसार, फिल्म में प्रयुक्त भाषा और विषयवस्तु सनातन धर्म और संस्कृति की भावना को ठेस पहुंचाने वाली है।

फिलहाल हाईकोर्ट में सुनवाई लंबित है, और इस विवाद ने फिल्म 'बंगाल फाइल्स' को रिलीज से पहले ही सुर्खियों में ला दिया है।

# मुख्यमंत्री ममता छह अगस्त को झाड़ग्राम में करेंगी 'भाषा रैली'

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आगामी छह अगस्त को झाड़ग्राम में 'भाषा रैली' का नेतृत्व करेंगी। यह रैली भाजपा शासित राज्यों में बंगाली भाषी लोगों पर कथित हमलों के खिलाफ विरोध स्वरूप आयोजित की जा रही है। बता दें कि शांतिनिकेतन और कोलकाता में पहले ही ऐसी दो रैलियों का आयोजन कर चुकी, मुख्यमंत्री अब जंगलमहल के आदिवासी बहुल इलाके झाड़ग्राम में सड़क पर उतरेंगी। राजबाड़ी मोड़ से सर्कस मैदान तक यह रैली निकाली जाएगी जिसमें मुख्यमंत्री विभिन्न समाजसेवियों, सामाजिक संगठनों और जनजातीय समुदायों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगी। मुख्यमंत्री की इस यात्रा और रैली की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए बुधवार को कोलकाता के



विधानसभा भवन में एक उच्चस्तरीय बैठक हुई, जिसमें राज्य के शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकीम, झाड़ग्राम जिला तृणमूल अध्यक्ष और विधायक दुलाल मुर्मू, बिनपुर के विधायक देवनाथ हांसदा और गोपीबल्लवपुर के विधायक खगेन्द्रनाथ महतो सहित जंगलमहल के अन्य नेता शामिल हुए। इसमें शामिल एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि खुद मंत्री हाकिम इस कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए एक दिन पहले ही झाड़ग्राम पहुंचेंगे। विधायक देवनाथ हांसदा ने बताया कि मुख्यमंत्री की यात्रा के दौरान भाषा रैली के साथ-साथ एक प्रशासनिक बैठक और अन्य कार्यक्रम भी होंगे। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी राजबाड़ी मोड़ से सर्कस मैदान तक रैली का नेतृत्व करेंगी, हालांकि जरूरत पड़ने पर रूट में बदलाव भी किया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री ममता ने किया थीम का नामकरण, हरियाली पर केंद्रित होगी 'टाला प्रत्यय' की दुर्गा पूजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा के ऐतिहासिक शताब्दी वर्ष में उत्तर कोलकाता की प्रसिद्ध पूजा समिति टाला प्रत्यय इस बार एक अनोखे पहलू को लेकर सुर्खियों में है। पहली बार किसी पूजा पंडाल की थीम को नाम देने का काम किया है मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने। इस वर्ष 'बीज अंगन' नाम की थीम के माध्यम से पर्यावरण-संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। बता दें कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले भी दुर्गा पूजा के उद्घाटन से लेकर प्रतिमा की चक्षुदान तक, बंगाल की सांस्कृतिक धरोहर से गहरे रूप में जुड़ी रही हैं। कोलकाता की दुर्गापूजा को यूनेस्को की इंटैन्जिबल कल्चरल हेरिटेज की सूची में शामिल करवाने में उनकी अग्रणी भूमिका किसी परिचय की मोहताज नहीं है। कई पूजा समितियों के लिए वह स्वयं थीम गीत भी लिख चुकी हैं, लेकिन यह पहली बार है जब किसी पंडाल की कला-थीम का नामकरण सीधे उन्हीं के द्वारा किया गया है। टाला प्रत्यय पूजा समिति के सदस्य शुभ बसु ने जानकारी दी कि बीते वर्ष ही मुख्यमंत्री ने शताब्दी वर्ष की तैयारियों के बारे में जानकारी ली थी। हाल ही में, एक समारोह में मुलाकात के दौरान उन्हें इस वर्ष की थीम के बारे में बताया गया, जिसमें हरियाली संरक्षण का संदेश प्रमुख रूप से रखा गया है। पूरे विचार को ध्यान से सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सृजन का नाम 'बीज अंगन' होना चाहिए। क्लब ने तत्काल ही इस सुझाव को स्वीकार कर लिया। पिछले तीन वर्षों से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी टाला प्रत्यय के पूजा पंडाल का उद्घाटन करती रही हैं। क्लब को इस बार भी उनके हाथों से ही पूजा का शुभारंभ होने की उम्मीद है।

# ईडी ने सहकारी बैंक धोखाधड़ी मामले में कोलकाता व अंडमान-निकोबार में मारे छापे

## मामला पूर्व कांग्रेस सांसद कुलदीप राय शर्मा से हैं संबंधित

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईडी ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के एक पूर्व सांसद से जुड़े कथित सहकारी बैंक कर्ज धोखाधड़ी से जुड़ी धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में गुरुवार को पहली बार इस केंद्र शासित प्रदेश में छापे मारे। यह मामला अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक (एएनएससीबी) और उसके उपाध्यक्ष कुलदीप राय शर्मा से संबंधित है। कांग्रेस नेता शर्मा इस केंद्र शासित प्रदेश के पूर्व सांसद (2019-24) हैं। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत पोर्ट ब्लेयर और उसके आसपास




के नौ और कोलकाता में दो जगहों पर छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी को कुछ दस्तावेज मिले हैं जो एएनएससी बैंक द्वारा ऋण सुविधाएं प्रदान करने में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं की ओर इशारा करते हैं। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस के पूर्व सांसद शर्मा की भूमिका भी ईडी की जांच के दायरे में है। उन्होंने आरोप लगाया कि शर्मा को लाभ पहुंचाने के लिए संदिग्धों द्वारा लगभग 15 संस्थाओं/कंपनियों का एक समूह बनाया गया और इन संस्थाओं द्वारा एएनएससीबी से धोखाधड़ी कर 200 करोड़ रुपये से अधिक की ऋण सुविधाएं ली गईं। सूत्रों ने बताया कि एकत्र किए गए दस्तावेजों से संकेत मिलता है कि बैंक की निर्धारित प्रक्रियाओं और दिशानिर्देशों की अनदेखी करके विभिन्न मुखौटा कंपनियों को ऋण सुविधाएं दी गईं। धन शोधन का यह मामला अंडमान निकोबार पुलिस की अपराध एवं आर्थिक अपराध शाखा की एक प्राथमिकी से उपजा है।

## हावड़ा में डेंगू रोकथाम योजना विवादों में घिरी, सप्लाई में मिलीं मरी मछलियां



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा में डेंगू से निपटने के लिए नगर निगम द्वारा नालियों में गप्पी मछलियां छोड़ने की एक विशेष योजना बनाई गई थी, लेकिन कार्यक्रम की शुरुआत से पहले ही योजना विवादों में घिर गई। तय कार्यक्रम से पहले ही लाखों रुपये की गप्पी मछलियां मरी हुई हालत में सप्लाई की गईं, जिसके चलते पूरा अभियान रद्द कर दिया गया। हावड़ा नगर निगम के मुख्य प्रशासक सुजॉय चक्रवर्ती ने इस अभियान की पहले घोषणा की थी और मीडिया को व्हाट्सऐप के माध्यम से इसकी जानकारी भी दी गई थी। लेकिन बाद में उन्होंने ही दावा किया कि उन्हें इस कार्यक्रम के बारे में कोई जानकारी नहीं है, जिससे भ्रम की स्थिति और अधिक गहरा गई। जब विभिन्न इलाकों से स्वास्थ्यकर्मी मछलियां लेने पहुंचे तो वे मरी हुई मछलियां देखकर वापस लौट गए। अब इस पूरी स्थिति को लेकर प्रशासनिक स्तर पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

# कांथी में छात्र की आत्महत्या मामले में तीन गिरफ्तार, एक आरोपी अब भी फरार

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के कांथी इलाके में नौवीं कक्षा के छात्र सूर्य मन्ना की आत्महत्या मामले ने तूल पकड़ लिया है। बता दें कि कांथी स्थित पिचवानी हाई स्कूल के छात्र सूर्य ने शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर गत 25 जुलाई की सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। अब इस मामले में कांथी पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य आरोपी फरार है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों के नाम अनूप मंडल, बुबू श्यामल और सुदीप्त पांडा हैं। एक अन्य आरोपी लालू श्यामल की तलाश की जा रही है। उल्लेखनीय है कि 24 जुलाई को करीब शाम 4 बजे सूर्य मन्ना और उसके दोस्तों को स्कूल यूनिफॉर्म में पिचवानी बाजार के पास कुछ युवकों ने घेर लिया और मारपीट की। मृतक छात्र के परिजनों का आरोप है कि आरोपी युवकों ने सूर्य पर एक लड़की से छेड़छाड़ का झूठा आरोप लगाया और जबरन उस लड़की की पहचान पूछी। वहीं, सूर्य ने आत्महत्या से पहले जो सुसाइड नोट लिखा, उसमें साफ कहा गया है कि वह लड़की को जानता तक नहीं था और उसे झूठे आरोप में प्रताड़ित किया गया। सुसाइड नोट में यह भी दर्ज है कि सूर्य के एक दोस्त जनय ने न केवल उसे प्रताड़ित किया बल्कि मोबाइल में घटना की रिकॉर्डिंग भी की। इस पूरे घटनाक्रम से मानसिक रूप से टूटकर सूर्य ने आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठाया। घटना के चार दिन बाद, 29 जुलाई की रात मृतक छात्र के पिता रवींद्रनाथ मन्ना ने कांथी थाने में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उन्हें गुरुवार को कांथी अदालत में पेश किया गया। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपी की तलाश जारी है और जल्द ही उसे भी पकड़ लिया जाएगा।

## शॉप्सी ने पूरे किए 4 साल, 450 मिलियन से ज़्यादा डाउनलोड और अब भारत के छोटे शहरों तक बनाई पहुंच

**कोलकाता :** फ्लिपकार्ट का तेजी से बढ़ता हाइपर-वैल्यू प्लेटफॉर्म शॉप्सी अपनी चौथी वर्षगांठ मना रहा है। इस मौके पर शॉप्सी ने 'भारत को किंग/क्वीन साइज जिंदगी' देने के अपने मिशन को और मजबूत किया है, ताकि ग्राहकों को कम खर्च में सबसे ज़्यादा फायदा मिल सके। अब तक 450 मिलियन से ज्यादा ऐप डाउनलोड का आंकड़ा पार कर चुका शॉप्सी देश के चारों कोनों में 19,000+ पिन कोड तक डिलीवरी कर रहा है, जिसमें मेट्रो शहरों से लेकर छोटे-छोटे कस्बों तक पहुंच शामिल हैं। शॉप्सी के बिज़नेस हेड, कपिल थिरानी ने कहा, पिछले चार सालों में शॉप्सी देश भर के समझदार खरीदारों के लिए एक पसंदीदा ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म बन गया है। हमारा लक्ष्य हमेशा अच्छी क्वॉलिटी के विविध प्रोडक्ट्स देना, खरीदारी को आसान बनाना और ग्राहकों को स्थानीय अनुभव देना रहा है।

## बशीरहाट में सिविक वॉलंटियर की बेरहमी से पिटाई, वीडियो वायरल, 3 गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना के बशीरहाट के नेजात थानांतर्गत इलाके से एक सिविक वॉलंटियर को पीटने और उसका वीडियो वायरल करने का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में घायल सिविक वॉलंटियर की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों का नाम गोपाल पात्र, प्रशांत प्रधान और असीम मंडल है। सूत्रों के अनुसार, 29 जुलाई की रात वे किसी मामले की जांच के लिए नित्य बेड़िया गांव गए थे। वहां अंधेरे में एक महिला को कथित रूप से परेशान करने के संदेह में गांव के कुछ लोगों ने उन्हें पकड़ लिया और घर के फर्श पर गिराकर बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। आरोप है कि



हमलावरों ने उनकी पिटाई का वीडियो भी रिकॉर्ड किया और वायरल करने की बात कही। रातों-रात वह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही नेजात थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सिविक वॉलंटियर को गंभीर हालत में बशीरहाट जिला अस्पताल में भर्ती कराया। आरोपियों को गुरुवार को बशीरहाट महकमा कोर्ट में पेश किया गया।

# गंगा घाट पर हथियार लेकर घूमते दो युवक गिरफ्तार, साजिश की आशंका

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के आर्मेनियम घाट इलाके में हथियार लेकर संदिग्ध रूप से घूम रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक सिंगल शॉट बंदूक और दो कारतूस बरामद किए गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और साजिश की आशंका से इनकार नहीं किया जा रहा। नॉर्थ पोर्ट थाना की पुलिस ने बुधवार रात इस कार्रवाई को अंजाम दिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमित सिंह (30) और अर्जुन दास (46) के रूप में हुई है। अमित सिंह रवींद्र सरणी इलाके का निवासी है, जबकि अर्जुन दास इमाम बक्श लेन में रहता है। पुलिस ने अमित के पास से एक सिंगल शॉट हथियार और एक कारतूस बरामद किया, वहीं अर्जुन



के पास से एक अन्य कारतूस मिला। दोनों को मौके से गिरफ्तार कर थाने लाया गया, जहां उन पर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पूछताछ के दौरान पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि आरोपियों के पास हथियार कहां से आए और उनका इरादा क्या था। क्या वे किसी आपराधिक गतिविधि की योजना बना रहे थे? या किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने की फिराक में थे? हाल के दिनों में कोलकाता में लगातार अवैध हथियारों की बरामदगी सामने आ रही है, जिससे कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि ये हथियार शहर में किन स्रोतों से पहुंच रहे हैं। इस पूरे मामले की व्यापक जांच जारी है।

## देश भर में बांग्लाभाषी पर अत्याचार के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस ने निकाली रैली



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान पर बड़ाबाजार स्थित रविंद्रनाथ टैगोर के ठाकुरबाड़ी के पास से भाजपा शासित राज्य में हो रही बांग्ला भाषा भाषी लोगों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ प्रतिवाद रैली निकाली गई। सभापति सुभांकर सरकार के नेतृत्व में रैली में पार्षद संतोष पाठक, अमिताभ चक्रबर्ती, तापस मजूमदार उपस्थित थे। इधर, बड़ाबाजार जिला कांग्रेस द्वारा जुलूस निकाली गई जो विभिन्न रास्तों से होते हुए मुख्य रैली मै शामिल हुई। जुलूस में भोला यादव, संजय पाठक, शिवराज बाल्मीकि, पंकज सोनकर, नागेश सिंह, उत्तम सोनकर, परवेज खान, विक्रम सिंह, विकाश यादव, ददन सिंह, विकाश यादव, मो. सरफराज, मो. हुसैन, अकीब जहूर, संजीव शर्मा, राजनरायन मिश्रा, अंजनी दुबे, गजेंद्र चौबे, कुणाल चतुर्वेदी, रशीद मल्लान व अन्य सैकड़ों कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# एसएसकेएम अस्पताल में लगी आग, मरीजों में अफरा-तफरी

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता के राजकीय एसएसकेएम अस्पताल में गुरुवार को अचानक आग लगने की घटना से अफरा-तफरी मच गई। आग अस्पताल के इमरजेंसी विभाग के डिस्प्ले बोर्ड में लगी, जिससे मरीजों और उनके परिजनों में भारी दहशत फैल गई। हालांकि, आग फैलने से पहले ही उसे काबू में कर लिया गया। अस्पताल परिसर में ही मौजूद अग्निशमन दल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए स्थिति पर नियंत्रण पा लिया।

इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग लगने की सूचना मिलते ही प्रशासन सक्रिय हो गया। एहतियातन इमरजेंसी विभाग के आसपास की जगहों को सील कर दिया गया और किसी को भी भीतर जाने की अनुमति नहीं दी गई। अस्पताल के गेट के सामने रस्सी से बैरिकेडिंग कर दी गई ताकि भीड़ को रोका जा सके। प्रशासन की ओर से आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। अस्पताल प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि मरीजों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

गुरुवार की दोपहर के समय वारदात के बाद कुछ देर के लिए आसपास के मरीजों को बाहर निकालने की तैयारी की गई थी। हालांकि इसकी जरूरत नहीं पड़ी। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची थी।

## बीएसए मोटरसाइकल्स ने लॉन्च की दो नई बाइक्स

**कोलकाता :** ब्रिटेन के प्रतिष्ठित विरासत ब्रांड बीएसए मोटरसाइकल्स ने दो नई बाइक्स – बीएसए स्क्रैम्बलर 650 और बीएसए बैंटम 350 – लॉन्च की हैं। यह लॉन्च बीएसए की ऐतिहासिक यात्रा में एक नया अध्याय जोड़ता है, जिसमें 1861 से चली आ रही क्लासिक मोटरसाइक्लिंग को आज के दौर की परफॉर्मेंस, स्टाइल और इनोवेशन के साथ फिर से गढ़ा गया है। इस लॉन्च पर बोलते हुए क्लासिक लीजेंड्स के को-फाउंडर अनुपम थरेजा ने कहा, बीएसए स्क्रैम्बलर 650 आज़ादी और रोमांच की उस भावना का प्रतीक है, जिसे हमारे राइडर्स हर सफर में महसूस करते हैं। इसका बोल्ड डिज़ाइन और अलग अंदाज़ न सिर्फ देखने में शानदार है, बल्कि परफॉर्मेंस के मामले में भी यह पीछे नहीं है। हम चाहते हैं कि राइडर्स इस बाइक के ज़रिए कुछ नया आज़माने की हिम्मत करें।

## डाउन इच्छामती लोकल ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत, स्टेशन परिसर में विरोध प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्तर 24 परगना जिले के बशी-रहाट महकमा स्थित चांपापुकुर रेलवे स्टेशन पर बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में इमादुल गाजी (70) की मौत हो गई। वह इलाज के लिए कोलकाता जाने के उद्देश्य से ट्रेन पकड़ने स्टेशन पहुंचे थे, लेकिन प्लेटफॉर्म पर चढ़ते समय डाउन इच्छामती लोकल ट्रेन की चपेट में आ गए। जोरदार टक्कर से मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों और यात्रियों में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने स्टेशन परिसर में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्टेशन तक पहुंचने वाला रास्ता लंबे समय से खराब और जर्जर हालत में है, जिसके कारण इमादुल गाजी रेललाइन के किनारे से होकर प्लेटफॉर्म पर जा रहे थे। जैसे ही वह पक्का पुकुर प्लेटफॉर्म की ओर चढ़ने लगे, उसी समय सियालदह की ओर जा रही लोकल ट्रेन ने उन्हें टक्कर मार दी। यात्रियों ने चिल्लाकर ट्रेन को रोकने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मृतक के परिजनों और स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ है। उनका आरोप है कि वर्षों से स्टेशन तक की सड़क जर्जर अवस्था में है, लेकिन बार-बार शिकायत के बावजूद सुधार नहीं किया गया। इसी कारण इमादुल को रेललाइन के किनारे से जाना पड़ा और जान गंवानी पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही बशीरहाट जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



## न्यूज इन ब्रीफ

### पटना के एक घर के अंदर दो बच्चों के झुलसे हुए शव बरामद, जांच जारी

**पटना :** पटना के जानीपुर इलाके में एक घर से दो बच्चों के झुलसे हुए शव बरामद किए गए हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना का कारण अभी ज्ञात नहीं है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। उन्होंने कहा, 'हमें बृहस्पतिवार सुबह सूचना मिली कि जानीपुर इलाके में स्थित अपने घर में दो बच्चे मृत पड़े हैं। जिस बिस्तर पर दो बच्चों के शव मिले, वह भी जला हुआ था। हमने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।' उन्होंने बताया कि पुलिस मृतकों के माता-पिता के बयान भी दर्ज कर रही है। बच्चों की मां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स)-पटना में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करती है।

### नाबालिग लड़की के अपहरण और बलात्कार के दोषी को 10 साल की कैद

**लखीमपुर खीरी (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले की एक स्थानीय अदालत ने एक नाबालिग लड़की के अपहरण और बलात्कार के आरोप में एक व्यक्ति को दोषी ठहराते हुए उसे 10 साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनायी है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (एडीजीसी) संजय सिंह ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवेंद्र नाथ सिंह की अदालत ने मंगलवार को त्रिभुवन नामक व्यक्ति को नाबालिग लड़की के अपहरण और बलात्कार के आरोप में दोषी ठहराया और उसे 10 साल की कैद और 16 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। सिंह ने बताया कि अदालत ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 363 (अपहरण) और धारा 366 (विवाह के लिए मजबूर करने हेतु अपहरण) के तहत भी दोषी पाया और उसे क्रमशः पांच और सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

# रोग की पहचान में निष्पक्ष रहें, व्यवहार में सहानुभूति रखें : द्रौपदी मुर्मू



**देवघर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को चिकित्सा जगत से आग्रह किया कि वे उपचार और निदान में तो पेशेवर रवैया अपनाएं, लेकिन व्यवहार में नहीं। व्यवहार के मामले में उन्होंने चिकित्सकों से लोगों के प्रति संवेदनशील होने का भी आग्रह किया, क्योंकि वे डॉक्टर को ईश्वर मानते हैं। मुर्मू ने यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), देवघर के प्रथम दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। राष्ट्रपति ने कहा, 'निदान और शल्य चिकित्सा में पेशेवर रवैया अपनाएं, लेकिन व्यवहार में नहीं। लोगों के प्रति संवेदनशील रहें क्योंकि वे आपको भगवान मानते हैं। नैतिक मूल्यों, करुणा और परोपकार का पालन करके डॉक्टर लोगों के जीवन से अंधकार दूर कर सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'आदिवासियों के स्वास्थ्य के लिए सक्षमता केंद्र के रूप में, एम्स देवघर को मौजूदा पांच गांवों के अलावा और अधिक गांवों को गोद लेना चाहिए तथा खुद को एक आदर्श के रूप में पेश करने का प्रयास करना चाहिए।' मुर्मू ने कहा कि इन परिस्थितियों में चिकित्सकों को समाज की सेवा के लिए हाथ बढ़ाना चाहिए। उन्होंने ड्रोन के माध्यम से दूर-दराज के आदिवासी क्षेत्रों में विष-रोधी दवाएं भेजने के लिए एम्स, देवघर की सराहना की। उन्होंने कहा कि यद्यपि एम्स, देवघर मुख्य रूप से तृतीयक स्वास्थ्य सेवा पर केंद्रित है, फिर भी उसे प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय रूप से मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करनी चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि एम्स, देवघर के चिकित्सकों और छात्रों की एक टीम को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का दौरा करके चिकित्सकों की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने मौजूद छात्रों को एक सक्षम और कुशल डॉक्टर बनने के साथ-साथ एक संवेदनशील चिकित्सक बनने की भी सलाह दी।मुर्मू ने कहा, 'हम सभी ने देखा है कि कुछ डॉक्टर ऐसे होते हैं जिनसे परामर्श करने के बाद मरीज और उसका परिवार बेहतर महसूस करते हैं।' राष्ट्रपति ने कहा कि उनका इस संस्थान से विशेष जुड़ाव है, क्योंकि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2018 में इसकी आधारशिला रखी थी, तब वह झारखंड की राज्यपाल थीं।

### बिहार के मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर में 574 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया

**मुजफ्फरपुर (बिहार) :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को मुजफ्फरपुर जिले में 574.16 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार, परियोजनाओं में 167.68 करोड़ रुपये की लागत से रामदयालु नगर और मुजफ्फरपुर स्टेशनों के बीच रेलवे क्रॉसिंग पर एक संपर्क मार्ग के साथ एक रेल ओवरब्रिज का निर्माण और 120.93 करोड़ रुपये की लागत से सिपाहपुर से चकमुहब्बत तक एक सड़क का निर्माण शामिल है। मुख्यमंत्री ने 44.76 करोड़ रुपये की लागत से चांदनी चौक से रामदयालु नगर तक सड़क के चौड़ीकरण और उन्नयन, चांदनी चौक से बखरी पथ तक सात किलोमीटर सड़क की मरम्मत और चौड़ीकरण (89.77 करोड़ रुपये) और शिवहर-मीनापुर-कांटी सड़क के 9.37 किलोमीटर हिस्से की मरम्मत और चौड़ीकरण समेत अन्य परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

## न्यूज अपडेट

### बिहार में सड़क हादसे में तीन इंजीनियरिंग छात्रों की मौत



**जमुई (बिहार) :** बिहार के जमुई जिले में यात्रियों को ले जा रहा एक ऑटोरिक्शा सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया, जिससे इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे तीन छात्रों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।यहां एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना आज सुबह लखीसराय-जमुई राजकीय राजमार्ग पर मंझवे गांव के पास हुई।उप महानिरीक्षक (मुंगेर) राकेश कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''एक वाहन (ऑटोरिक्शा) खड़े ट्रक से जा टकराया और उस वाहन में सवार तीन छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए।'' उन्होंने बताया कि घायलों को नजदीक में स्थित सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, लखीसराय स्थित सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज के सभी पांच छात्र ट्रेन पकड़ने के लिए ऑटोरिक्शा में जा रहे थे और उसी समय यह हादसा हो गया।

### उत्तर प्रदेश: आईएएस अधिकारी शशि प्रकाश गोयल ने मुख्य सचिव का पदभार संभाला



**लखनऊ :** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी शशि प्रकाश गोयल ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण कर लिया। मुख्य सचिव कार्यालय ने यह जानकारी दी।प्रदेश सरकार के नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के अनुसार, मुख्य सचिव बनने से पहले शशि प्रकाश गोयल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अपर मुख्य सचिव, नागरिक उड्डयन, संपदा एवं प्रोटोकॉल विभाग के पद पर कार्यरत थे।वर्ष 1989 बैच के आईएएस अधिकारी गोयल ने उत्तर प्रदेश के अपर स्थानिक आयुक्त के रूप में भी सेवाएं दी हैं।गोयल ने वर्तमान मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह का स्थान लिया है।सिंह, 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हुए थे। गोयल ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रदेश के वरिष्ठतम प्रशासनिक पद पर सेवा का अवसर प्रदान करने के लिये मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की 'जीरो टॉलरेन्स', 'जीरो करप्शन', औद्योगिक विकास एवं आर्थिक विकास की नीतियों को धरातल पर उतारने का पूरा जोर रहेगा।

### स्कूलों के विलय से समाप्त नहीं होगा शिक्षकों का एक भी पद : मंत्री

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में सरकारी प्राथमिक स्कूलों के 'आवश्यकतानुसार' मर्जर (विलय) को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस प्रक्रिया से शिक्षकों का एक भी पद समाप्त नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही मंत्री ने यह भी कहा कि छात्र-छात्राओं को स्कूल आने-जाने में परेशानी होने पर 50 से कम विद्यार्थियों वाले स्कूलों का भी विलय नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर छात्र-शिक्षक अनुपात को बनाये रखने के लिये नये शिक्षकों की नियुक्तियां भी की जाएंगी। सिंह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'स्कूलों के मर्जर का निर्णय छात्रों के हित के लिए है। पिछले दिनों इस तरह की बातें हुईं कि सरकार कुछ स्कूलों को बंद करने जा रही है। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित सभी एक लाख 32 हजार 886 परिषदीय विद्यालय पूर्ण रूप से अभी संचालित रहेंगे।' उन्होंने कहा, 'इन सभी विद्यालयों का यूडाइस (यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इनफार्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन) कोड है।

## कांग्रेस को अपनी मानसिकता बदलनी चाहिए : राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



**जैसलमेर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बृहस्पतिवार को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके नेताओं को अपनी मानसिकता बदलनी चाहिए। गहलोत ने सोमवार को सीकर के नीमकाथाना में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था, जिस दिन यमुना नदी का पानी नीम का थाना क्षेत्र में पहुंचेगा, उस दिन मैं मुख्यमंत्री (शर्मा) को खुद माला पहनाऊंगा। उन्होंने कहा था, आपको (भजनलाल शर्मा) मंदिर जाना अच्छा लगता है, हमें भी अच्छा लगता है लेकिन आप ये संकल्प लें कि नीमकाथाना में यमुना नदी का पानी पहुंचाया जाएगा। 'शर्मा ने गहलोत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा, 'कांग्रेस के लोग कहते हैं कि मुख्यमंत्री मंदिर बहुत जाते हैं। कांग्रेस पार्टी के लोग बताएं मैं क्या अब मेरे आस्था केन्द्रों पर न जाऊं।' उन्होंने कहा, 'कांग्रेस को अपनी मानसिकता बदलनी चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री (गहलोत) को भी भजन करना चाहिए क्योंकि झूठे वादों और जादूगरी से कुछ भी होने वाला नहीं है। 'मुख्यमंत्री शर्मा ने मालेगांव बम विस्फोट के मामले में अदालत के फैसले पर कहा कि कांग्रेस ने हमेशा वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण की राजनीति की है।

### राजस्थान के अनेक इलाकों में भारी बारिश जारी, नदियां उफान पर

**जयपुर :** राजस्थान के अनेक जिलों में लगातार भारी बारिश हो रही है जिससे नदियां उफान पर हैं और कई जगह जलभराव हो गया है। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को भी अनेक जगह भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की है।मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार आज बृहस्पतिवार को दक्षिण-पश्चिमी उत्तर प्रदेश व आसपास के पूर्वी राजस्थान के ऊपर परिसंचरण तंत्र बना हुआ है। इसके असर से आज जयपुर संभाग के शेखावाटी क्षेत्र व बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं भारी-अतिभारी बारिश होने व अजमेर, कोटा, भरतपुर संभाग में कहीं-कहीं मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है।वहीं एक अगस्त को शेखावाटी क्षेत्र व बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं मध्यम से भारी बारिश होगी जबकि शेष अधिकांश भागों में भारी बारिश से राहत रहेगी।

## गुलामी के युग में भी भक्ति और शक्ति से तुलसीदास ने जाग्रत रखी जनचेतना : योगी



**चित्रकूट (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीरामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास को दिव्य आत्मा बताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने प्रतिकार का मार्ग तलवार नहीं बल्कि रामलीला और रामचरितमानस के माध्यम से चुना। धार्मिक नगरी चित्रकूट में संत तुलसीदास के जयंती समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस 'दिव्य आत्मा' ने बाल्यावस्था में ही प्रभु श्रीराम के चरणों में स्वयं को समर्पित कर दिया। उस कालखंड में जब अकबर का साम्राज्य विस्तार पर था और दरबार में जगह पाने की होड़ थी तब तुलसीदास ने खुद को किसी दरबारी की सेवा में नहीं बल्कि केवल प्रभु श्रीराम की भक्ति में समर्पित किया। आदित्यनाथ ने कहा कि जब देश के राजे-रजवाड़े विदेशी आक्रांता की अधीनता स्वीकार कर रहे थे, उस समय तुलसीदास जैसे संत भक्ति और शक्ति के अद्भुत संगम के रूप में जनचेतना को जाग्रत कर रहे थे। उन्होंने प्रतिकार का मार्ग तलवार नहीं, रामलीला और रामचरितमानस को चुना। मुख्यमंत्री ने कहा, अकबर ने अपने शासन का एक उदार चेहरा प्रस्तुत किया, पर उसके पीछे की क्रूरता आज भी हमें दिखती है। संतों की परंपरा उस समय भी दृढ़तापूर्वक उसका प्रतिकार कर रही थी।

---

समाग्या CINE मंत्र

# 'सितारे जमीन पर' को यूट्यूब पर लाने का हंसल ने किया समर्थन




निर्माता-निर्देशक हंसल मेहता ने आमिर खान द्वारा सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद 'सितारे जमीन पर' को पे-पर-व्यू मॉडल के तहत यूट्यूब पर रिलीज करने के फैसले का समर्थन किया है। एक लंबी सोशल मीडिया पोस्ट में निर्देशक ने इस योजना के फायदों को समझाते हुए इसे एक स्मार्ट और दूरदर्शी कदम बताया, जिसकी तारीफ होनी चाहिए।

### डिस्ट्रीब्यूशन इको सिस्टम को मजबूत करेगा यह मॉडल

हंसल मेहता ने एक्स पर एक लंबी पोस्ट की। इस पोस्ट में उन्होंने बताया कि यह कदम पारंपरिक मॉडलों के लिए खतरा नहीं है, बल्कि डिस्ट्रीब्यूशन इको सिस्टम के लिए एक मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि हमारा इको सिस्टम क्षण भर खुशी देने वाले और दिखावे के तमाशे की ओर झुका हुआ है। निर्देशक ने कहा, थियेटर विंडो को सख्त आदेशों की तरह माना जाता है, जबकि ओटीटी थिएटर के बाद एकमात्र सहारा बन गया है।

बहुत सी अच्छी फिल्में गायब हो जाती हैं या बेकार हो जाती हैं। यह न तो टिकाऊ है और न ही हमारे द्वारा किए गए काम की विविधता के लिए उचित है। अगर यह मॉडल काम करता है, तो यह ज्यादा से ज्यादा निर्माताओं को ऐसी फिल्मों का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित करेगा, जो मौजूदा वक्त में इस क्षेत्र पर हावी हो रही एक जैसी मानसिकता का पालन नहीं करती हैं।

### हंसल मेहता ने गिनाए फायदे

इस मॉडल के तीन प्रमुख फायदों के बारे में बताते हुए हंसल ने लिखा कि यह मेकर्स को फिर से उनकी फिल्मों पर नियंत्रण देता है। ताकि वो ये चयन कर सकें कि उनकी फिल्म कब और कैसे दर्शकों तक पहुंचे। दूसरा एक मजबूत टिकाऊ रेवेन्यू देता है। साथ ही ये एक लोकतांत्रिक पहुंच भी देता है। साथ ही मेहता ने इसके लंबे फायदे भी गिनाए।

### ओटीटी को एक ऑप्शन के रूप में काम करना चाहिए

इसके अलावा निर्देशक ने साफ किया कि यह मॉडल सिनेमाघरों या स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर हमला नहीं है, बल्कि सुधार की दिशा में एक कदम है। थिएटर विंडो लचीली होनी चाहिए और ओटीटी प्लेटफॉर्म को सिर्फ कई कई विकल्पों में से एक के रूप में काम करना चाहिए न कि एकमात्र विकल्प के रूप में। हंसल मेहता ने इंडस्ट्री के लिए ऐसे प्रयोगों की सराहना करने की बात कही। उन्होंने कहा ऐसे मॉडल एक पुल का काम कर सकते हैं, जिससे ज्यादा से ज्यादा फिल्मों को देखने का मौका मिलेगा।

### 1 अगस्त से यूट्यूब पर मौजूद होगी 'सितारे जमीन पर'

जाहिर है कि आमिर खान ने अपनी फिल्म 'सितारे जमीन पर' के सिनेमाघरों के बाद अब सीधे यूट्यूब पर लाने की घोषणा की है। यह फिल्म यूट्यूब पर पे-पर-व्यू मॉडल के तहत आएगी। जहां दर्शकों को पैसे देकर फिल्म देखने को मिलेगी। यह फिल्म 1 अगस्त को आमिर के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध होगी।

# शाहिद कपूर ने लंदन के लॉर्ड्स में खेला क्रिकेट, पत्नी मीरा राजपूत ने बढ़ाया हौसला

शाहिद कपूर ने लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में क्रिकेट खेला। इस दौरान उनकी पत्नी मीरा कपूर उनका हौसला बढ़ाती नजर आईं। शाहिद की इन तस्वीरों पर फैंस ने जमकर प्यार बरसाया है।

### शाहिद का लुक

इन तस्वीरों में शाहिद क्रिकेट के जूते और सफेद जर्सी पहने, पूरे क्रिकेट ड्रेस में मैच खेलते नजर आए। उनकी पत्नी मीरा राजपूत भी वहां मौजूद दिखीं। इस दौरान मीरा स्टैंड से उनका हौसला बढ़ाती दिखीं। एक तस्वीर में शाहिद और मीरा साथ में मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं, जिसमें मीरा ने स्टाइलिश सफेद ड्रेस पहनी हुई है।

### शाहिद और लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड का पोस्ट

लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज ने भी शाहिद की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, आज क्रिकेट के घर में शाहिद कपूर का खेलना एक खास मौका है! वहीं शाहिद ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर तस्वीरें शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, क्या दिन है!

### फैंस के कमेंट्स

प्रशंसकों को शाहिद की ये तस्वीरें उनकी फिल्म जर्सी की याद दिला रही हैं। तो वहीं कुछ प्रशंसकों ने कमेंट किया, लगता है जर्सी फिल्म का सीन है, तो किसी ने लिखा, शाहिद, विराट कोहली की बायोपिक के लिए परफेक्ट हैं।

### शाहिद का वर्कफ्रंट

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शाहिद अपनी नई फिल्म अर्जुन उस्तारा की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसे विशाल भारद्वाज निर्देशित कर रहे हैं। इस फिल्म में तृप्ति डिमरी, नाना पाटेकर, रणदीप हुड्डा और विक्रांत मैसी भी हैं। यह फिल्म दिसंबर 2025 में रिलीज होगी।



# 'सैयारा' और 'महावतार नरसिम्हा' ने बनाई बॉक्स ऑफिस पर पकड़

बुधवार का दिन फिल्मों की कमाई के लिहाज से ठीक-ठाक रहा। इस दिन कई फिल्मों ने अच्छी कमाई की है। 'सैयारा' ने बॉक्स ऑफिस पर पकड़ बनाए रखी है। वहीं 'महावतार नरसिम्हा' ने भी अच्छी कमाई की है। हॉलीवुड की फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर' की कमाई में गिरावट आई है।





आइए जानते हैं बॉक्स ऑफिस पर बुधवार को फिल्मों ने कितनी कमाई की है।

### सैयारा

अहान पांडे और अनीत पड्डा की अदाराकारी वाली फिल्म 'सैयारा' ने पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। 18 जुलाई को रिलीज होने वाली इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर 21.5 करोड़ रुपये की कमाई की थी। पहले हफ्ते में फिल्म ने 172.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया। दूसरे शुक्रवार को फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 18 करोड़ रुपये कमाए। शनिवार और रविवार को फिल्म ने क्रमश: 26.5 और 30 करोड़ रुपये का कारोबार किया। सोमवार और मंगलवार को फिल्म ने 9.25 और 10 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। बुधवार को फिल्म ने सात करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इस तरह फिल्म ने अब तक 273.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।

### हरि हर वीर मल्लु

अभिनेता पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीर मल्लु' 24 जुलाई को रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 34.75 करोड़ रुपये की बड़ी ओपनिंग ली। दूसरे दिन फिल्म की कमाई काफी घटी और इसने 8 करोड़ रुपये का कारोबार किया। वीकएंड पर फिल्म की कमाई में बढ़ोतरी हुई। शनिवार और रविवार को फिल्म ने 9.15 और 10.6 करोड़ रुपये कमाए। इसके बाद से लगातार फिल्म की कमाई में गिरावट आई। बुधवार को फिल्म ने 1.2 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। रिलीज से पहले इस फिल्म ने पेड-प्रिव्यू में 12.75 करोड़ रुपये कमाए थे। ऐसे में अब तक इस फिल्म ने 80.3 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म में निधि अग्रवाल और बॉबी देओल भी हैं।

### फैंटास्टिक 4

मार्वल स्टूडियो की फिल्म 'द फैंटास्टिक 4 फर्स्ट स्टेप्स' को शुरुआत में भारत में काफी प्यार मिला। अब इसकी कमाई घट रही है। 25 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 5.5 करोड़ रुपये से खाता खोला। शनिवार को फिल्म ने 7.1 करोड़ रुपये का कारोबार किया। तीसरे दिन यानी रविवार को फिल्म ने 7 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसके बाद लगातार इसकी कमाई घटती गई। बुधवार को फिल्म ने 1.05 करोड़ रुपये का करोबार किया। इस तरह से इस फिल्म ने भारत में 24.71 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है।

### महावतार नरसिम्हा

25 जुलाई को रिलीज होने वाली एनिमेशन फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' ने बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की। इसके बाद लोगों ने इसे प्यार देना शुरू किया।

पहले दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 1.35 करोड़ रुपये से अपना खाता खोला। शनिवार को फिल्म ने 4.6 करोड़ रुपये की कमाई की। रविवार को फिल्म ने 9.5 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया। फिल्म ने सोमवार को 6 करोड़, मंगलवार को 7.7 करोड़ और बुधवार को 7.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया।

इस तरह से इस फिल्म ने अब तक 37.05 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है।

# उर्वशी रौतेला के साथ लंदन में हुई हैरान कर देने वाली घटना



अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने सोशल मीडिया पर शेयर किए एक पोस्ट में बताया कि लंदन में उनका सामान चोरी हो गया है। इस कारण से एक्ट्रेस ने वहां की स्थानीय पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। आइए जानते हैं अभिनेत्री ने क्या कहा।

### उर्वशी रौतेला ने मांगी मदद

अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने अपने टिकट और बैग की तस्वीर शेयर की है। इस पोस्ट में एक्ट्रेस ने दावा किया कि विंबलडन 2025 में भाग लेने के लिए जब वह मुंबई से लंदन के लिए निकली थी, उस दौरान गैटविक एयरपोर्ट पर उनका सामान चोरी हो गया था। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लंदन पुलिस और एमिरेट्स एयरवेज से मामले की जांच करने और उनका सामान वापस दिलाने का अनुरोध किया।

### विंबलडन में छाई थीं उर्वशी रौतेला

विंबलडन 2025 में उर्वशी रौतेला व्हाइट कलर की ड्रेस में बार्बी डॉल वाले लुक में विंबलडन में पहुंची थीं। उर्वशी ने आइवरी रंग की मिडी-लेंथ ड्रेस पहनी थी, जिस पर कोर्सेट वाली चोली थी, लेकिन सबकी नजरें उनके हर्मीस हैंडबैग पर टिकी थीं, जिसे उन्होंने एक नहीं, बल्कि अलग-अलग रंगों की चार लाबुबू डॉल से सजाया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया था।

# करीना-अनन्या ने बर्थडे गर्ल कियारा को किया विश

बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी आज पूरे 34 साल की हो गई हैं। 31 जुलाई 1991 को कियारा का जन्म मुंबई में हुआ था। इस खास मौके पर उनके फिल्मी दोस्तों करीना कपूर और अनन्या पांडे ने सोशल मीडिया पर कियारा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उन्हें नई मां बनने की बधाई भी दी।

कियारा आडवाणी और उनके पति सिद्धार्थ मल्होत्रा बीती 15 जुलाई को माता-पिता बने हैं। इसके कुछ ही दिन बाद अब कियारा के जन्मदिन का मौका आया है। बॉलीवुड सितारों ने उन्हें खूब प्यार और गुड विशिज भेजीं। करीना कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर कियारा की एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, 'इस दौर की सबसे प्यारी मां को जन्मदिन मुबारक हो। तुम्हारे लिए हमेशा सबसे अच्छे समय आएं।' बता दें करीना और कियारा ने 2019 में रिलीज हुई फिल्म 'गुड न्यूज' में एक साथ काम किया था, जिसमें दोनों ने गर्भवती महिलाओं का किरदार निभाया था। इस फिल्म में अक्षय कुमार और दिलजीत दोसांझ भी मुख्य भूमिका में थे।

वहीं, अनन्या पांडे ने भी कियारा को विश किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा 'सुंदर लड़की को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं, मेरी तरफ से बड़ी हग, मां'। अनन्या और कियारा ने अब तक कोई फिल्म साथ में नहीं की है, लेकिन दोनों की दोस्ती साफ नजर आई।

कियारा की अगली बड़ी फिल्म 'वॉर 2' है, जिसमें उनके साथ ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर नजर आएंगे। यह फिल्म यश राज फिल्म्स के तहत बनी है और 14 अगस्त, यानी स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होगी। ये फिल्म यश राज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म है और 2019 में आई 'वॉर' फिल्म की सीक्वल है।

इसके अलावा, कियारा की एक और फिल्म 'टॉक्सिक: ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' भी है, जो कन्नड़-हिंदी भाषा में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन गीतू मोहनदास कर रही हैं, जिसमें नयनतारा, तारा सुतारिया, हुमा कुरैशी और अक्षय ओबेरॉय भी अहम भूमिका में हैं। 'टॉक्सिक' 19 मार्च 2026 को रिलीज होगी।

### न्यूज इन ब्रीफ

#### असम में एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ जब्त, दो गिरफ्तार

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को बताया कि राज्य के कारबी आंगलोंग जिले में पुलिस ने एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई जारी है। खुफिया सूचना के आधार पर कारबी आंगलोंग पुलिस ने डिल्लाई इलाके में एक वाहन को रोका जिसमें से दो किलोग्राम मॉर्फीन जब्त की गई जिसकी कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

#### गुजरात के कच्छ में 3.3 तीव्रता का भूकंप, कोई नुकसान नहीं

**अहमदाबाद :** गुजरात के कच्छ जिले में बृहस्पतिवार सुबह 3.3 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। भूकंप अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) ने यह जानकारी दी। गांधीनगर स्थित आईएसआर ने बताया कि सुबह नौ बजकर 52 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए और इसका केंद्र जिले के बेला से 16 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में स्थित था। जिला आपदा प्रतिक्रिया अधिकारी ने बताया कि भूकंप के कारण किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान पहुंचने की खबर नहीं है। कच्छ जिला भूकंप के लिहाज से 'अत्यंत उच्च जोखिम' क्षेत्र है और वहां कम तीव्रता के भूकंप के झटके अक्सर महसूस किए जाते हैं।

#### मसूरी आने वाले पर्यटकों के लिए पंजीकरण अनिवार्य

**देहरादून :** मसूरी आने वाले पर्यटकों को अब शहर के होटल, अतिथि गृह आदि में 'चेक-इन' करते समय उत्तराखंड पर्यटन विभाग की ओर से विकसित पोर्टल पर अपना विवरण दर्ज कराना होगा। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। देहरादून के जिला पर्यटन अधिकारी बृजेंद्र पांडेय ने बताया कि यह नया नियम बुधवार से लागू हो गया। उन्होंने कहा, पहले होटलों, अतिथि गृहों, होम स्टे और ऐसी अन्य सुविधाओं को पोर्टल पर अपना पंजीकरण करना होगा। इसके बाद उन्हें अपने अतिथियों के 'चेक-इन' करते समय उनका विवरण पोर्टल पर दर्ज करना होगा।

#### मणिपुर के जिरीबाम में मेइती समुदाय के छह लोगों की नृशंस हत्या का मुख्य आरोपी असम में गिरफ्तार

**नयी दिल्ली/गुवाहाटी :** मणिपुर के जिरीबाम जिले में मेइती समुदाय के छह लोगों की हत्या में कथित रूप से शामिल एक व्यक्ति को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और असम पुलिस ने बृहस्पतिवार को कछार जिले में एक संयुक्त अभियान के तहत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। कछार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नुमल महाट्टा ने संवाददाताओं को बताया कि आरोपी की पहचान जिले के मोइनथोल गांव निवासी थंगलीनलाल हमार उर्फ बोया के रूप में हुई है, जिसे विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर गिरफ्तार किया गया।

#### इस साल आठ हवाई दुर्घटनाओं में 274 लोगों की मौत हुई: सरकार

नयी दिल्ली : सरकार ने बृहस्पतिवार को बताया कि इस साल अब तक देश में आठ हवाई दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें 274 लोगों की मौत हो गई। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। बीते 12 जून को एअर इंडिया विमान दुर्घटना में 260 लोग मारे गए थे। इस हादसे के अलावा तीन प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त हुए और चार हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं भी हुईं। मंत्री ने कहा कि इन दुर्घटनाओं के कारणों की जांच विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा, ''वर्ष 2025 (आज तक) में कुल आठ दुर्घटनाएं हुई हैं।''

# कांग्रेस की 'हिंदू आतंकवाद' की साजिश ध्वस्त; सोनिया गांधी और राहुल गांधी माफी मांगें

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मालेगांव विस्फोट मामले में सात आरोपियों को बरी किए जाने के फैसले का स्वागत करते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी को आगे बढ़ने से रोकने के लिए अपने मुस्लिम मतदाताओं को खुश करने के वास्ते ''हिन्दू आतंकवाद'' का विमर्श गढ़ा था। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने मांग की कि भाजपा की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित बरी किए गए आरोपियों को मुआवजा दिया जाना चाहिए और अभियोजन पक्ष को उन्हें



फंसाने के लिए कथित तौर पर यातना देने और सबूत गढ़ने के वास्ते माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने इसे ऐतिहासिक दिन बताते हुए कहा, ''कांग्रेस अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। यह मामला विशुद्ध वोट बैंक की राजनीति के लिए पार्टी की एक सोची-समझी साजिश थी।'' प्रसाद ने कहा कि 'भगवा आतंकवाद' की संभावना को बल देने संबंधी कांग्रेस की साजिश विफल हो गई है। इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अदालत के फैसले से संबंधित सवालों को खारिज करते हुए कहा कि यह वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास है। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारतीय अर्थव्यवस्था पर आलोचनात्मक टिप्पणियों को लेकर सरकार पर निशाना साधा। इस पर पलटवार करते हुए प्रसाद ने दावा किया कि विकीलीक्स के अनुसार, गांधी ने 2010 में अमेरिकी राजदूत से कहा था कि चरमपंथी हिंदू समूह आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से भी अधिक खतरनाक हो सकते हैं।

# फडणवीस ने कहा, आतंकवाद न कभी भगवा था और न कभी होगा

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में सभी आरोपियों को बरी किए जाने के फैसले की बृहस्पतिवार को सराहना करते हुए कहा ''आतंकवाद न कभी भगवा था और न कभी होगा।'' वहीं, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि इस फैसले ने हिंदू समुदाय पर लगे कलंक को मिटा दिया है। शिंदे ने दावा किया कि हिंदू कभी भी राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में संलिप्त नहीं हो सकते और उन्होंने ''हिंदू आतंकवाद के बेतुके शब्द'' गढ़ने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा। इस बीच, विपक्षी दल कांग्रेस ने फडणवीस पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री को विस्फोट में निर्दोष लोगों की जान जाने पर ''कोई पछतावा'' नहीं है और अदालत के फैसले पर उनकी



प्रतिक्रिया ने उनकी ''राजनीतिक मानसिकता'' दिखाई है। कांग्रेस ने यह भी पूछा कि क्या सरकार उच्च न्यायालय में अदालत के फैसले को चुनौती देगी, जैसा कि 7/11 विस्फोट के मामले में आरोपी को बरी किए जाने के बाद उसने किया था। मालेगांव विस्फोट में छह लोगों की मौत होने के करीब 17 साल बाद एक विशेष अदालत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सभी सातों आरोपियों को बृहस्पतिवार को बरी करते हुए कहा कि उनके खिलाफ कोई ''विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं हैं।'' इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने 'एक्स' पर कहा, ''आतंकवाद भगवा न कभी था, न है और न कभी होगा।'' उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, ''सत्य कभी नहीं हराया जा सकता। 17 साल की लंबी लड़ाई के बाद, एक विशेष अदालत ने मालेगांव बम विस्फोट के मामले में सात कथित अभियुक्तों को बरी कर दिया है। यह सच है कि न्याय में देरी हुई, लेकिन यह एक बार फिर साबित हो गया है कि सत्य को कभी हराया नहीं जा सकता।''

## आतंकवाद को किसी धर्म से नहीं जोड़ा जाना चाहिए: दिग्विजय



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि आतंकवाद को किसी भी धर्म से नहीं जोड़ा जाना चाहिए और कोई भी आस्था हिंसा का समर्थन नहीं करती। वर्ष 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की विशेष अदालत द्वारा सभी सात आरोपियों को बरी किए जाने के बाद सिंह ने यह टिप्पणी की। राज्यसभा सदस्य ने कहा कि चरमपंथी वे लोग होते हैं जो नफरत फैलाने के लिए धर्म को विकृत करते हैं। बरी किए गए सात आरोपियों में लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित और भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर शामिल हैं। भाजपा नेताओं ने दावा किया है कि 'भगवा आतंकवाद' शब्द गढ़ने के लिए दिग्विजय सिंह ज़िम्मेदार हैं। सिंह ने अदालत के फैसले के बाद संसद परिसर में 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''न तो कोई हिंदू आतंकवादी हो सकता है, न ही कोई मुसलमान, सिख या ईसाई। हर धर्म प्रेम, सद्भावना, सत्य और अहिंसा का प्रतीक है।'' उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि सभी धर्म शांति की बात करते हैं। उन्होंने भाजपा नेताओं के उन आरोपों को निराधार बताया कि कांग्रेस ने राजनीतिक लाभ के लिए ''हिंदू आतंकवाद'' शब्द गढ़ा था। सिंह ने कहा कि भाजपा का आरोप पूरी तरह से झूठा है।

## एसआईटी पाकिस्तानी व्यक्ति के भारतीय साझेदारों से संबंधों की जांच 10 सितंबर तक पूरी करेगी: हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख के भारतीय साझेदारों से कथित संबंधों की जांच कर रही विशेष जांच दल (एसआईटी) को 10 सितंबर तक प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। शर्मा ने कहा कि एसआईटी को कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा और वह 12 सितंबर तक अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद 15 सितंबर से पहले मंत्रिमंडल की बैठक कर अगला कदम तय किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए), केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपने पर मंत्रिमंडल फैसला



करेगा। उन्होंने कहा कि एसआईटी की पहुंच सीमित है और वह दो साल से पुराने फोन रिकॉर्ड या संपर्कों का पता नहीं कर सकती, जबकि एनआईए 2010 तक की गतिविधियों का पता लगा सकती है। शर्मा ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न के पाकिस्तानी सेना के साथ अच्छे संबंध हैं और यहां तक कि सांसद ने आधिकारिक तौर पर नहीं बल्कि व्यक्तिगत तौर पर पाकिस्तान का दौरा किया था और वहां 15 दिन तक वहां रहे थे। शर्मा ने कहा कि कोलबर्न 19 बार पाकिस्तान गई थीं और वहां पाकिस्तानी सेना के अधिकारी उनके साथ थे। उन्होंने कहा था, हमारे पास सबूत हैं कि वह (गोगोई) वाघा-अटारी सीमा से पाकिस्तान गए थे। उन्होंने कहा कि गोगोई की लोकसभा में हालिया टिप्पणी से असम की जनता शर्मिंदा है। शर्मा ने कहा, गो-गोई ने यहां तक पूछ लिया कि मिसाइल को नजदीक से क्यों नहीं, बल्कि दूर से क्यों दागा गया।

## एलडीएफ सांसदों ने शाह से मुलाकात की, छत्तीसगढ़ में दो नन की गिरफ्तारी मामले में हस्तक्षेप की मांग की

**नयी दिल्ली :** वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के सांसदों ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और मानव तस्करी तथा धर्मांतरण के आरोप में छत्तीसगढ़ में केरल की दो नन की गिरफ्तारी के मामले में हस्तक्षेप की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। सांसदों ने मंत्री से आग्रह किया कि वे इस हमले को ईसाई मिशनरियों और मानवीय कार्यकर्ताओं के खिलाफ लक्षित हमलों के संदर्भ में देखें। उन्होंने कहा कि 2024 में ईसाइयों के खिलाफ हिंसा की 834 घटनाएं दर्ज की गईं जो 2023 की 733 घटनाओं से अधिक हैं। हस्ताक्षरकर्ताओं में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के जॉन ब्रिटास, वी. शिवदासन, अमरा राम, आर. सचितनाथम, के. राधाकृष्णन, एए रहीम, भाकपा सांसद पी. संदोष कुमार, पीपी सुनीर और केरल कांग्रेस के सांसद जोस के मणि शामिल थे। सांसदों ने इसे 'घोर अन्याय', 'सांप्रदायिक धमकी' और व्यवस्थागत विफलता का मामला बताया जिसने राष्ट्र की अंतरात्मा को आहत किया है। इस प्रकार उन्होंने इस मामले में शाह से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की। सांसदों ने ज्ञापन में कहा, ''केरल की दो कैथोलिक नन सिस्टर वंदना फ्रांसिस और सिस्टर प्रीति मैरी की हाल ही में छत्तीसगढ़ के दुर्ग में हुई गिरफ्तारी और उनका लगातार जेल में बंद रहना कोई अकेली घटना नहीं है। यह अल्पसंख्यक समुदायों और सबसे हाशिए पर पड़े लोगों के बीच निस्वार्थ भाव से काम करने वालों के सामने बढ़ते प्रतिकूल माहौल को दर्शाता है।'' उन्होंने कहा कि आरोपों का न तो कोई ठोस आधार है और न ही इसका समर्थन करने वाला कोई प्रमाण है, ये ननों को परेशान करने, उनके मानवीय कार्यों को आपराधिक बनाने और धार्मिक अल्पसंख्यकों को बदनाम करने के बहाने से ज्यादा कुछ नहीं लगता।

## राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा, तीन बार के स्थगन के बाद बैठक दिन भर के लिए स्थगित

**नयी दिल्ली :** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण राज्यसभा की बैठक बृहस्पतिवार को तीन बार के स्थगन के बाद अपराह्न चार बज कर 45 मिनट पर दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। पूर्वाह्न 11 बजे उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर उपसभापति हरिवंश ने आवश्यक दस्तावेज पटल पर रखवाए। इसके बाद उपसभापति ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की साझेदारी के तहत बुधवार को जीएसएलवी रॉकेट से 'निसार' उपग्रह को कक्षा में स्थापित किये जाने का जिक्र किया। उपसभापति ने इसरो से संबद्ध वैज्ञानिकों, अधिकारियों और अन्य सभी लोगों तथा नासा की समन्वय टीम को सदन और पूरे देश की ओर से बधाई दी। इसके बाद हरिवंश ने सदस्यों ने शून्यकाल तथा प्रश्नकाल चलने देने का अनुरोध करते हुए कहा कि सत्र की शुरूआत से गतिरोध के कारण करीब 30 घंटे का समय बर्बाद हो चुका है। उन्होंने बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत 28 नोटिस मिले हैं जिनमें बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, ओडिशा में महिलाओं और बच्चों के कथित उत्पीड़न, बंगाली कामगारों के साथ दूसरे राज्यों में कथित दुर्व्यवहार, छत्तीसगढ़ में दो ननों की गिरफ्तारी, अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 25 फीसदी कर के दुष्प्रभाव तथा उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के मुद्दे पर नियत कामकाज स्थगित कर तत्काल चर्चा कराए जाने की मांग की गई है। उपसभापति ने कहा कि ये नोटिस आसन द्वारा पूर्व में दी गई व्यवस्था के अनुरूप नहीं हैं, इसलिए इन्हें स्वीकार नहीं किया जा सकता। नोटिस स्वीकार नहीं किए जाने पर विपक्षी सदस्यों ने विरोध जताया और हंगामा करने लगे। हरिवंश ने हंगामे को देखते हुए 11 बजकर 15 मिनट पर बैठक को दोपहर बारह बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

## मध्यस्थता में न्याय तक पहुंच बेहतर बनाने की शक्ति है: प्रधान न्यायाधीश गवई

**नयी दिल्ली :** प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई ने बृहस्पतिवार को कहा कि विवादों को मुकदमेबाजी में बदलने से रोकने तथा न्याय तक पहुंच को बेहतर बनाने की शक्ति मध्यस्थता में है। मध्यस्थता पर छठे अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन 'समर स्कूल' के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि मध्यस्थता के उपयोग से पारंपरिक अदालतों पर बोझ कम होता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि विवादों के समाधान के तरीके के रूप में मध्यस्थता का उपयोग करने का सुसंगत दृष्टिकोण मुकदमेबाजी को कम कर सकता है। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता न केवल पेशेवर कौशल बल्कि जीवन कौशल भी है क्योंकि यह हमें धैर्यपूर्वक सुनने, प्रभावी तरीके से संवाद करने और मतभेदों को रचनात्मक रूप से सुलझाने की सीख देती है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि भारतीय कानून और अदालतें लंबे समय से न्याय प्रदान करने के एक साधन के रूप में मध्यस्थता के महत्व को पहचानती रही हैं। 'सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन' के अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि देश में मध्यस्थता को बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बार मध्यस्थता में अहम भूमिका निभा सकता है। सिंह ने कहा, ''अगर अधिक मामलों को मध्यस्थता के लिए नहीं लाया गया, तो लंबित मामलों की संख्या बढ़ती जाएगी।'' इस कार्यक्रम का आयोजन 'एनआईवीएआरएएन' (भारतीय उच्चतम न्यायालय के मध्यस्थों) द्वारा 31 जुलाई से 11 अगस्त तक 12 दिनों के लिए किया जा रहा है।

## मणिपुर में चार उग्रवादियों सहित पांच गिरफ्तार, अलग-अलग अभियानों में 26 हथियार बरामद

**इंफाल :** मणिपुर के कई जिलों से सुरक्षा बलों ने वसूली की गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप में तीन प्रतिबंधित संगठनों के चार उग्रवादियों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ये सभी गिरफ्तारियां बुधवार को की गईं। एक अधिकारी ने बताया कि बिष्णुपुर जिले में नगाईखोंग खुनोऊ जांच चौकी पर तलाशी और जांच के दौरान प्रतिबंधित संगठन पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के एक सक्रिय कैडर और उसके सहयोगी को वसूली की गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि उन पर इंफाल और बिष्णुपुर जिलों में ठेकेदारों, व्यापारियों और आम जनता से पैसे मांगने का आरोप है। अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) के एक सदस्य को वसूली, लोगों को धमकाने और संगठन के लिए कार्यकर्ताओं की भर्ती करने में कथित भूमिका के लिए थौबल जिले के हीरोल पार्ट 2 से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक (प्रो) के एक सक्रिय सदस्य को वसूली की गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में इंफाल पश्चिम जिले के ताओथोंग खुनोऊ स्थित उसके आवासीय इलाके से गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वार ग्रुप) के एक अन्य सदस्य को इंफाल पूर्व जिले के कैरांग चिंग्या से गिरफ्तार किया गया।

## निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल को अंतिम रूप दिया

**नयी दिल्ली :** भारत निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल को अंतिम रूप दे दिया है। यह चुनाव जगदीप धनखड़ के पद से इस्तीफा देने के कारण आवश्यक हो गया है। आयोग ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य, मनोनीत सदस्य और लोकसभा के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि उसने 2025 के उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल की सूची को अंतिम रूप दे दिया है। इसने कहा कि निर्वाचक मंडल की सूची अधिसूचना की तारीख से निर्वाचन आयोग कार्यालय में स्थापित एक काउंटर पर खरीदने के लिए उपलब्ध होगी, जिसकी घोषणा जल्द ही होने की संभावना है। धनखड़ ने अपने कार्यकाल की समाप्ति से लगभग दो साल पहले, 21 जुलाई को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल 10 अगस्त, 2027 तक के लिए था। संविधान के अनुच्छेद 68 के खंड दो के अनुसार, उपराष्ट्रपति के निधन, त्यागपत्र या पद से हटाए जाने या अन्य किसी कारण से होने वाली रिक्ति को भरने के लिए चुनाव 'यथाशीघ्र' कराया जाएगा। रिक्ति को भरने के लिए निर्वाचित व्यक्ति अपने 'पदभार ग्रहण करने की तिथि से पांच वर्ष की पूर्ण अवधि तक' पद धारण करने का हकदार होगा।

## अमेरिकी शुल्क मामले पर हम देश के साथ, क्या प्रधानमंत्री ट्रंप के आरोपों पर चुप रहेंगे : खरगे

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत का आयात शुल्क लगाए जाने को लेकर बृहस्पतिवार को कहा कि भारत की ''सामरिक स्वायात्तता'' पर हमला किया गया है और मुख्य विपक्षी दल देश के साथ खड़ा है। उन्होंने यह सवाल भी किया कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन आरोपों पर चुप रहेंगे जो ट्रंप ने भारत के खिलाफ लगाए हैं? राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कटाक्ष करते हुए कहा, ''मोदी सरकार को 'पीआर' की चिंता के बजाय, देश की चिंता करनी चाहिए।'' खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''युद्धविराम को लेकर



ट्रंप के बयानों पर मोदी जी ने संसद में मौन व्रत धारण कर रखा था। अब ट्रंप ने भारत पर जो बेबुनियाद आरोप लगाए हैं, क्या उसपर भी मोदी चुप रहेंगे ?'' उन्होंने कहा, ''नरेन्द्र मोदी जी, देश सबसे पहले है और हम देश के साथ हैं।'' खरगे ने कहा, ''ट्रंप ने हमारे ऊपर 25 प्रतिशत शुल्क और जुर्माना थोपा है। इससे देश के व्यापार को नुक़सान होगा, एमएसएमई और किसान पर भी बुरा असर पड़ेगा। कई उद्योगों को भारी क्षति होगी।'' उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के मंत्री महीनों से अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर बात कर रहे हैं तथा कुछ तो कई दिनों तक वाशिंगटन में डेरा डाले बैठे रहे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कटाक्ष किया, ''आपके (मोदी) दोस्त नमस्ते ट्रंप और अबकी बार, ट्रंप सरकार ने आपकी दोस्ती का हमारे देश को ये सिला दिया? खरगे के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति ने शुल्क की वजह बताई है कि भारत रूस से तेल आयात कर रहा है और हथियार खरीदता है, भारत ब्रिक्स का सदस्य है और ब्रिक्स द्वारा अमेरिकी डॉलर पर हमला किया जा रहा है।

## ईवीएम जांच के लिए 10 पराजित उम्मीदवारों ने आवेदन किया, मशीनें त्रुटिरहित पाई गईं: आयोग

**नयी दिल्ली :** भारत निर्वाचन आयोग (ईसी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले साल महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में असफल रहे 10 उम्मीदवारों ने 'इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन' (ईवीएम) की जांच और सत्यापन के लिए आ-वेदन किया था, लेकिन ये मशीनें त्रुटिरहित पाई गईं। उम्मीदवारों ने ईवीएम (बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और पेपर ट्रेल मशीनों) की जांच और सत्यापन के लिए आवेदन किया था। निर्वाचन आयोग ने कहा कि जांच की कवायद 10 विधानसभा क्षेत्रों में की गई और सभी मामलों में मशीनें 'नैदानिक परीक्षण' में सफल रहीं और वीवीपैट पर्चियों की गिनती में कोई अंतर नहीं पाया गया। आयोग ने आगे कहा, ''यह कवायद एक बार फिर साबित करती है कि ईवीएम में छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है।'' यह परीक्षण 10 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के दौरान इस्तेमाल की गई 48 बैलेट यूनिट, 31 कंट्रोल यूनिट और 31 पेपर-ट्रेल मशीनों पर किया गया। निर्माता कंपनी (ईसीआईएल) के अधिकृत इंजीनियरों ने प्रमाणित किया कि सभी मशीनें 'डायग्नोस्टिक' (नैदानिक)परीक्षणों में सफल रहीं।

## 31 राज्यों के 4,543 अनाथ बच्चों को मिल रहा 'पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन' योजना का लाभ: आरटीआई

**नयी दिल्ली :** कोविड-19 वैश्विक महामारी में अपने माता-पिता या अभिभावकों को खोने वाले 31 राज्यों के 4,543 बच्चों को 'पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन' योजना के तहत लाभ प्रदान किया जा रहा है। 'पीटीआई-भाषा' द्वारा सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत दायर एक आवेदन में केंद्र सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने यह जानकारी मुहैया कराई है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन' योजना के तहत 9,300 से अधिक आवदन प्राप्त हुए थे। मंत्रालय ने बताया कि इस योजना का लाभ पाने वालों में



2,362 लड़के और 2,181 लड़कियां शामिल हैं। केंद्र सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने 31 मार्च, 2025 तक भारत में कोविड-19 से आधिकारिक तौर पर कुल 5,33,664 लोगों की मौत की पुष्टि की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 29 मई 2021 को 'पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन' योजना की शुरुआत की थी जिसका उद्देश्य महामारी से प्रभावित अनाथ बच्चों को दीर्घकालिक सहायता प्रदान करना था। योजना के तहत तीन मार्च, 2020 से पांच मई, 2023 के दौरान कोविड-19 महामारी के कारण अपने माता-पिता या कानूनी अभिभावक को खोने वाले बच्चे लाभ के पात्र थे। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से मिली जानकारी के मुताबिक, देश के 31 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 558 जिलों से प्राप्त आवेदनों में से 4,543 आवेदन को मंजूरी दी गयी। आरटीआई से मिली जानकारी के मुताबिक, सबसे ज्यादा मंजूर किये गये आवेदनों वाले राज्यों में महाराष्ट्र सबसे आगे रहा। महाराष्ट्र से 856, उत्तर प्रदेश से 467, मध्यप्रदेश से 435, तमिलनाडु से 426, आंध्र प्रदेश से 351, तेलंगाना से 257, कर्नाटक से 232, गुजरात से 227, राजस्थान से 210, दिल्ली से 153, केरल से 119, ओडिशा से 112 और छत्तीसगढ़ से प्राप्त 109 आ-वेदनों को मंजूरी दी गयी। इन राज्यों के अलावा हरियाणा से 99, बिहार से 83, पश्चिम बंगाल से 58, असम से 55, झारखंड से 49, उत्तराखंड से 44, पंजाब से 42, हिमाचल प्रदेश से 25 और मणिपुर से 21 आवेदनों को मंजूरी दी गयी।

### फिलीपीन के राष्ट्रपति भारत की यात्रा करेंगे, प्रधानमंत्री मोदी के साथ होगी द्विपक्षीय वार्ता

**नयी दिल्ली :** फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर मार्कोस जूनियर चार से आठ अगस्त तक भारत की यात्रा पर आएंगे। इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि मार्कोस राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि फिलीपीन के राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा है। राष्ट्रपति मार्कोस की आगामी राजकीय यात्रा भारत-फिलीपीन राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा दोनों नेताओं के लिए भविष्य के द्विपक्षीय सहयोग का मार्ग प्रशस्त करने और आपसी हित के क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करने का एक अवसर है।

## एअर इंडिया के दो विमानों ने तकनीकी समस्या के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान नहीं भरी

**नयी दिल्ली :** लंदन और अमृतसर जाने वाले एअर इंडिया के दो विमान तकनीकी समस्या के कारण बृहस्पतिवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान नहीं भर सके। सूत्रों ने यह जानकारी दी। लंदन के लिए उड़ान भरने वाला एअर इंडिया का बोइंग 787-9 विमान तकनीकी समस्या के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान नहीं भर सका। इसी तरह, अमृतसर जाने वाला एअर इंडिया का ए321 विमान भी तकनीकी समस्या के कारण राष्ट्रीय राजधानी से उड़ान नहीं भर सका। एयरलाइन के प्रवक्ता ने 'पीटीआई-भाषा' को एक बयान में बताया, ''31 जुलाई को दिल्ली से लंदन जाने वाली 'एआई2017' संदिग्ध तकनीकी समस्या के कारण उड़ान नहीं भर सकी। चालक दल के सदस्यों ने मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करते हुए उड़ान नहीं भरने का फैसला किया और विमान को एहतियाती जांच के लिए वापस लाया गया।'' एक सूत्र ने बताया कि उड़ान का संचालन बोइंग 787-9 विमान से किया जाना था। बयान में कहा गया है, ''यात्रियों को जल्द से जल्द लंदन ले जाने के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की जा रही है। हमारे कर्मचारी इस अप्रत्याशित देरी के कारण होने वाली असुविधा को कम करने के लिए यात्रियों को हर संभव सहायता और देखभाल प्रदान कर रहे हैं।'' हालांकि, एयरलाइन ने अमृतसर जाने वाली 'एआई461' उड़ान को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। दोनों उड़ानों में सवार यात्रियों की संख्या के बारे में विवरण तुरंत पता नहीं चल सका। हाल के हफ्तों में, एअर इंडिया के विमानों से जुड़े कई मुद्दे सामने आए हैं और एयरलाइन, खासकर विमान दुर्घटना के बाद, नियामकीय जांच के दायरे में भी आ गई है।

# नायर का अर्धशतक, पहले दिन भारत के छह विकेट पर 204 रन



**लंदन :** पांचवें और आखिरी टेस्ट के पहले दिन भारत ने करुण नायर के अर्धशतक की मदद से छह विकेट पर 204 रन बना लिए। बारिश के कारण पहले दिन केवल 64 ओवर का खेल संभव हो सका।करुण नायर ने 98 गेंदों पर नाबाद 52 रन बनाए और वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 19) के साथ सातवें विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी की। इससे पहले भारत की शुरुआत खराब रही और टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए।भारत के लिए साई सुदर्शन ने 38, शुभमन गिल ने 21, केएल राहुल ने 14 और ध्रुव जुरेल ने 19 रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से गस एटकिंसन और जोश टंग ने दो-दो विकेट लिए। शुभमन गिल ने इस टेस्ट के साथ ही एक टेस्ट श्रृंखला में सर्वाधिक रन (743) बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बनने का रिकॉर्ड भी बनाया। उन्होंने सुनील गावस्कर (732 रन, 1978-79) का रिकॉर्ड तोड़ा।भारत ने इस मैच में चार बदलाव किए। जसप्रीत बुमराह, शारदुल ठाकुर, अंशुल कंबोज और ऋषभ पंत की जगह करुण नायर, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप और ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल किया गया।इंग्लैंड ने भी चोट के कारण बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर सहित चार बदलाव किए। टॉस जीतकर इंग्लैंड ने गेंदबाज़ी चुनी और घास से भरी पिच पर शुरुआत से ही भारतीय बल्लेबाजों को मुश्किल में डाला। दिन का खेल बारिश से बाधित रहा और कई बार खेल रोका गया।

## बस अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही थी : ग्रैंडमास्टर दिव्या



**नागपुर :** ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने कहा है कि हमवतन कोनेरू हम्पी के खिलाफ फिडे महिला विश्व कप फाइनल खेलते समय उन पर किसी भी तरह का दबाव नहीं था क्योंकि उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं था। दिव्या बुधवार को जॉर्जिया के बातुमी से यहां पहुंचीं और एक विश्व चैंपियन के तौर पर उनका भव्य स्वागत किया गया। हवाई अड्डे पर लोगों द्वारा दिखाए गए स्नेह से यह युवा खिलाड़ी अभिभूत थी। उन्नीस साल की दिव्या ने दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन 38 वर्षीय हम्पी को दो क्लासिकल दौर के ड्रॉ रहने के बाद समय-नियंत्रित टाई-ब्रेक में हराया। यह दिव्या के करियर की सबसे बड़ी सफलता रही। दिव्या से जब पूछा गया कि क्या वह फाइनल में दबाव में थीं तो उन्होंने 'पीटीआई वीडियोज' से कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं मुश्किल में थी। मुझे लगता है कि उन्होंने (हम्पी) जो आखिरी गलती की, उसी ने मुझे जीत दिलाई।' उन्होंने कहा, 'मैं सिर्फ अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही थी। मैं किसी और चीज के बारे में नहीं सोच रही थी।' दिव्या ने इस प्रतियोगिता में एक छुपीरूस्तम के तौर पर प्रवेश किया था और उनका लक्ष्य ग्रैंडमास्टर नॉर्म जीतने का था और आखिरकार वह ग्रैंडमास्टर बन गईं। दिव्या ने सिर्फ ग्रैंडमास्टर नॉर्म ही नहीं हासिल किया बल्कि टूर्नामेंट भी जीत लिया और अगले साल के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी जगह पक्की की। साथ ही 50,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि भी हासिल की। इस खिलाड़ी को उम्मीद है कि उनकी सफलता के बाद भारत में महिला शतरंज काफी लोकप्रिय होगा। उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि इस सफलता के बाद महिलाएं विशेषकर युवा खिलाड़ी इस खेल को बड़े पैमाने पर अपनाएंगी और सपना देखना शुरू करेंगी कि कुछ भी असंभव नहीं है।'

## गिल ने गावस्कर को पछाड़ा



**लंदन :** कप्तान शुभमन गिल बृहस्पतिवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें क्रिकेट टेस्ट के वर्षा से प्रभावित पहले दिन महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर को पछाड़कर एक टेस्ट श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने। गिल मौजूदा श्रृंखला में अब तक 743 रन बना चुके हैं और उन्होंने गावस्कर को पछाड़ा जिन्होंने 1978-79 की टेस्ट श्रृंखला में वेस्टइंडीज के खिलाफ 732 रन बनाए थे। गिल को पांचवें टेस्ट से पूर्व गावस्कर के 47 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए सिर्फ 11 रन की दरकार थी। भारतीय कप्तान ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन की गेंद को कवर क्षेत्र में चौके के लिए खेलकर यह उपलब्धि हासिल की। भारतीय कप्तान हालांकि अपनी पारी को अधिक लंबा नहीं खींच पाए और 21 रन बनाने के बाद तेज गेंदबाज गस एटकिंसन की गेंद पर गैरजरूरी रन लेने की कोशिश में रन आउट हो गए। गिल ने मौजूदा श्रृंखला के एजबेस्टन में खेले गए दूसरे टेस्ट में 269 रन की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी भी खेली थी।

## तरूण, लक्ष्य सेन मकाऊ ओपन क्वार्टर फाइनल में



**मकाऊ :** भारत के तरूण मन्नेपल्ली शीर्ष वरीयता प्राप्त हांगकांग के ली चियुक यू को हराकर मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जबकि लक्ष्य सेन ने भी अंतिम आठ में जगह बनाई। तरूण ने दुनिया के 15वीं रैंकिंग वाले ली को 19-21, 21-14, 22-40 से हराया। इससे पहले वह फरवरी में जर्मन ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंचे थे। अब उनका सामना चीन के हू झे अन से होगा। राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन लक्ष्य सेन ने इंडोनेशिया के चिको औरा द्वि वार्डोयो को 21-14, 14-21, 21-17 से मात दी। वहीं आयुष शेट्टी को मलेशिया के जस्टिन होह ने 21-18, 21-16 से हरा दिया। महिला एकल में रक्षिता रामराज को थाईलैंड की बुसानन आंगबामरूंगफान ने 14-21, 21-10, 21-10 से मात दी। मिश्रित युगल में पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो को मलेशिया के जिम्मी वोंग और लेइ पेइ जिंग ने 19-21, 21-13, 21-18 से हराया। पुरूष युगल में पृथ्वी रॉय और के साइ प्रतीक को मलेशिया के चौथी वरीयता प्राप्त जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप ने 21-18, 21-18 से मात दी।

## भारतीय पहलवान रचना और अश्विनी अंडर-17 विश्व चैंपियन, मोनी उपविजेता

**एथेंस :** भारतीय पहलवान रचना (43 किग्रा) और अश्विनी विश्नोई (65 किग्रा) बृहस्पतिवार को अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप में चैंपियन बनीं जबकि मोनी महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक से चूक गईं। रचना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में चीन की शिन हुआंग को 3-0 से हराया जबकि अश्विनी ने उज्बेकिस्तान की मुखय्यो राखिमजोनोवा को इसी अंतर से मात दी। मोनी को कजाकिस्तान की मदखिया उस्मानोवा के खिलाफ कड़े मुकाबले में 5-6 से मिली हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

## न्यूजीलैंड ने पहली पारी में बढ़त हासिल की, जिम्बाब्वे के दो विकेट पर 31 रन



**बुलावायो (जिम्बाब्वे):** डेवोन कॉनवे और डेरिल मिचेल बृहस्पतिवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शतक से चूक गए लेकिन न्यूजीलैंड ने शिकंजा कसे रखा। कॉनवे ने 88 रन बनाए और मिचेल 80 रन पर आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज रहे जिससे न्यूजीलैंड की टीम पहली पारी में 307 रन पर सिमट गई। न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाजों ने इसके बाद बेन कुरेन (11) और ब्रायन बेनेट (18) को आउट करके स्टंप तक जिम्बाब्वे का स्कोर दो विकेट पर 31 रन कर दिया। जिम्बाब्वे अब भी 127 रन से पीछे है। जिम्बाब्वे पहली पारी में 149 रन पर सिमट गया था। तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजारबानी जिम्बाब्वे के सबसे बेहतरीन गेंदबाज रहे जिन्होंने 73 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि तनाका चिवांगा ने 51 रन देकर दो विकेट चटकाए। बाद में मिचेल ने पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ मिलकर अच्छी बल्लेबाजी की और न्यूज़ीलैंड को बढ़त दिला दी। नौवें नंबर के बल्लेबाज नाथन स्मिथ पेट में चोट के कारण 22 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए। इससे पहले मुजारबानी ने पहली ही गेंद पर विल यंग (41) को आउट कर दिया। इसके बाद हेनरी निकोल्स (34) और कॉनवे ने 66 रनों की साझेदारी की। दिसंबर 2023 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे निकोल्स ने 27 रन पूरे करते ही 3,000 टेस्ट रन पूरे कर लिए, लेकिन मुजारबानी की गेंद पर विकेट गंवा बैठे। रचिन रविंद्र (02) भी जल्दी आउट हो गए।

## कुलदीप को लॉर्ड्स और मैनचेस्टर में खेलना चाहिए था: सौरव गांगुली



**कोलकाता :** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि कुलदीप यादव को लॉर्ड्स और मैनचेस्टर में नहीं खिलाकर भारत बड़े मौके से चूक गया क्योंकि टेस्ट मैच के आखिरी दो दिन यह स्पिनर अहम भूमिका निभा सकता था। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप को इंग्लैंड के खिलाफ चल रही पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला। गांगुली ने बृहस्पतिवार को यहां संवाददाताओं से कहा, 'काश कुलदीप मैनचेस्टर में, लॉर्ड्स में और बर्मिंघम में भी खेलते क्योंकि बेहतरीन स्पिन गेंदबाजी के बिना टेस्ट के चौथे और पांचवें दिन टीमों को आउट करना मुश्किल होता।' गांगुली ने मैनचेस्टर में हुए चौथे टेस्ट का उदाहरण दिया जहां भारत के निचले मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने इंग्लैंड के गेंदबाजों को निराश किया और पांचवें दिन की पिच पर 143 ओवर खेलकर मैच ड्रॉ करा दिया। उन्होंने कहा, 'आपने देखा कि इंग्लैंड के साथ क्या हुआ जब भारत ने एक ऐसी पिच पर बल्लेबाजी की जो थोड़ी टूट चुकी थी और थोड़ा टर्न भी मिल रहा था लेकिन एक भी अच्छा स्पिनर नहीं था इसलिए इंग्लैंड 20 विकेट नहीं ले सका।' गांगुली ने कहा, 'अतीत में महान टीमों के पास बेहतरीन स्पिनर होते थे, चाहे वह शेन वॉर्न हों, मुरलीधरन हों, इंग्लैंड के ग्रीम स्वान हों, मोंटी पनेसर हों, भारत के अनिल कुंबले हों, हरभजन सिंह हों या रविचंद्रन अश्विन हों। इसलिए मुझे लगता है कि कुलदीप ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें भारत भविष्य में खिलाने पर विचार करता रहेगा।'

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को एशेज में दर्शकों का नया रिकॉर्ड बनने की उम्मीद

**मेलबर्न :** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही टेस्ट श्रृंखला में रोमांचक मुकाबलों का आगामी एशेज श्रृंखला पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और उन्हें इसमें रिकॉर्ड संख्या में दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज श्रृंखला नवंबर में शुरू होगी। ग्रीनबर्ग को उम्मीद है कि एशेज में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) 2024-25 के दौरान 837,879 कुल दर्शकों की संख्या को पार कर जाएगी। ग्रीनबर्ग ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा, ''यह शानदार है। एक प्रशंसक के तौर पर यह क्रिकेट (एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही श्रृंखला) देखने लायक है।

## लिस्टन के दो गोल, 10 खिलाड़ियों के बावजूद मोहन बागान ने मोहम्मडन को 3-1 से हराया



**कोलकाता :** लिस्टन कोलाको के दो गोल की मदद से 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने वाली मोहन बागान सुपर जायंट ने बृहस्पतिवार को साल्ट लेक स्टेडियम में मोहम्मडन स्पोर्टिंग को 3-1 से हराकर डूरंड कप में अपने अभियान की शुरुआत की। अपुइया को सीधे रेड कार्ड मिलने के बाद मोहन बागान की टीम 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही थी। लेकिन इसके बावजूद रिकॉर्ड 17 बार के चैंपियन मोहन बागान ने लिस्टन कोलाको (23वें, 90+5वें मिनट) के दो गोल और युवा कश्मीरी स्ट्राइकर सुहैल भट (63वें मिनट) के एक गोल की बदौलत दबदबा बनाकर जीत दर्ज की।



# मंत्रिमंडल ने पीएमकेएसवाई के लिए बजटीय आवंटन बढ़ाकर 6,520 करोड़ रुपये किया



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के लिए बजटीय परिव्यय 1,920 करोड़ रुपये बढ़ाकर 6,520 करोड़ रुपये करने की मंजूरी दे दी। चालू वित्त वर्ष (2025-26) में प्रदान की जाने वाली बढ़ी हुई धनराशि का उपयोग 50 बहु-उत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयों और 100 खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं के लिए किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया, पीएमकेएसवाई का परिव्यय बढ़ाकर 6,520 करोड़ रुपये कर दिया गया है। साल 2017 में शुरू पीएमकेएसवाई को 4,600 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ चालू वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक एक और वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। बृहस्पतिवार को, मंत्रिमंडल ने 2024-25 के बजट में 50 बहु-उत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयों और 100 खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना की घोषणा को लागू करने के लिए आवंटन में 1,920 करोड़ रुपये की वृद्धि करने का निर्णय लिया। इसमें से लगभग 1,000 करोड़ रुपये का उपयोग पीएमकेएसवाई की घटक योजना आईसीसीवीएआई (एकीकृत कोल्ड चेन और मूल्य संवर्धन अवसंरचना) के तहत 50 बहु-उत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयों और घटक योजना एफएसक्यूएआई (खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता आश्वासन अवसंरचना) के तहत 100 प्रयोगशालाओं की स्थापना के लिए किया जाएगा। पंद्रहवें वित्त आयोग चक्र (2021-22 से 2025-26) के दौरान पीएमकेएसवाई की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत परियोजनाओं को मंजूरी देने के लिए लगभग 920 करोड़ रुपये का उपयोग किया जाएगा। आईसीसीवीएआई और एफएसक्यूएआई, दोनों ही पीएमकेएसवाई की मांग-आधारित योजनाएं हैं। एक अलग बयान में, सरकार ने कहा कि देश भर की पात्र इकाइयों से प्रस्ताव आमंत्रित करने के लिए रुचि पत्र (ईओआई) जारी किए जाएंगे। रुचि पत्र के अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावों को मौजूदा योजना दिशानिर्देशों के तहत पात्रता मानदंडों के अनुसार उचित जांच के बाद अनुमोदित किया जाएगा। प्रस्तावित 50 बहु-उत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयों के कार्यान्वयन से सालाना 20 से 30 लाख टन तक की कुल परिरक्षण क्षमता सृजित होने की उम्मीद है, जो इन इकाइयों के अंतर्गत विकिरणित किए जाने वाले खाद्य उत्पादों के प्रकार पर आधारित होगी। निजी क्षेत्र में प्रस्तावित 100 एनएबीएल-मान्यता प्राप्त खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना से खाद्य नमूनों के परीक्षण के लिए उन्नत बुनियादी ढांचे का विकास होगा, जिससे खाद्य सुरक्षा मानकों का अनुपालन और सुरक्षित खाद्य आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

## मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के लिए 2,000 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) को चार साल के लिए 2,000 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता को मंजूरी दी। इस कदम से संगठन को कर्ज देने के लिए और अधिक कोष जुटाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2025-26 से 2028-29 तक चार वर्षों की अवधि (प्रत्येक वर्ष 500 करोड़ रुपये) के लिए 2,000 करोड़ रुपये के व्यय के साथ केंद्रीय योजना 'एनसीडीसी को सहायता अनुदान' को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मंत्रिमंडल के इस फैसले से सहकारी संस्थाओं को नई परियोजनाएं शुरू करने और विस्तार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस कदम से सहकारी समितियों से जुड़े लाखों सदस्यों को लाभ होगा, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी और युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। एक बयान के अनुसार, इस निर्णय से डेयरी, पशुधन, मत्स्य पालन, चीनी, कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण, भंडारण और शीत भंडारण जैसे विभिन्न क्षेत्रों की 13,288 सहकारी समितियों के लगभग 2.9 करोड़ सदस्यों को लाभ होने की संभावना है।

## न्यूज अपडेट

### सोना 500 रुपये टूटा, चांदी में 2,000 रुपये की गिरावट

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 500 रुपये टूटकर 98,020 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। रुपये में मजबूती के कारण कीमती धातु की कीमत पर अंकुश लगा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 98,520 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 400 रुपये टूटकर 97,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। पिछले सत्र में यह 650 रुपये बढ़कर 98,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा, बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतें 2,000 रुपये टूटकर 1,12,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रहीं। बुधवार को यह 1,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### रुपया सर्वकालिक निचले स्तर से उबरा, 15 पैसे के सुधार के साथ 87.65 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबर गया और 15 पैसे सुधरकर 87.65 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिका के भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने तथा रूसी कच्चा तेल एवं हथियार खरीदने पर जुर्माना लगाने के बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हस्तक्षेप की आशंका के बीच रुपया संभला है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि तीन साल से अधिक समय में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट यानी 89 पैसे टूटने के बाद रुपये ने कुछ हद तक वापसी की है लेकिन यह अब भी नकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहा है।

### व्यापार वार्ता में भारत के रवैये से राष्ट्रपति, समूची वार्ताकार टीम निराश: अमेरिकी वित्त मंत्री

**न्यूयॉर्क :** अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत के साथ चल रही व्यापार वार्ताओं को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और समूची व्यापार वार्ता टीम 'निराश' हुई है। बेसेंट की यह टिप्पणी ट्रंप की तरफ से भारतीय उत्पादों पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत सीमा शुल्क के अलावा जुर्माना लगाने की घोषणा के एक दिन बाद आई है। इसके बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर जारी वार्ता पर भी असमंजस की स्थिति बन गई है। दोनों देश व्यापार समझौते को लेकर कई दौर की बातचीत कर चुके हैं। अमेरिकी वित्त मंत्री ने 'सीएनबीसी' को दिए साक्षात्कार में कहा, मुझे नहीं पता कि आगे क्या होगा। यह भारत पर निर्भर करता है। भारत बातचीत के लिए जल्दी आया था लेकिन उसने चीजों को धीमा कर दिया। राष्ट्रपति और पूरी व्यापार टीम इस रवैये से निराश हुई है।

### अबतक मंजूर सेमीकंडक्टर परियोजनाओं से सालाना 24 अरब से अधिक चिप का होगा उत्पादन

**नयी दिल्ली :** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अब तक स्वीकृत सेमीकंडक्टर परियोजनाओं से प्रति वर्ष 24 अरब से अधिक चिप का उत्पादन होगा। इसके अलावा कई अन्य परियोजनाओं पर भी काम जारी है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव और भारत सेमीकंडक्टर मिशन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमितेश सिन्हा ने जर्मनी की शोध संस्था फ्रौनहोफर-गेसेलशाफ्ट के एक कार्यक्रम में कहा कि सरकार ने छह परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनमें टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा एक वेफर फैब्रिकेशन संयंत्र और पांच पैकेजिंग इकाइयां शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'टाटा फैब प्रति माह 50,000 वेफर्स का उत्पादन करेगी। अन्य पांच पैकेजिंग इकाइयां हर साल 24 अरब चिप का उत्पादन करेंगी। कई और प्रस्तावों का मूल्यांकन किया जा रहा है।' सिन्हा ने कहा कि भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण देश बनने जा रहा है।

## भारत तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक बना: प्रल्हाद जोशी



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत सौर ऊर्जा उत्पादन में जापान को पीछे छोड़कर तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। केंद्रीय मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी (आईआरईएनए) के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि भारत ने 1,08,494 गीगावाट घंटा सौर ऊर्जा का उत्पादन किया है, जबकि जापान ने 96,459 गीगावाट घंटा सौर ऊर्जा का उत्पादन किया है। आईआरईएनए ऊर्जा बदलाव के लिए एक वैश्विक एजेंसी है जो अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए एक मंच के रूप में कार्य करती है, देशों को उनके ऊर्जा बदलाव में सहायता करती है, तथा प्रौद्योगिकी, नवाचार, नीति, वित्त और निवेश पर आंकड़े और विश्लेषण प्रदान करती है। जोशी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि भारत ने सौर ऊर्जा उत्पादन में जापान को पीछे छोड़ दिया है और 1,08,494 गीगावाट घंटा का उत्पादन किया है, जबकि जापान का उत्पादन 96,459 गीगावाट घंटा है।

## अमेरिकी शुल्क की चिंता में शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 296 अंक लुढ़का, निफ्टी भी नुकसान में

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में दो दिन से जारी तेजी पर बृहस्पतिवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 296 अंक लुढ़क गया। वहीं एनएसई निफ्टी में 87 अंक की गिरावट आई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत से आयातित वस्तुओं पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क और रूस से कच्चे तेल एवं सैन्य उपकरण खरीदने को लेकर 'जुर्माना' लगाने की घोषणा के बाद शेयर बाजार में गिरावट रही। कारोबारियों ने कहा कि कमजोर शुरुआत के बावजूद बाजार में तेजी से सुधार हुआ। लेकिन कारोबारी सत्र के अंत में बिकवाली दबाव देखने को मिला। कुछ प्रमुख कंपनियों के शेयरों में खरीदारी ने बड़ी गिरावट को थामने में मदद की। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स दोपहर के कारोबार में थोड़ा सुधरा और अंत में 296.28 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,185.58 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में यह 786.71 अंक तक लुढ़क गया था। बीएसई में सूचीबद्ध 2,418 शेयरों में गिरावट रही जबकि 1,598 शेयर बढ़त में रहे। वहीं 137 शेयर के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 86.70 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,768.35 अंक पर बंद हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'ताजा शुल्क की घोषणा से बाजार में शुरुआत बड़ी गिरावट के साथ हुई।

## उद्योग जगत को बैंक ऋण की वृद्धि दर जून तिमाही में 5.5 प्रतिशत पर खिसकी: आरबीआई



**मुंबई :** उद्योग जगत को बैंकों से दिए जाने वाले ऋण की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में घटकर 5.5 प्रतिशत रह गई जो पिछले साल की समान अवधि में 7.7 प्रतिशत थी। बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि गैर-खाद्य बैंक ऋण में सालाना आधार पर 10.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि यह आंकड़ा पिछले साल 13.8 प्रतिशत था। ये आंकड़े 27 जून, 2025 को समाप्त पखवाड़े तक के हैं। देश के 41 चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से आंकड़े संकलित किए गए हैं, जो कुल गैर-खाद्य ऋण का लगभग 95 प्रतिशत हिस्सा देते हैं। रिजर्व बैंक ने कहा कि जून तिमाही में सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्योगों को बैंक ऋण की वृद्धि बनी रही। सभी तरह की इंजीनियरिंग, निर्माण और कपड़ा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में ऋण वृद्धि दर तेज रही। हालांकि, कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए बैंक ऋण वृद्धि नरम पड़कर 6.8 प्रतिशत रह गई, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 17.4 प्रतिशत थी।

वर्ष 10, पूर्णांक 3314 अंक 124, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in